


पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025 | वर्ष – 34 | अंक – 358 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 रु






देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा प्रधानमंत्री को चुनाव की चिंता : दीपंकर पृष्ठ 3

■ राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बन गई है टीवी पत्रकारिता
■ अमेरिका से व्यापार समझौते करने वाले देशों को चीन की चेतावनी पृष्ठ 4

■ भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है : स्कॉट बेसेंट पृष्ठ 9


वैभव ने एक साथ ध्वस्त किए कई रिकॉर्ड पृष्ठ 10


# कश्मीर घाटी के 50 पर्यटक स्थल बंद

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रशासन ने किया कड़ा फैसला, श्रीनगर आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। इसे आने वाले तूफान की धमक समझा जाए या फिर कोई भयानक खतरा कि प्रदेश सरकार ने पहलगाम नरसंहार में सुरक्षा खामियों पर पर्दा डालने की गरज से कई टूरिस्ट स्पाटों, झरनों, उद्यानों, रेस्तरां और होटलों पर गाज गिराते हुए उनमं पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लागू कर दिया है। हालांकि इसके प्रति कोई सरकारी आदेश जारी नहीं हुआ है पर इनके दरवाजे टूरिस्टों के लिए बंद कर दिए गए हैं। ऐसा करने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया है। बताया जाता है कि प्रदेश सरकार ने बिना किसी औपचारिक आदेश के आज से कश्मीर में पर्यटकों के लिए 87 पर्यटन स्थलों में से 50 को बंद कर दिया, जबकि श्रीनगर हवाई अड्डे पर आने वाले पर्यटकों की संख्या ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



**सूची में ये नाम हैं शामिल**–यूसमर्ग, तौसा मैदान, डूडपथरी, अहरबल, कौसरनाग, बंगस, करिवान डाइवर चंडीगाम, बंगस वैली, वुलर–वटलब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहर, मुंडिज–हमाम–मरकूट झरना, खाम्पू, बोस्निया, विजीटाप, सूर्य मंदिर, वेरिनाग गार्डन, सिंथन टाप, मार्गनटाप, अकाड पार्क, हब्बा खातून पाइंट, बाबा रेशी दरगाह, रिंगावली, गोगलदारा, बदरकोट, श्रुंज झरना, कमान पोस्ट, नंबलान झरना, इको पार्क खडनियार, संगरवानी, जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजौरी कदल होटल कनाज, आली कदल जेजे फूड रेस्तरां, आइवरी होटल, पदशापाल रिसार्ट्स और रेस्तरां, चेरी ट्री रिसार्ट (फकीर गुजरी), नार्थ क्लिफ कैफे और स्टे पैटर्न द्वारा रिट्रीट, फारेस्ट हिल काटेज, इको विलेज रिसार्ट (दारा), अस्तानमार्ग दृश्य प्वाइंट, अस्तनमर्ग पैराग्लाइडिंग, ममनेथ और महादेव हिल्स, बौद्ध मठ, दाचीगाम – ट्राउट फार्म / मत्स्य पालन फार्म से परे, अस्तनपोरा (विशेष रूप से कायम गाह रिसार्ट, लछपत्री, हंग पार्क और नारानाग।

## जम्मू-कश्मीर की सीमाओं पर तनाव जारी

**जम्मू**। भारतीय सेना ने मंगलवार को कहा कि उसके जवानों ने लगातार पांचवीं रात नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से ष्बिना उकसावेष् की गोलीबारी का जवाब दिया, क्योंकि पिछले सप्ताह पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घातक हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी थी। अब पाक गोलीबारी का दायरा जम्मू सेक्ष्टर में भी बढ़ गया है। पाक सेना ने पुंछ के बाद अब अखनूर में भी गोलीबारी की है। यह संघर्ष विराम उल्लंघन 28–29 अप्रैल की रात को भी हुआ, जिसमें पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के विपरीत इलाकों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाब दिया, हालांकि भारतीय पक्ष में तत्काल कोई हताहत या महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई। भारतीय सेना ने कहा कि आगे की स्थिति को रोकने के लिए नियंत्रण रेखा पर हाई अलर्ट जारी है। इस बीच प्राप्त विवरण के अनुसार, सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच, जम्मू के पुंछ, राजौरी व कठुआ व सांबा क्षेत्रों में किसानों ने समय से पहले अपनी फसलों की कटाई शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों को मकई तथा गेहूं की कटाई के लिए एक साथ काम करते देखा गया, संभवतः क्षेत्र में चल रही सुरक्षा स्थिति के कारण अनिश्चितता के जवाब में।

**पाकिस्तानी सेना ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन**

**भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई की**

# यूपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक लाख की मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**रायपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के यूपीएससी मेंस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले प्रतिभागियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है। राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। यह ऐतिहासिक फैसला मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर लिया गया है, जिसके तहत नगरीय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर इसको महापौर सम्मान राशि निधि के अंतर्गत शामिल किया है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह घोषणा को यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणादायी कदम है, जो राज्य में यूपीएससी परीक्षा को लेकर प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धी वातावरण को बढ़ावा देगा।

यूपीएससी 2024 में छत्तीसगढ़ के 5 अभ्यर्थियों की शानदार उपलब्धि

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम 22 अप्रैल 2025 को घोषित किए, जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच अभ्यर्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। इन अभ्यर्थियों के नाम और उनकी रैंक इस प्रकार है – पूर्वा अग्रवाल (रायपुर) – 65वीं रैंक, अर्पण चोपड़ा (मुंगेली) – 313वीं रैंक, मानसी जैन (जगदलपुर) – 444वीं रैंक, केशव गर्ग (अंबिकापुर) – 496वीं रैंक, शची जायसवाल – 654वीं रैंक। इन अभ्यर्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से न केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल की, बल्कि छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

**मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवा प्रतिभाशाली और मेहनती हैं। यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर हमारे युवाओं ने साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से वे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकते हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के अनुसार, यह प्रोत्साहन राशि नगर निगमों के तहत संचालित महापौर सम्मान राशि निधि से प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत यूपीएससी की मुख्य परीक्षा पास करने वाले सभी पात्र अभ्यर्थियों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का एक्स अकाउंट किया ब्लॉक

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट ब्लॉक कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब आसिफ के सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए जाने के बाद पाकिस्तान की भूमिका 'वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धूर्त देश' के रूप में उजागर हो गई है।

### भारत का लड़ाकू विमान गिराने का दावा झूठा : सरकार

**नई दिल्ली**। भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान को गिराये जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है।

### भाजपा ने कांग्रेस को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहा

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसकी सोच पाकिस्तान जैसी है और उसे 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहना गलत नहीं होगा। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक हैंडल द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर किए गए 'गायब' वाले पोस्ट पर जमकर आलोचना की।

### महिलाओं को 2500 रुपए महीना वाली गारंटी भी जुमला : आप

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि महिलाओं को 25 रुपए प्रति महीना देने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर किया गया वादा भी जुमला निकला। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने से पहले चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि भाजपा की सरकार बनने के पश्चात हर महिला को 25 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में दिया जाएगा।

# पाक सेना का पूर्व कमांडो हासिम मूसा पहलगाम हमले का मास्टर माइंड !

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में खुफिया एजेंसियों को एक बड़ी जानकारी हाथ लगी है। इस हमले में शामिल एक आतंकी आतंकवादी हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान है, जो पाकिस्तान सेना के स्पेशल फोर्सेज का पूर्व पैरा कमांडो है, अब लश्कर–ए–तैयबा के साथ काम कर रहा है। जांच से पता चला है कि उसे गैर कश्मीरी लोगों और सुरक्षाबलों पर हमले करने के लिए जम्मू–कश्मीर भेजा गया था। गृहमंत्रालय सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने बड़ी जानकारी हासिल की है। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि



■ **लश्कर के लिए काम कर रहे मूसा को खास ऑपरेशन के लिए भेजा गया था कश्मीर**

हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान का पूर्व एसएसजी कमांडर हाशिम मूसा है। मूसा अभी लश्कर–ए–तैयबा के लिए काम कर रहा है। इस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मोदी ने सेना को दी खुली छूट-टारगेट, समय और तरीका तय करे सेना

नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश आतंकियों के आका पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग कर रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के अध्यक्ष के साथ हाई लेवल मीटिंग की। इसमें सीडीएस अनिल चौहान और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

सूत्रों के मुताबिक करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी जवाबी कार्रवाई का तरीका क्या हो, इसके टार्गेट्स कौन से हों और इसका समय क्या हो, इस प्रकार के ऑपरेशनल निर्णय लेने के लिए सैन्य बलों को खुली छूट है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का निधन

**सक्ती**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। सक्ती रियासत के राजा और पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का आज 29 अप्रैल मंगलवार को 83 वर्ष की उम्र मे निधन हो गया। उन्होंने सक्ती स्थित हरी गुजर महल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और महल में ही रहकर इलाज करवा रहे थे। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ना केवल अविभाजित मध्यप्रदेश में राजनीति का हिस्सा रहे, बल्कि सक्ती रियासत के राजा के रूप में भी लोकप्रिय थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में भी लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सक्ती क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक और शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना और संचालन में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



**आरजी कर मामला**

# 'अब भारतीय न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं रहा'

## पीड़िता के पिता ने सीबीआई पर लगाए गंभीर आरोप

**कोलकाता**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। आरजी कर मामले में अब पीड़िता के पिता ने मंगलवार को सीबीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने कोलकाता हाई कोर्ट और सियालदह जिला कोर्ट में दो अलग–अलग रिपोर्टें पेश की हैं। उन्होंने कहा कि हम आज हाई कोर्ट में बताएंगे कि सीबीआई दो अलग–अलग स्टेटस रिपोर्ट पेश कर रही है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट के जज भी रिपोर्ट की गंभीरता को देखकर हैरान थे। हमें सीबीआई पर भरोसा था, लेकिन अब उम्मीद खत्म हो रही है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त 2024 को एक 31 वर्षीय महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था और व्यापक प्रदर्शन हुए थे। जांच पहले स्थानीय पुलिस कर रही थी, लेकिन कोलकाता हाई कोर्ट ने पुलिस की जांच से असंतोष जताते हुए यह मामला सीबीआई को सौंपा था।

पीड़िता के पिता ने आगे भारतीय न्याय व्यवस्था को लेकर दुख जताते हुए कहा कि अब मुझे भारतीय न्याय व्यवस्था पर कोई भरोसा नहीं रहा। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि सीबीआई को असली गुनहगारों की जानकारी है, लेकिन वह सच छुपा रही है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को पता है कि मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या किसने की, लेकिन सीबीआई जानकारी छुपा रही है। अपने बयान में पीड़िता के पिता ने यह भी आशंका जताई कि किसी ने उनकी बेटी के फोन तक अवैध पहुंच बनाई है।

# कनाडा चुनाव : लिबरल पार्टी की चौथी बार सत्ता में वापसी

**ओटावा**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा की लिबरल पार्टी ने चौथी बार सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में मिली यह जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है क्योंकि साल की शुरुआत में पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर मानी जा रही थी। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने हार कबूल कर ली और मंगलवार की सुबह कार्नी को बधाई देते हुए उनकी जीत की पुष्टि की। जीत की घोषणा करते हुए कार्नी ने कहा, हम अपने महान देश के लिए एक स्वतंत्र भविष्य का निर्माण करेंगे। हालांकि खबर लिखे जाने तक कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लिबरल पार्टी 146 सीटें जीत चुकी है जबकि 22 पर वह आगे चल रही है। इस तरह से वह 168 सीट जीत सकती हैं। अभी यह साफ नहीं है कि लिबरल पार्टी बहुमत हासिल करेगी या नहीं। बहुमत का जादुई आंकड़ा 172 है। 343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी ने पिछली बार 152 सीटें थीं। कंजर्वेटिव पार्टी ने 128 सीटें जीती हैं जबकि 16 पर वह आगे चल रही है।

कनाडा की राजनीति में कभी किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले जगमीत सिंह संसद का चुनाव हार गए हैं और उनकी पार्टी को भी करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। खालिस्तान समर्थक सिंह, को पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रुख के लिए जिम्मेदार कारणों में से एक माना जाता है। ट्रूडो अपनी अल्पमत सरकार को सत्ता में बनाए रखने के लिए उन पर निर्भर थे। अब, सिंह व्यक्तिगत रूप से पराजित हो चुके हैं, उनकी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (एनडीपी) अप्रासंगिक हो गई है।

# दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को नियमित करने हाईकोर्ट का आदेश

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने राज्य के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र में दो दशकों से दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारी को राहत देते हुए उसकी सेवाओं को नियमित करने का आदेश दिया। इस संदर्भ में दायर याचिका स्वीकार कर कोर्ट ने कर्मचारी के मामले और अभिलेखों का उचित मूल्यांकन करने का आदेश दिया है।

जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की एकल पीठ ने सुनवाई के बाद कहा कि– मामले के तथ्यों और परिस्थितियों तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए याचिका स्वीकार की जाती है। प्रतिवादी अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अन्य समान स्थिति वाले कर्मचारियों के अभिलेखों का निरीक्षण करें, जब उनकी सेवाओं को नियमित किया गया। यदि याचिकाकर्ता का मामला भी उन दैनिक वेतन भोगियों के समान पाया जाता है, जिनकी सेवाएं नियमित की गई थीं तो उसकी सेवाओं को भी उसी तिथि से नियमित किया जाए। याचिकाकर्ता जगन्नाथ दो दशक से अधिक समय से दैनिक वेतनभोगी के रूप में औषधालय सेवक के पद पर काम कर रहा है। उसके पास स्थायी पद के लिए सभी आवश्यक योग्यताएं हैं। उसने औषधालय सेवक के पद पर नियमित नियुक्ति के लिए विचार करने को प्रतिवादी अधिकारियों को अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया। याचिकाकर्ता ने मुख्य रूप से तर्क दिया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने 5 मार्च 2008 के सर्कुलर के आधार पर समान स्थिति वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित किया।



■ **दो दशक से अधिक समय से दैनिक वेतनभोगी को**

इस प्रकार याचिकाकर्ता को सेवा के नियमितीकरण से वंचित करना न केवल अवैध, मनमाना और भेदभावपूर्ण प्रकृति का था बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी था। सिंगल बेंच ने इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी उल्लेख किया।

सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि नियमितीकरण नियमों की व्यावहारिक रूप से व्याख्या की जानी चाहिए। यदि अपीलकर्ता ने 10 वर्ष तक सेवा की है, तो उसे सेवा नियमितीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए, जब तक कि उनके नियमितीकरण पर कुछ वैध आपत्तियां जैसे कदाचार आदि मौजूद न हों।

# 'बिल्डर-बैंक गठजोड़' की होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच कथित 'अपवित्र गठजोड़' के संबंध में सात प्रारंभिक जांच दर्ज करने का निर्देश दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम और आस–पास के इलाकों में सब्सिडी योजनाओं के तहत आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले घर खरीदारों द्वारा दायर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया। घर खरीदारों ने शिकायत की कि बैंक उन्हें ईएमआई का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक अपने फ्लैटों का कब्जा नहीं मिला है। पहली जांच में सीबीआई विशेष रूप से सुपरटेक लिमिटेड के लेन–देन की गहन जांच करेगी, जो पहले से ही कई उल्लंघनों के लिए जांच के दायरे में है। दूसरी जांच में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे, गुरुग्राम और गाजियाबाद के प्रोजेक्ट्स को शामिल किया जाएगा।



■ **सुप्रीम कोर्ट ने जांच का दिया निर्देश**

**घर खरीदने वालों को रुलाया जा रहा** –अदालत ने आदेश सुनाते हुए बैंकों और बिल्डरों द्वारा आम नागरिकों के साथ किए जा रहे व्यवहार की कड़ी आलोचना की। पीठ ने टिप्पणी की कि घर खरीदने वालों (होमबायर्स) को रुलाया जा रहा है। कई डेवलपर्स और वित्तीय संस्थानों ने गरीब घर खरीदारों को बंधक बना लिया है। स्थिति को बेहद अनुचित बताते हुए शीर्ष अदालत ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की जरूरत पर जोर दिया। बेंच ने कहा, सच्चाई सामने लाने का समय आ गया है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश सीबीआई के उस प्रस्ताव के बाद आया है, जिसमें तर्क दिया गया था कि वित्तीय संस्थाओं के साथ सहयोग करके बिल्डरों के इरादों और तरीकों को पूरी तरह से समझने के लिए प्रारंभिक जांच की जरूरत है।

# कांग्रेस ने की संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग

**नई दिल्ली**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग– अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं।

श्री खरगे कहा इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा। हमारी हार्दिक आशा है कि सत्र तदनुसार बुलाया जाएगा।



■ **खरगे-राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र**

■ **लिखा, यह देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का वक्त**

**आतंकी हमले से हर भारतीय क्षुब्ध: राहुल**

श्री गांधी ने लिखा पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर भारतीय क्षुब्ध है। इस नाजुक समय में देश को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट रहेंगे। विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए, जहां इस हमले के खिलाफ जनप्रतिनिधि अपनी एकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन कर सकें।

**रिपोर्ट** दस्तावेजों में सामने आई गड़बड़ी

# जल सरंक्षण के नाम पर जल जगार महोत्सव में फूंक दिए गए दो करोड

**रायपुर, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय भूमि जल बोर्ड की एक रिपोर्ट कहती है कि साल 2040 तक राज्य का भू जल स्तर अपनी सर्वाधिक गिरावट दर्ज कर लेगा। हालात बद से बदतर हो जाएंगे और राज्य में पानी के लिए हाहाकार मचेगा।**

*इस रिपोर्ट के बीच जल संसाधन विभाग ने हाल ही में कलेक्टरों को एक पत्र जारी कर कहा है कि राज्य के 5 ब्लॉक क्रिटिकल और 21 ब्लॉक सेमी क्रिटिकल की श्रेणी में है। जाहिर है, भू जल संरक्षण के लिए सरकार सतर्क कर रही है। भू जल स्तर की वर्तमान स्थिति के बीच जल संरक्षण के उपायों पर सरकार का ध्यान है। इन उपायों के बीच हाल ही में धमतरी जिले में जल जगार महोत्सव का आयोजन किया गया। करीब छह महीने पहले हुए इस आयोजन में जिला प्रशासन ने दो करोड़ रुपए खर्च किए थे। इस आयोजन का मकसद जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाना था। प्रशासन के पास इस बात का कोई आंकड़ा नहीं है कि जिस आयोजन में करोड़ों रुपए फूंक दिए गए उसका कितना जमीनी असर हुआ है, मगर जल जगार महोत्सव में खर्च हुई रकम से जुड़े दस्तावेज बताते हैं कि जल जगार महोत्सव के आयोजन में धमतरी जिला प्रशासन ने बड़ी गड़बड़ी कर दी।*



*दस्तावेजों की पड़ताल से यह मालूम पड़ता है कि इस आयोजन का उद्देश्य जल सरंक्षण के लिए प्रचार–प्रसार कम और एक इवेंट कंपनी को फायदा पहुंचाना ज्यादा रहा। शासन के विभिन्न विभागों में अलग–अलग मदों के लिए आई राशि बिना अनुमति इस आयोजन में खर्च करते हुए वित्तीय नियमों की अनदेखी की गई। इस आयोजन के लिए जारी किए गए टेंडर की पूर्व स्वीकृति नहीं ली गई। दस्तावेज में शामिल बिंदू बताते हैं कि टेंडर की शर्तें* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# जनदर्शन में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देश



**मुंगेली**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट परिसर में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने आम नागरिकों की समस्याएं और मांगें गंभीरता से सुनीं तथा उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निर्देश दिए। इस जनदर्शन में कुल 93 आवेदन प्राप्त हुए।

इनमें लोरमी वार्ड क्रमांक 07 के पूनाराम डड़सेना ने आवासीय पट्टा दिलाने, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम रोहराखुर्द के पुसऊ दिवाकर ने पीएम आवास योजना और व्यक्तिगत शौचालय योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बुचीपारा की धनमत बाई ने भूमिहीन मजदूर योजना से जोड़ने, ग्राम बैहाकापा के राजेश नवरंग ने वार्ड 10 में सीसी रोड निर्माण कराने, पथरिया के ग्राम पुछेली के रामखिलावन ने पुस्तैनी जमीन का रिकॉर्ड सुधारने, ग्राम रौनाकापा के भुवन साहू ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम मोतिमपुर के राजकुमार ने अपने स्वर्गीय पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जैसी समस्याएं और मांगें रखीं। जनदर्शन के अवसर पर अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, तीनों अनुविभागों के एसडीएम और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**शासकीय उचित मूल्य की दुकान की चाबी मिलने पर जताया आभार**

भठलीकला की मां कर्मा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पिछले जनदर्शन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन हेतु भवन की चाबी न मिलने की शिकायत की थी। कलेक्टर द्वारा इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जनपद पंचायत के सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। त्वरित कार्रवाई के तहत समूह को चाबी उपलब्ध कराई गई। इस पर समूह की महिलाएं आज पुनः जनदर्शन में पहुंची और प्रशासन द्वारा उठाए गए त्वरित कदम के लिए आभार व्यक्त किया।

## सुशासन तिहार 5 मई से

**मुंगेली**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मुंगेली जिले में सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में यह आयोजन जिलेभर में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। पहले चरण में आम नागरिकों से आवेदन एकत्र किए गए हैं, जबकि दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। अब तीसरे चरण के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में नागरिकों को उनके आवेदन की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जाएगी, साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर ने जिले और विकासखण्ड स्तर के नोडल अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। इन शिविरों से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ समाधान की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर भी मिलेगा।

# राज्यपाल ने नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

## स्कूली बच्चों से संवाद किए और आंगनबाड़ी के बच्चों से भी मिले

## पीएम आवास के हितग्राही परिवार से भी मिले राज्यपाल

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका जिला प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह अमरकंटक पहुंचे। उन्होंने नर्मदा मैया की दर्शन किए और पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।



उन्होंने इको हिल रिसॉर्ट धरमपानी में जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, पीएमश्री स्कूलों, गुरूकुल पेण्ड्रारोड और लालपुर छात्रावास के बच्चों से चर्चा की। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई, उनकी रूचि, खेलकूद आदि के बारे में वार्तालाप किए। उन्होंने बच्चों को समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई करने, कम्प्यूटर, मोबाइल आदि उपकरणों का उपयोग ज्ञानार्जन के लिए करने सहित जीवन में आगे बढ़ने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। स्कूली बच्चों ने परंपरागत रूप से कौड़ी और रस्सी के छल्लों से बने माला पहनाकर और मोर पंख युक्त पगड़ी पहनाकर राज्यपाल का स्वागत किया।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केन्द्र पकरिया का अवलोकन किया। उन्होंने नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच बैठकर आत्मीय भाव से उनका नाम पूछा और उन्हें ड्राईंग किट भेंट किए। उन्होंने आंगनबाड़ी में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, पोषण आदि की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर आम के पौधे लगाए। राज्यपाल ने ग्राम पकरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभान्वित परिवार से भी मिले। उन्होंने हितग्राही हरि सिंह एवं उनके परिवार के लोगों से चर्चा की और उनसे शासन की योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वनमंडल अधिकारी रौनक गोयल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य एवं एसडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्राकर उपस्थित थे।

# गंगानगर श्रीवास को मिला नेशनल ह्यूमैनिटी अवॉर्ड 2025

**तखतपुर** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सामाजिक कार्यकर्ता मंशाराम श्रीवास के सुपुत्र घनश्याम श्रीवास को हेल्प इंडिया फाउंडेशन राजस्थान द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री गंगानगर में विगत दिनों नेशनल ह्यूमैनिटी अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया।




यह आयोजन श्रीगंगानगर के मोती पैलेस में किया गया जिसमें देश के विभिन्न राज्यों जैसे राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड,छत्तीसगढ़, बिहार, मुंबई, महाराष्ट्र आदि राज्यों से थे। जिसमे लगभग 100 समाजसेवियों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन मे कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती करूणा चाण्डक पूर्व सभापति, मुख्य अतिथि कुलदीप इंदौरा सांसद श्रीगंगानगर, जयदीप बिहाणी विधायक श्रीगंगानगर, विशिष्ट अतिथि संतोष सहारण पूर्व विधायक सादुलशहर, राजकुमार जोग समाजसेवी, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए हेल्प इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद राजपूत व समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# पौनी पंचायत में 55 नए श्रमिकों का हुआ पंजीयन



**मुंगेली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत पौनी में मंगलवार को श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सरपंच की मांग पर त्वरित रूप से आयोजित किया गया, जिसमें कुल 55 नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया। साथ ही, पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को श्रमेव जयते एप व विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला श्रम पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि शिविर में लगभग 80 से 90 श्रमिकों की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से न केवल श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी मिलती है, बल्कि उनमें जागरूकता भी बढ़ती है। शिविर के दौरान श्रमिकों ने सरकार की योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया और कई लोगों ने तुरंत पंजीकरण कर लाभ प्राप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया।यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत किया गया। शिविर में श्रमिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें जरूरी सहायता और जानकारी उपलब्ध कराई गई।पौनी पंचायत में आयोजित यह शिविर सुशासन तिहार की सफलता का प्रमाण है, जिससे ग्रामीणों का सरकार पर भरोसा और भी मजबूत हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और नियमित रूप से ऐसे आयोजनों की मांग की।

## अक्षय तृतीया पर्व की तैयारी हो रही

तखतपुर 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया को लेकर छोटे छोटे बच्चों में गुड्डे गुड़ियों का विवाह कराने की तैयारी पर लगे है और कुम्हार भी घड़ा, गुड्डे, गुडिया लेकर बाजार में बैठे है। अक्षय तृतीया का पर्व एक प्रमुख पर्व माना जाता है इस दिन नये मटके से पानी पीने की शुरूआत के साथ साथ मटके में पानी दान करने की भी परंपरा है और बच्चें इसी दिन पूरे पारंपरिक रिवाजों के साथ गुड्डे गुड़ियों का विवाह कराते है। बाजार में इन दिनों मटके की आवक हो गई है और लोगों ने आज बाजार में अक्षय तृतीया के लिए मटके खरीदे और मटके के दाम में भी बढ़ोतरी हुई है पूर्व वर्षो से इस बार मटके के दाम में 20 से 50 रूपए तक बढ़ोतरी हुई है कुम्हार अक्षय तृतीया को लेकर पहले से ही मटके बनाने की तैयारी कर दिए रहते है ताकि कोई ग्राहक वापस न जाए।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

फोननं.07831-273110 कलेक्टोरेट बलरामपुर Email-balrampurexcise@gmail.com

क्र. /CSMCL / 2025/ 136 बलरामपुर, दिनांक 23/04/2025

**निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा जिले में संचालित 05 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में अनुज्ञप्ति वर्ष 2025-26 अर्थात 01.04.2025 से 31.03.2026 की अवधि में संग्रहित मदिरा के खाली कार्टून पुट्ठों का विक्रय किया जाना है। निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्तें एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत कार्यालयीन समय में दिनांक 08.05.2025 तक जिला आबकारी कार्यालय से रूपये 500/- नगद शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। खाली कार्टून पुट्ठों के प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन इच्छुक क्रयकर्ताओं/ निविदादाताओं से बन्द लिफाफे में निविदा दिनांक 08.05.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. कलेक्टोरेट बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) में आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त निविदा को दिनांक 08.05.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे खोला जावेगा। निविदा के नियम/ शर्तों तथा जिले की मदिरा दुकानों की संपूर्ण जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रकाशन के पश्चात् कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

जी- 252600547/2

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर- 492018**

फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com.website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी-6/ एफ.सी.आई.गोदाम/ 470/ 2025-26/ 787 रायपुर, दिनांक 28/04/2025

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal: http://samb.eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा जिला महासमुंद अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग.लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 23.05.2025
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 29.05.2025

| क्र. | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर.विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा के मूल मंडी प्रांगण में 1800 मे.टन के 02 नग कुल 3600 मे.टन गोदाम निर्माण। | 143.68 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखें जा सकते हैं।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा, जिला महासमुंद

संवाद- 43682/2

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति बागबाहरा,जिला महासमुंद

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**कश्मीर घाटी के...**

में भारी गिरावट देखी गई और संदिग्ध घरों पर छापेमारी दूसरे सप्ताह भी जारी रही।अब तक 1000 से अधिक घरों की तलाशी ली गई -इस बीच, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के आतंकवादी सहयोगियों के खिलाफ अपनी निरंतर कार्रवाई में और गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए, श्रीनगर पुलिस ने आज जिले में आतंकवाद-समर्थक बुनियादी ढांचे को खत्म करने के उद्देश्य से शहर में कई स्थानों पर तलाशी जारी रखी। उन्होंने श्रीनगर में 34 संदिग्धों के घरों पर छापे मारे और अब तक कश्मीर में 1000 से अधिक घरों की तलाशी ली गई है।

**पाक सेना का पूर्व कमांडो हासिम मूसा...**

आतंकवादी के तार पाकिस्तान सेना से जुड़े हैं। फिलहाल, भारतीय सेना या सरकार की ओर से इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने आई है। तीन आतंकवादियों के स्केच सामने आए थे। पहलगाम नरसंहार में शामिल रहे इनमें एक पाकिस्तानी आतंकवादी की पहचान हाशिम मूसा के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक मूसा पाकिस्तानी सेना के स्पेशल फोर्सेज का पूर्व पैरा कमांडो है। उसे जम्मू और कश्मीर में गैर स्थानीय और सुरक्षाबलों के बीच दहशत फैलाने के इरादे से भेजा गया था।

पाकिस्तानी स्पेशल फोर्सेज की तरफ उसे लश्कर में भेजा था। उसे जम्मू और कश्मीर भेजे जाने से पहले पाकिस्तान के स्पेश सर्विस ग्रुप द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था। एसएसजी कमांडो फोर्स का पूरा नाम कमांडो फोर्स स्पेशल सर्विस ग्रुप है, जो कि खासतौर से आतंकी हमले, वीआईपी की सुरक्षा और हाइजैक जैसी परिस्थितियों से लड़ने में माहिर होती है। जांचकर्ताओं का कहना है कि मूसा को भारतीय और विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों सहित गैर-स्थानीय नागरिकों को निशाना बनाने का काम सौंपा गया था। लश्कर ने ही उसे जम्मू-कश्मीर भेजा था, ताकि वह सुरक्षा बलों और गैर-कश्मीरियों पर हमलों को अंजाम दे सके। मूसा ने गांदरबल के गगनगीर में अक्टूबर 2024 में भी हमले को अंजाम दिया था। इसमें कई मजदूर और एक स्थानीय डॉक्टर की जान गई थी।अटैक की जांच कर रही एनआईए लगातार सीन री-क्रिएशन कर रही है। एजेंसी आतंकियों की मदद करने वाले स्थानीय नागरिकों की तलाश में है। 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए हमले में 28 पर्यटक मारे गए थे।

**गृहसचिव की सुरक्षा प्रमुखों संग हाई लेवल मीटिंग**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद मंगलवार को गृह मंत्रालय में एक अहम मीटिंग हुई । इस हाईलेवल मीटिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी ), बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी ) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं। केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने केंद्रीय बलों के वरिष्ठ अफसरों के साथ पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से लगने वाली सीमा पर ताजा हालात और तमाम बलों की तैयारियों पर मंत्रणा की।

**जल सरंक्षण के नाम पर...**

ऐसी बनाई गई, जिससे एक विशेष इवेंट कंपनी को फायदा पहुंचाया जा सके। दस्तावेज यह भी बताते हैं कि इस इवेंट के लिए जारी टेंडर में भंडार क्रय नियमों की अनदेखी की गई। भंडार क्रय नियम के अनुसार दो राष्ट्रीय और दो राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशन न्यूनतम तीस दिन की अवधि के लिए किए जाने के नियम को धाक पर रख दिया गया। टेंडर 30 अगस्त 2024 को जारी किया गया। 9 सितंबर 2024 को इसमें संशोधन किया गया और 13 सितंबर 2024 को टेंडर खोल दिया गया। दस्तावेज बताते हैं कि संपूर्ण आयोजन का जिम्मा टेंडर के जरिए लाइम लाइट क्राप रायपुर को दिया गया था। यह टेंडर करीब 2 करोड़ 9 लाख 63 हजार रुपए का था। मगर आयोजन खत्म होने के बाद करीब दस लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान लाइम लाइट क्राप कंपनी को कर दिया गया। आरोप यह भी है कि स्थानीय स्तर पर निजी संस्थानों और संगठनों पर भी आयोजन के लिए चंदा देने का दबाव बनाया गया।

**विधानसभा में उठा था मुद्दा**


विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भी यह मुद्दा सदन में उठा था। एक विधायक ने इस पर सवाल पूछा था। इस सवाल के जवाब में सरकार ने धमतरी की तत्कालीन कलेक्टर की ओर से दिए गए उत्तर के हवाले से बताया कि आयोजन के लिए 2 करोड़ 10 लाख रुपए का आबंटन प्राप्त था, जिसमें से करीब 20 लाख रुपए केंद्र से प्राप्त हुए थे। जल जगार महोत्सव के संपूर्ण आयोजन के लिए लाइम लाइट क्राप कंपनी को 2 करोड़ 9 लाख 63 हजार भुगतान किया गया। लोग वाद्य संग्रहण एं प्रशिक्षण संस्थान के कलाकारों को 79 हजार रुपए का अलग से भुगतान किया गया। विधानसभा के प्रस्तुत जवाब में यह कहा गया है कि आयोजन के दौरान टेंडर में दिए गए कार्यों के अतिरिक्त चार अन्य कार्य कराए गए थे। यह कार्य जिला पंचायत सीईओ और निविदा समिति की अनुशंसा से कराए गए, जबकि भंडार क्रय नियम के प्रावधान कहते हैं कि टेंडर के बगैर ऐसा कोई कार्य नहीं कराया जा सकता है।

**क्या था जल जगार महोत्सव?**

जल सरंक्षण का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से धमतरी जिला प्रशासन ने जल जगार महोत्सव का आयोजन किया था। इस दो दिवसीय उत्सव को जल ओलंपिक भी कहा गया। इस दौरान कयाकिंग, फ्री स्टाइल एवं ब्रेस्ट स्ट्रोक स्विमिंग, बनाना राइड, फ्लैग रन, थ्रो रो, रिवर क्रासिंग जैसी स्पोर्ट्स एचिविटी कराई गई थी।

## निधन

### दिलचंद पाठक



**तखतपुर।** ग्राम पेण्ड्री निवासी दिलचंद पाठक 50 वर्ष का 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे तुंगन प्रसाद पाठक के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खम्हरिया पेण्ड्री में किया गया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

ई-टेंडर नोटिस नं./TRS-BIA-25-26-Fire Ext-01.

**कार्य का नाम:-** 3 फेज लोकोमोटिव की 22.5 किलोग्राम क्षमता वाले $CO_2$ fire extinguisher की रिफिलिंग और हाइड्रोलिक परीक्षण 2 साल के लिए । "**काम की लागत-** रूपये 7,22,722.27/- (रूपये सात लाख बाईस हजार सात सौ बाईस और सत्ताईस पैसे मात्र), **बोली सुरक्षा/बयाना राशि जमा:-** रूपये 14,500/- (रूपये चौदह हजार पांच सौ मात्र) **कार्य पूर्णता की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 माह. । **निविदा समाप्ति की तिथि और समय-** 22.05.2025 को 11:30 बजे । **वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं:** www.ireps.gov.in

सहा. मण्डल विद्युत अभियंता (क.च.स्टा.)
द.पू.म.रेलवे, भिलाई
पीआर/आर/टीआरएस/एएन/21

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोरिया छ.ग.**

विज्ञप्ति क्रमांक- पुअ/ कोरिया/ एसी/ निर्माण/ 849-सी / 2025 दिनांक 28.04.2025

छत्तीसगढ़ शासन के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग में द या उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एस.ओ.आर. (वर्तमान प्रचलित) के आधार पर निम्नलिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं निर्धारित अंतिम तिथि के निर्धारित समय तक ही प्राप्त की जावेगी।

**निविदा कार्यक्रम निम्नानुसार है:-**

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06.05.2025 के 17.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 07.05.2025 के 17:30 बजे तक
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय:- 13.05.2025 के 13.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय :- 13.05.2025 के 15.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | अमानत राशि टी.डी.आर. के रूप में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर के सामने वार्ड नंबर 18 के आवासीय परिसर में 250मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य। | 12.71 लाख | 12000.00 रू. | 1000.00 रूपये | 02 माह वर्षा ऋतु सहित | प्रथम बार |

टीप:- निविदा भरने से पूर्व निविदा संबंधी नियम/ शर्तें कार्यालयीन समय पर अवश्य अवलोकन कर लेवें।

पुलिस अधीक्षक
कोरिया

जी- 252600552/1

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम बाड़ादरहा प.ह.नं. 2
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम बाड़ादरहा प.ह.नं. 2 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदिका श्रीमती विमलादेवी पिता अंतूराम जाति सतनामी निवासी बाड़ादरहा तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) ने भूमि ग्राम बाड़ादरहा प.ह.नं. 2 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 295/1 रकबा 0.061 हे. में से 0.06 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 08.05.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.- 202211060100014/ अ-21/2022-23
ग्राम- लटिया, प.ह.नं. 15

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रशेखर पिता शांतिलाल जाति गोंड़ निवासी ग्राम लटिया तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में अपने निजी खाते की भूमि ग्राम लटिया प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. अकलतरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में अवस्थित ख.नं. 360/4 रकबा 0.1420 हे. भूमि को अनावेदक गैर आदिवासी व्यक्ति श्री देवेश कुमार पिता सीताराम जाति तेली निवासी ग्राम लटिया तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. के पास बिक्री करने हेतु अनुमति मिलने बाबत आवेदन-पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. को प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक को उक्त दावा/ आपत्ति होगी तो वे दिनांक 08.05.2025 तक न्यायालयीन समय पर न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति पेश करा सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से ईश्तहार का प्रकाशन किया जाये।

जारी दिनांक 24.04.2025

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
अकलतरा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षण मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सूचना**

क्र./ क/ रा.नि./ 2025 जूना बिलासपुर,
दिनांक 28/04/2025

प्रति,
1/ रामायण पटेल, 2/ समारू पटेल, 3/ गुनाराम पटेल, 4/ संतोष पटेल सर्वसंबंधित (समीपी भूमिस्वामी की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)

विषय:- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./ क/ तह./ वाचक/ 2025 बिलासपुर दिनांक......

आवेदक रामायण पटेल निवासी तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. .... रा.नि.मं.जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 634/1, 634/2, 642/1 रकबा 0.10161, 0.10490, 0.1420 के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 07/05/2025 को समय 03-5.00 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप:-
1- आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें।
2- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में पविर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 328/ निर्माण / 2025 दिनांक 24.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र 15 (वर्तमान वार्ड क्र. 17) ढोढ़ीपारा कबीर आश्रम में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद)(द्वितीय निविदा) | 10.00 | 13.05.2025 (T.No. 167488) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**- तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना -**

क्रमांक/ 142/ निर्माण / आ.जा.क./ 2025-26, जशपुर, दिनांक 21.04.2025

कार्यालयीन द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक/ 2101/ निर्माण/ आ.जा.क./ 2024-25 जशपुर, दिनांक 17.12.2024 के द्वारा अ.ज.जा. बालक/ कन्या क्रीड़ा परिसर जशपुर में उन्नयन कार्य हेतु जारी ई-निविदा निरस्त किये जाने के कारण तृतीय ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

तद्नुसार आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग.शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर तृतीय ई-निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा की राशि (लाखों में) | अमानत राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अ.ज.जा.बालक क्रीड़ा परिसर, जशपुर में उन्नयन कार्य | जशपुर | 56.30 | 42500 |
| 2 | अ.ज.जा.कन्या क्रीड़ा परिसर, जशपुर में उन्नयन कार्य | जशपुर | 12.24 | 9200 |
| | योग:- | - | 68.54 | - |

राशि :- (रूपये अड़सठ लाख चौवन हजार मात्र)

**नोट:-**
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह वर्षा ऋतु सहित।
2. ठेकेदार की श्रेणी सक्षम ठेकेदार।

**टीप:-** निविदा शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जशपुर (छ.ग.)

जी- 252600521/1

# देश

उवाच

“ जम्मू-कश्मीरमें निर्दोष लोगों को, जिनका आतंकवादी कृत्यों से कोई संबंध नहीं है, नुकसान नहीं उठाना चाहिए। कश्मीर के लोगों ने विरोध मार्च, मोमबत्ती जुलूस और मौन प्रदर्शनों के माध्यम से आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा की है।

**-शेख मुस्तफा कमाल,नेकां के अतिरिक्त महासचिव**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36° | 27° |
| मुंबई | 32° | 27° |
| कोलकाता | 31° | 24° |
| चेन्नई | 33° | 29° |

# देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा प्रधानमंत्री को चुनाव की चिंता : दीपंकर

■ **पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी पर बोला हमला**

**पटना**, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश और नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा चिंता चुनाव की है। भट्टाचार्य ने मंगलवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें देश एवं नागरिकों की सुरक्षा से ज्यादा चिंता चुनाव की रहती है। उन्होंने कहा कि मोदी से सवाल करते थे कि देश में आतंकवादी घुसते कैसे हैं। वे कहते थे जब देश की सीमाएं केंद्र सरकार के नियंत्रण में हैं, तो आखिर सुरक्षा में चूक कैसे होती है। यह सवाल आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनका दूसरा सवाल होता था कि आतंकवादी को पैसा कहां से मिलता है। हाल ही में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात में 22,000 करोड़ रुपए का ड्रग पकड़ा गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि इसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों से है। मोदी के सवाल का जवाब अब खुद एनआईए ने दे दिया है। सात-आठ अप्रैल को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद सुरक्षा समीक्षा के लिए वहां गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री को बैठक से बाहर रखा गया। उसके बाद 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री का कश्मीर दौरा प्रस्तावित था, जिसे रद्द कर दिया गया। क्या कोई विशेष खुफिया इनपुट था। यदि ऐसी आशंका थी, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी और भी गंभीर हो जाती थी। लेकिन आज तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, लेकिन हम लोगों को उसमें आमंत्रित नहीं किया गया। यह दर्शाता है कि सरकार इस गंभीर मसले पर व्यापक राजनीतिक विमर्श से बच रही है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया है। माले महासचिव ने कहा कि देशभर में पहलगाम की आड़ में कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और आम नागरिकों पर हो रहे हमलों की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह पूरी तरह गलत है और संविधान के मूल्यों के खिलाफ है।



**सरकार इस गंभीर मसले पर व्यापक राजनीतिक विमर्श से बच रही है यह राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया : दीपंकर भट्टाचार्य**

## पुलवामा के समय प्रधानमंत्री शूटिंग में थे व्यस्त : भाकपा- माले

भाकपा माले महासचिव भट्टाचार्य ने कहा कि सोशल मीडिया और मुख्यधारा मीडिया में सरकार जिस तरह से इस मुद्दे का राजनीतिक उपयोग कर रही है, वह आपत्तिजनक है। पुलवामा हमले के समय प्रधानमंत्री शूटिंग में व्यस्त थे। आज भी वे पहले कश्मीर जाने के बजाय सीधे चुनाव प्रचार में व्यस्त हो गए। सरकार की प्राथमिकता चुनाव है, शासन और सुरक्षा नहीं। यह रवैया पूरे देश को उचित नहीं लग रहा। और जब जनता सवाल पूछती है, तो उन्हें जवाब देने के बजाय, सवाल पूछने वालों जैसे कलाकार नेहा सिंह राठौर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। यह लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है।

**मोदी कहते थे देश में सुरक्षा नहीं है**

माले महासचिव ने कहा मोदी कहते थे कि देश में सुरक्षा नहीं है। आज कश्मीर जैसे संवेदनशील इलाके में, जहां सबसे ज्यादा सेना की तैनाती है, और पूरी कानून-व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के अधीन है। वहां पहलगाम जैसी बड़ी घटना घट जाती है। देश की एकता, भाईचारा और सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। और भी चिंताजनक बात यह है कि केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री पीयूष गोयल खुद देश की जनता की देशभक्ति पर सवाल उठा रहे हैं। आज देश के भीतर प्रवासी मजदूरों, मुस्लिम समुदाय और अन्य कमजोर वर्गों पर जिस तरह के हमले हो रहे हैं, वे न केवल अन्यायपूर्ण हैं, बल्कि देश को भीतर से कमजोर करते हैं। किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक हिंसा या विभाजन आतंकवाद को खत्म नहीं करता - बल्कि समाज में और अस्थिरता पैदा करता है। भट्टाचार्य ने कहा कि यदि आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी है, तो सरकार निर्दोष नागरिकों को क्यों निशाना बना रही है जो खुद पीड़ित हैं। जहां तक भारत और पाकिस्तान के बीच सीमित कानूनी या मानवीय संवाद का सवाल है, उन पर रोक लगाकर आतंकवाद पर क्या असर पड़ेगा। क्या इससे दोनों देशों के आम लोगों के बीच विश्वास और संवाद के रास्ते और ज्यादा बंद नहीं हो जाएंगे। हमें आतंकवाद से दृढ़ता से लड़ना चाहिए।

## संविधान बचाओ पदयात्रा का किया आयोजन

पटना, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि यदि अब संविधान की सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाया गया तो संविधान नहीं बचेगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम से राजापुर पुल होते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद समाधि स्थल तक दो किलोमीटर लंबे तिरंगे के साथ हजारों की संख्या में कांग्रेस नेताओं के साथ संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। तीन किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का नेतृत्व श्री राजेश राम ने किया। इस मौके पर श्री राजेश ने कहा कि यदि अब हम संविधान सुरक्षा के लिए आवाज नहीं उठाएंगे तो संविधान नहीं बचेगा। इसलिए हमें चुप नहीं रहना है और इस निरंकुश शासन के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद करना है। उन्होंने कहा किसंविधान की सुरक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता से लेकर कार्यकर्ता तक दृढ़ संकल्पित रहें और हर तरीके के बलिदान को तैयार रहें। हमने देश की निरंकुश सरकार को बता दिया है कि संविधान के मूल आत्मा को बदलने के उनके प्रयास को हम सफल नहीं होने देंगे।

## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे केंद्र : महबूबा

**श्रीनगर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बढ़ते तनाव के बीच केंद्र शासित प्रदेश के बाहर पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। महबूबा ने कहा कि उन्हें देश भर के छात्रों से धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए नरसंहार में 26 नागरिक मारे गए थे, जिसके बाद कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें जम्मू-कश्मीर से बाहर पढ़ने वाले कश्मीरी छात्रों को परेशान किया गया और यहां तक कि दक्षिणपंथी समूहों द्वारा धमकाया भी गया। धमकियों की इस लहर ने उनके माता-पिता को चिंतित कर दिया है, जिनमें से कई अपने बच्चों को घर वापस आने के लिए कह रहे हैं। वहीं महबूबा मुफ्ती ने पहलगाम आतंकी हमले के दौरान वायरल हुए एक वीडियो में जिपलाइन ऑपरेटर द्वारा अल्लाहु अकबर कहे जाने पर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही सांप्रदायिकता पर चिंता जताते हुए कहा कि धर्म के नारों को गलत संदर्भों में घसीटा जा रहा है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक बातें कर रहे हैं।



■ **अमित शाह व राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह**

## सार संक्षेप

### लखनऊ की यात्रा पर कल जाएंगे जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को उत्तर प्रदेश की यात्रा पर रहेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि धनखड़ एक मई को लखनऊ जाएंगे। उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में एक समारोह में सम्मिलित होंगे और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा लिखित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करेंगे।

### जलगांव सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**जलगांव।** महाराष्ट्र में जलगांव जिले के रावेर तालुका के बोरघाट में सोमवार रात एक मोटरसाइकिल और यात्री वाहन की टक्कर में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला और उसका बच्चा घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान पिंटू बोडोले और उनके तीन वर्षीय पुत्र रितिक बोडोले के रूप में हुई है। पिंटू पत्नी मालूबाई और दोनों पुत्र रितिक और टेंगूराम (आठ महीने) के साथ मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार से मिलने भुसावल जा रहे थे। इसी बीच खेरगांव से भुसावल आ रही एक यात्री वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### बारामूला में आग से दो घर जलकर राख

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के बोनियार इलाके में स्थित सुदूर गांव खाचादारी जेहमपोरा में रविवार देर रात एक भीषण आग की घटना में दो रिहायशी मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। यह मकान स्थानीय निवासी गुलाम रसूल बनिया के बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि स्थानीय लोगों के पास कुछ भी बचाने का समय नहीं मिला। लेकिन इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, प्रभावित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### गुजरात में 4.77 करोड़ लोगों का हुआ आभा पंजीकरण

**गांधीनगर।** गुजरात में 4.77 करोड़ से अधिक नागरिकों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए, आभा) पंजीकरण हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत गुजरात ने 7 प्रतिशत नागरिकों यानी 4.77 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के तहत पंजीकरण करा कर महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। आयुष्मान भारत दिवस 3 अप्रैल के मौके पर राज्य सरकार द्वारा यह उपलब्धि साझा की गई है। मोदी के डिजिटल भारत दृष्टिकोण को साकार करते हुए, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में गुजरात आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में हेल्थ रिकॉर्ड्स के डिजिटलाइजेशन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

**बेंगलुरु,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया। मुझे स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान हुई मॉब लिंचिंग के बारे में बताया गया। मुझे बताया गया कि व्यक्ति 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगा रहा था। जब लोगों ने यह सुना, तो लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मामले में अब तक लगभग 10 से 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, और आगे की जांच चल रही है। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि व्यक्ति की तत्काल मृत्यु नहीं हुई, बल्कि बाद में सदमे के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

■ **पुलिस ने 12 लोगों को किया गिरफ्तार**

## झारखंड में ध्वनि प्रदूषण पर राज्य सरकार के अधूरे जवाब से हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

■ **स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 मई तक अंतिम मौका**

**रांची,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के बारे में स्पष्ट जवाब न दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। इससे संबंधित जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक तौर पर कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार ने ध्वनि प्रदूषण रोकने की दिशा में धरातल पर ठोस कार्रवाई नहीं की। अदालत ने सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 मई तक अंतिम मौका दिया है। इसी दिन याचिका पर अगली सुनवाई भी निर्धारित की गई है। इसके पहले इस याचिका पर 8 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि पर्व-त्योहार के मौके पर राज्य के सभी जिलों में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार को सुनवाई के पूर्व सरकार ने जो शपथ पत्र दाखिल किया, उसमें केवल रांची जिले में प्रशासन की ओर से उठाए गए कदम की जानकारी दी गई। इस पर बेंच ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया। रांची को छोड़कर राज्य के बाकी जिलों में क्या कदम उठाए गए हैं। झारखंड सिविल सोसाइटी एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण अधिनियम वर्ष 2000 के तहत निर्धारित मानकों का झारखंड में उल्लंघन किया जा रहा है। रेजिडेंशियल, कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल एरिया में ध्वनि के मानक निर्धारित किए गए हैं, लेकिन इन जगहों पर निर्धारित मानकों से अधिक शोर है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों पर सरकार की ओर से रोक की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अदालत में दलीलें पेश की।




## इटानगर में नशीले पदार्थ का मुख्य आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार

**इटानगर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत स्थानीय पुलिस ने नाहरलागुन मामले से जुड़े नशीले पदार्थ के मुख्य आपूर्तिकर्ता को एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नाहरलागुन थाना के प्रभारी निरीक्षक कृष्णेंदु देव के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने पहले से गिरफ्तार आरोपी की जांच के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सुरागों पर कार्रवाई करते हुए अन्य अधिकारियों के साथ असम पुलिस की सहायता से सोमवार को समन्वित छापेमारी की।

यह अभियान डिक्रोंग नदी के किनारे ब्रह्मपुत्र नगर में चलाया गया। इसके परिणामस्वरूप असम के बांदरदेवा निवासी आमिर अली (39) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से लगभग 27.9 ग्राम वजन की संदिग्ध हेरोइन की 20 शीशियां बरामद कीं। रविवार को इसी मामले में गिरफ्तार दो सह-आरोपियों टेची लेज़ (30) और ताना जामजा (28) के बाद यह गिरफ्तारी की गई। यह कार्रवाई नाहरलागुन पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो और एसडीपीओ ऋषि लोंगडो की कड़ी निगरानी में की गई।

## जंगलराज से भी बदतर कानून व्यवस्था में अब पुलिस थाने में भी सुरक्षित नहीं पुलिस : पटवारी

**भोपाल,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य के दो जिलों के दो अलग-अलग मामलों को लेकर प्रदेश सरकार को घेरा है। पटवारी ने सतना जिले के जैतवारा थाने में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक पर अज्ञात आरोपी द्वारा जानलेवा हमले को लेकर सरकार से सवाल किए हैं। उन्होंने इससे जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि जंगलराज से भी बदतर हुई प्रदेश की कानून व्यवस्था में अब तो पुलिस पुलिस थाने में भी सुरक्षित नहीं है। पुलिस की पिटाई के बाद अब तो पुलिस पर ही गोलियां चलने लगी है। जिस समय राज्य की कानून व्यवस्था रसातल में पहुंच चुकी हो, पुलिस खुद अपराधियों के निशाने पर हो, ऐसे समय में राज्य सरकार पुलिस को न्याय दिलाने की बजाय सत्ता के प्रतीकों के सामने झुकने का फरमान सुना रही है। इस दुखद घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।



वहीं श्योपुर जिले के विजयपुर में कथित तौर पर एक दलित के अंतिम संस्कार रोके जाने के मामले को लेकर पटवारी ने अपने बयान में कहा कि विजयपुर में भारतीय जनता पार्टी नेता रामनिवास रावत के इशारे पर दलित जाटव समाज के लोगों को अपने स्वजन का अंत्येष्टि संस्कार करने से जबरन रोका गया। यह कृत्य न केवल भारतीय संविधान का घोर अपमान है बल्कि मानवता के खिलाफ भी एक शर्मनाक अपराध है। विजयपुर में जो हुआ, वह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि एक सोची-समझी साजिश है, जिसके पीछे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए नेता रामनिवास रावत का सीधा हाथ है। सवाल ये है कि प्रशासन रामनिवास रावत जैसे नेताओं के सामने इतना लाचार क्यों है। विजयपुर के वीरपुर थाना इलाके के लीलधा गांव के निवासी मजदूर जगदीश की मौत के बाद कल उसका शव गांव में अंतिम संस्कार के लिए लाया गया।

इसी दौरान आरोप है कि

■ **दो जिलों में कानून व्यवस्था को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को घेरा**

## नीतीश ने दानवीर भामाशाह को जयंती पर किया नमन

**पटना,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दानवीर भामाशाह की जयंती पर उन्हें नमन किया। कुमार ने मंगलवार को यहां आयोजित समारोह में पुनाईचक पार्क स्थित शूरवीर दानवीर भामाशाह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, जदयू के प्रदेश महासचिव कमल नोपानी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित कई अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## द्रमुक की द्रविड़ मॉडल सरकार का दूसरा संस्करण 226 में : स्टालिन

**चेन्नई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने राज्य विधानसभा को बताया कि द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की द्रविड़ मॉडल सरकार का दूसरा संस्करण 2026 में आएगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि तमिलनाडु को न तो लूटा जा सकता है और न ही इसे गिरवी रखने और हड़पने की कोशिश करने वालों द्वारा लूटा जा सकता है। स्टालिन ने विधानसभा में पुलिस और अग्निशमन विभाग को अनुदान की मांग पर बहस का जवाब देते हुए कहा कि अब तक जो देखा गया है वह द्रविड़ मॉडल सरकार पहला संस्करण है। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा मेज थपथपाने के बीच घोषणा की कि दूसरा संस्करण 2026 में लोड हो रहा है जिसमें और अधिक रिकॉर्ड बनेंगे...तमिलनाडु इतिहास रचेगा। मुख्यमंत्री ने बहस का जवाब देते हुए अपने चार साल के द्रमुक शासन की उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि यह अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करेगा जो बस कुछ ही दिन दूर है। राज्य ने सभी विभागों में रिकॉर्ड बनाए हैं और नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि इस विश्वास और लोगों के विश्वास के साथ मैं कह रहा हूं कि जो लोग तमिलनाडु को गिरवी रखने और छीनने की कोशिश कर रहे हैं वे तमिलनाडु को लूट नहीं सकते। द्रमुक अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत राज्य ने बड़ी ऊंचाइयों को हासिल किया है और 2024-25 में तमिलनाडु 9.69 प्रतिशत की विकास दर के साथ प्रथम स्थान था। उन्होंने कहा कि ऐसी विकास दर अभूतपूर्व है।



■ **मुख्यमंत्री ने चार साल के द्रमुक शासन की उपलब्धियों को गिनाया**

**उथल-पुथल** *अजीबो गरीब हैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की सीमाएं*

## पाकिस्तान से लगी 122 किमी लम्बी सीमा सबसे खतरनाक

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पांच अगस्त 219 को जम्मू-कश्मीर राज्य के दो टुकड़े करने और उसकी पहचान खत्म किए जाने की कवायद से पहले जम्मू-कश्मीर में दो देशों पाकिस्तान तथा चीन की कुल 262 किमी लम्बी सीमा लगती थी। हालांकि इसमें से 122 किमी लम्बी सीमा तो सबसे खतरनाक है जो पाकिस्तान के साथ सटी हुई है क्योंकि यह दिन रात आग उगलती रहती है। देश की जनता के लिए सीमा, सीमा ही होती है लेकिन वह यह नहीं समझ पाती है कि आखिर पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर तोपें आग क्यों उगलती रहती हैं।

पाकिस्तान के साथ लगने वाली सीमा तीन किस्म की है। पाकिस्तान के साथ जम्मू-कश्मीर की 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा भी है जो पंजाब राज्य के पहाड़पुर क्षेत्र से आरंभ होकर अखनूर सैक्टर में मनावर तवी के भूरेचक गांव तक जाती है। इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा का नाम इसलिए दिया गया है क्योंकि इस पर संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्ववधान में सीमा बुर्जियों की स्थापना की गई है। अर्थात इस पर निशानदेही की गई है जो यह दर्शाती है कि दोनों देशों की हद यहां तक आकर खत्म होती है। और इस सीमा पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए कभी भी गोलीबारी न करने के निर्देश होते हैं जिसकी उल्लंघना पाकिस्तानी सेना की ओर से की जा रही है। पाकिस्तान से सटी 264 किमी लम्बी अंतरराष्ट्रीय सीमा का एक चौंकाने वाला पहलू यह भी है कि इसके भीतर भी कई स्थान ऐसे हैं जिन्हें वर्किंग बार्डर कहा जाता है। ऐसे स्थानों की संख्यां दस के करीब है।

इन्हें वर्किंग बार्डर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह सभी विवादास्पद क्षेत्र हैं। जिनमें कहीं सीमाबुर्जी का विवाद है तो कहीं कब्रिस्तान का। तो कहीं खेतीबाड़ी करने वाली जमीन का। वर्ष 1949 में पाकिस्तान तथा भारत के बीच हुए कराची समझौते के अंतर्गत युद्ध को रोकने के बाद जो सीमा का निर्धारण किया गया था युद्धक्षेत्रों में उसे युद्धविराम रेखा अर्थात नियंत्रण रेखा के नाम से जाना जाता है। इसके मायने यही होते हैं कि युद्ध विराम के समय जिसका जिस स्थान पर कब्जा था वह वहीं तक रहेगा और इस प्रकार दोनों देशों के बीच इस युद्ध विराम रेखा अर्थात् नियंत्रण रेखा अर्थात मानसिक व अदृश्य रूप से दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की लम्बाई 814 किमी है जो अखनूर सेक्टर के मनावर तवी के क्षेत्र के भूरेचक गांव से आरंभ होकर करगिल सेक्टर के उस स्थान पर जाकर समाप्त होती है जहां से सियाचिन हिमखंड की सीमा आरंभ होती है। जिस स्थान पर यह नियंत्रण रेखा समाप्तप्त होती है उस स्थान को एनजे-9842 का नाम दिया गया है जिसके मतलब हैं-पूर्वी अक्षांश पर 98 डिग्री और उत्तरी अक्षांश पर 42 डिग्री।



■ **जीवित जंग के मैदान के रूप में जानी जाती 814 किमी लम्बी एलओसी**

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दुष्प्रचार साबित हुआ सीडब्ल्यूजी घोटाला

2010 में दिल्ली में आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेल (कॉमनवेल्थ गेम- सीडब्ल्यूजी) से जुड़े कथित मनी लॉड्रिंग के मामले को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निवेदन पर दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने बन्द कर दिया। इस मामले में कांग्रेस के दिग्गज नेता सुरेश कलमाड़ी समेत 14 लोगों को आरोपी बनाया गया था तथा तब के प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने शक की ऊंगलियां तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की ओर भी उठाई थी। मामले के करीब एक वर्ष बाद अस्तित्व में आई आम आदमी पार्टी ने भी इसे लेकर शीला दीक्षित की घेराबन्दी की थी जिसका लाभ उसे 2015 के विधानसभा चुनाव में मिला था। दीक्षित के नेतृत्व में शानदार काम कर रही कांग्रेस सरकार की हार हुई थी। उसके बाद हुए 2020 एवं 2025 के चुनावों में कांग्रेस का विधानसभा में नामलेवा तक न रहा।

सीडब्ल्यूजी के शानदार आयोजन ने चाहे दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा किया हो, लेकिन इस झूठे मामले की बड़ी कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी थी। कह सकते हैं कि 2014 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार को जिन झूठे आरोपों के कारण 2014 के आम चुनावों में हार का मुंह देखना पड़ा था, उनमें कथित 2जी घोटाले और कोयला घोटाले के साथ यह आरोप भी था। भाजपा द्वारा कोल ब्लॉक की नीलामी में लगाये गये बड़े भ्रष्टाचार का आरोप भी ईडी या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) साबित नहीं कर पाई तथा वह मामला भी बन्द हो गया। सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत पांच लोगों के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामला हो या प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा का हरियाणा में कथित जमीन खरीद घोटाला, सरकार की जांच एजेंसियां अब तक पूछताछ ही कर रही हैं। साफ है कि कांग्रेस को इन घोटालों द्वारा भाजपा द्वारा बदनाम किया गया। टूजी स्पेक्ट्रम और कोयला खानों के आवंटन के मामले में विनोद राय ने तो माफी भी मांगी थी जो भारत के महालेखाकार थे और जिनकी रिपोर्ट में ही यह आरोप लगा था। बाद में जब उन्हें भाजपा सरकार ने राज्यसभा सदस्य बनाया गया, तभी साबित हो गया था कि पूरी रणनीति बनाकर मनमोहन सिंह सरकार को बदनाम कर कांग्रेस को हराया गया।

सीबीआई का आरोप था कि कॉमनवेल्थ गेम्स- 2010 के लिए दो अनुबंधों के अवैध आवंटन से आयोजन समिति को 30 करोड़ रुपयों की हानि हुई थी। सीबीआई ने इस कथित घोटाले को लेकर 19 एफआईआर दर्ज की थीं और जनवरी 2014 में सबूतों के अभाव में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी, वहीं ईडी की जांच में भी किसी भी मामले में 'घोटाले' का कोई भी जिम्मेदार पकड़ा नहीं जा सका। इसे देखते हुए राउज़ एवेन्यू अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की क्लोज़र रिपोर्ट स्वीकृत कर ली। इस फैसले के साथ मनी लॉन्ड्रिंग के सारे आरोप भी खत्म हो गये। इस तरह कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाड़ी, महासचिव ललित भनोत और अन्य आरोपियों के खिलाफ जारी जांच भी समाप्त हो गयीं। कोर्ट ने स्वीकार किया कि जांच से हेराफेरी का कोई गुनाह साबित नहीं होता इसलिये ईडी द्वारा प्रस्तुत की गई समापन रिपोर्ट को उसने स्वीकार कर लिया। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने टिप्पणी की कि सीबीआई पहले ही आरोपियों को बरी कर चुकी है, जिसके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। कोर्ट ने ईडी के इस तर्क को मान लिया कि जब मनी लॉन्ड्रिंग की पुष्टि नहीं होती तो मामले को आगे बढ़ाने का कोई आधार नहीं है। सीबीआई ने पहले ही इस मामले में समापन रिपोर्ट दायर की थी जिसमें उसने कहा था कि मामले में कोई भी विश्वसनीय सबूत सामने नहीं आए हैं जिनके बल पर आरोप साबित हो सकें।

उल्लेखनीय है कि 3 से 14 अक्टूबर, 2010 तक नयी दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन हुआ था लेकिन उसकी शुरुआत के पहले ही उसके मुख्य स्थल जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के निकट नए बने पैदल यात्री पुल ढह जाने से इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी इस पर खूब चर्चा हुई थी। वैसे सीडब्ल्यूजी के आयोजन से दिल्ली की सूरत काफी बदल गयी थी। विश्व के सामने देश की छवि को संवारने के लिये, जिसमें आयोजकों को सफलता व प्रशंसा दोनों ही मिली थी, अनेक नागरिक सुविधाएं विकसित हुई थीं। अनेक नवनिर्माण हुए और पुराने भवनों व स्टेडियमों का जीर्णोद्धार किया गया। शहर का नये सिरे से सौंदर्यीकरण किया गया था तथा उसे दुनिया भर से आने वाले खिलाड़ियों, दर्शकों एवं मेहमानों को प्रभावित करने वाला विश्वस्तरीय काम हुआ था; परन्तु अनियमितताओं के अनेक आरोपों के कारण दिल्ली सरकार तथा देश की बदनामी भी बहुत हुई थी। शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार को तो इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा था। इसके चलते सुरेश कलमाड़ी का एक तरह से राजनैतिक कैरियर ही खत्म हो गया और आप ने बहती गंगा में हाथ धोते हुए इसका भरपूर सियासी लाभ उठाया था। उन्होंने शीला दीक्षित को 'देश की सर्वाधिक भ्रष्ट सीएम' तक कह डाला था। वैसे जिस भाजपा ने इस मामले को लेकर शीला दीक्षित तथा मनमोहन सिंह को बदनाम किया था, उसे भी चुनावी सफलता नहीं मिल पाई थी। लाभ तो आप ले गयी। हालांकि अब भी दिल्लीवासियों का मानना है कि दिल्ली का असली कायाकल्प करने वाली शीला दीक्षित थीं जिन्होंने इसी खेल आयोजन के अवसर पर देश की राजधानी में व्यापक सुधार किये थे।

सवाल है कि क्या भाजपा अच्छे-भले कामों में कोई घोटाला न होने के बावजूद बदनाम करने की अपनी प्रवृत्ति समाप्त करेगी या नहीं और क्या जनता वास्तविक भ्रष्टाचार और दुष्प्रचार के बीच अंतर करना सीखेगी?

# राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा बन गई है टीवी पत्रकारिता



**अनिल जैन**

भारतीय मीडिया, खास कर टेलीविजन के राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल इस वक्त अपने अल्प इतिहास में सार्वकालिक पतन के दौर से गुजर रहे हैं। ताजा मामला है कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर उसका रवैया। कश्मीर घाटी के बाशिंदों को पिछले एक दशक में जितना बदनाम और भावनात्मक रूप से जितना आहत भाजपा की प्रोपेगेंडा मशीनरी ने नहीं किया है, उससे ज्यादा उन्हें बदनाम करने और उनके जख्मों को कुरेदने का काम देश के इन राष्ट्रीय टीवी चैनलों ने किया है। इसीलिए आम तौर पर इन टीवी चैनलों को भी अब भाजपा के प्रचार तंत्र का हिस्सा ही माना जाने लगा है।

इस समय पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों हुए भीषण नरसंहार का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। हमले के दौरान कई पर्यटकों की जान बचाने में कश्मीर के स्थानीय बांशिदों ने अहम भूमिका निभाई। हमले में मारे गए लोगों के शोक स्वरूप और आतंकवादियों के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार करने के लिए समूचे कश्मीर के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से एक दिन के लिए 'कश्मीर बंद' रखा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर अपने पास कोई अधिकार न होने के बावजूद विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आतंकवादी हमले के लिए पूरे देश से माफी मांगी। इस सबके बावजूद टीवी चैनलों का रवैया कतई सकारात्मक नहीं है। उनका पूरा जोर आतंकवादियों के बहाने कश्मीरियों और पूरे देश के मुसलमानों को अपमानित करने और उनके खिलाफ नफ़रत का वातावरण तैयार करने और युद्धोन्माद पैदा करने पर है।

टीवी चैनलों का यह रवैया छह साल पुराने उस दौर की याद ताजा कर रहा है जब केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को प्राप्त विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था और उसका विभाजन कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। तब भी इन टीवी चैनलों ने अपने संवाददाताओं को कश्मीर भेजे बगैर ही कश्मीर के बारे में खूब मनगढ़ंत और बेसिर-पैर की खबरें अपने दर्शकों को परोसी थीं। उस समय विशेष दर्जा खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले से कश्मीर घाटी के लोग बेहद क्षुब्ध और निराश थे। अपना विरोध जताने के लिए उन्होंने कई दिनों तक अपना काम-काज बंद रखा था। समूची कश्मीर घाटी में लॉकडाउन जैसे हालात थे। उसी दौरान इन पंक्तियों के लेखक ने अपने साथी पत्रकार महेंद्र मिश्र के साथ हालात का जायजा लेने के लिए कश्मीर घाटी की यात्रा की थी। हम लोग वहां एक सप्ताह तक रहे थे।

उस समय तमाम टीवी चैनल कश्मीर को लेकर ऐसी तस्वीर पेश कर रहे थे मानो वह किसी दूसरे देश का हिस्सा था, जिसे भारत सरकार ने हमला कर जीत लिया हो और अपना हिस्सा बना लिया है। यह बात बार-बार जोर देकर बताई जा रही थी कि अब कोई भी भारतीय वहां आसानी से जमीन खरीद सकेगा, वहां बस सकेगा। यही नहीं, भाजपा के कुछ नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों ने तो ऐसे भी बयान दिए थे कि अब भारत के दूसरे प्रदेशों के नौजवान कश्मीर से अपने लिए दुल्हन भी ला सकेंगे। ऐसे बेहूदा बयानों को तमाम टीवी चैनल बढ़-चढ़कर दिखा रहे थे। इसी बात को सोशल मीडिया पर भाजपा का समर्थक वर्ग और भी ज्यादा भद्दे तरीके से प्रचारित कर रहा था, जिससे हर कश्मीरी बुरी तरह आहत और दुखी था, वह अपने को अपमानित महसूस कर रहा था। ऐसा महसूस करते हुए उसका दुखी होना स्वाभाविक भी था।

> इस समय पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों हुए भीषण नरसंहार का मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। हमले के दौरान कई पर्यटकों की जान बचाने में कश्मीर के स्थानीय बांशिदों ने अहम भूमिका निभाई। हमले में मारे गए लोगों के शोक स्वरूप और आतंकवादियों के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार करने के लिए समूचे कश्मीर के लोगों ने ऐतिहासिक रूप से एक दिन के लिए 'कश्मीर बंद' रखा।

उस समय तमाम बेखबरी टीवी चैनल रोजाना पुराने फुटेज और सरकारी दावों के आधार पर बता रहे थे कि कश्मीर घाटी में जनजीवन लगातार सामान्य हो रहा है, लेकिन श्रीनगर पहुंचकर हवाई अड्डे से बाहर निकलते ही हमने पाया था कि कहीं कुछ सामान्य नहीं है। उस दिन कश्मीर में जनता द्वारा लागू लॉकडाउन का 32वां दिन था। डिजिटल इंडिया में उस 'नए कश्मीर' का जनजीवन बगैर मोबाइल फोन और इंटरनेट के पूरे 33 दिन से अपाहिज बना हुआ था।

हमने एक हफ्ते वहां रहते हुए देखा था कि सरकारी स्कूल-कॉलेज खुल रहे हैं लेकिन वहां पढ़ने वाले बच्चे नदारद हैं। सरकारी परिवहन के साधन बंद थे। सरकारी दफ्तर, बैंक आदि भी खुलते थे लेकिन उनमें सन्नाटा पसरा रहता था। होटलें, रेस्टोरेंट, दुकानें पूरी तरह बंद थे। देशी-विदेशी पर्यटकों का आना पूरी तरह बंद था। डल झील में तमाम शिकारे खामोश और उदास खड़े थे। पूरे श्रीनगर में हर दस कदम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात थे।

हमने देखा था कि सुबह के वक्त दो घंटे के लिए खाने-पीने के सामानों की दुकानें खुलती थीं, ताकि लोग अपनी रोजमर्रा की जरुरतों का सामान खरीद सकें। बस उन्हीं दो घंटों की लड़खड़ाती और उदास चहल-पहल के बाद पूरे दिन घाटी में सन्नाटा पसरा रहता था। यही माहौल बाद में दो महीने तक और रहा था। फिर भी टीवी चैनलों की खबरों में इन सब बातों का कोई ज़िक्र नहीं हो रहा था। जो कुछ बताया जा रहा था, वह हकीकत से एकदम उलट यानी सरासर बकवास था। इसी वजह से घाटी के बाशिंदों में जबरदस्त गुस्सा था। उनका कहना था कि ये सारे चैनल कश्मीर के मौजूदा हालात की लगातार गलत तस्वीरें पेश कर रहे हैं।

बहरहाल, इस समय पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर भी टीवी चैनलों का रोल बेहद आपत्तिजनक और गंदा है। उनकी खबरों के प्रस्तुतिकरण में वस्तुनिष्ठता सिरे से नदारद है। हमले के दौरान और हमले के बाद श्रीनगर, पहलगाम और आसपास के इलाकों के बांशिदों ने पीड़ित पर्यटकों की जिस तरह मदद की, उसे सिरे से नजरअंदाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा और फिर उन्हें मारा। अगर यह बात सही है तो जाहिर है कि उनका मकसद इस नरसंहार के जरिये देश के हिंदुओं और मुसलमानों के बीच अलगाव व नफ़रत की खाई को और ज्यादा गहरा व चौड़ा करना था। तमाम टीवी चैनल आतंकवादियों के इसी मकसद को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

किसी भी टीवी चैनल की ओर से सरकार से यह सवाल नहीं पूछा जा रहा है कि जब पूरे जम्मू-कश्मीर में विभिन्न सुरक्षा बलों के ढाई लाख से ज्यादा जवान तैनात हैं तो जिस जगह हमला हुआ वहां सुरक्षा बल का एक भी जवान क्यों नहीं तैनात था? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के एक बार नहीं, कई मर्तबा किए गए इस दावे पर कोई सवाल नहीं उठा रहा है कि नोटबंदी और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद आतंकवाद की कमर टूट गई है।

सबसे खतरनाक बात तो यह है कि देश में युद्धोन्माद फैलाने के मकसद से कुछ चैनलों पर भारतीय सेना की संभावित रणनीतियों और पाकिस्तान की संभावित चालों पर भी खुली बहस हो रही है। जिस जानकारी तक दुश्मन देश को पहुंचने में समय लगता है, उसे टीवी चैनलों के स्टूडियो से मुफ्त में परोसा जा रहा है। सवाल है कि ऐसे चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े पहलुओं को सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा बनाने की इजाजत किसने दी है? राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट भी इस सिद्धांत को मजबूती से स्थापित करते हैं कि किसी भी परिस्थिति में संवेदनशील सूचनाएं सार्वजनिक नहीं की जा सकतीं। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से मीडिया के लिए एक एडवाइज़री जारी की गई है, लेकिन लगता नहीं है कि सरकार में बैठे राष्ट्रवाद और देशभक्ति के झंडाबरदार भी उस एडवाइज़री को लेकर गंभीर हैं।

कुछ टीवी चैनल तो टीआरपी बटोरने की अंधी दौड़ में इस कदर बदहवास हो चुके हैं कि देश के पूर्व सैन्य अधिकारियों को नाटकीय तौर पर भारतीय और पाकिस्तानी खेमों में बांटकर काल्पनिक युद्ध में भिड़ाने का तमाशा भी करवा रहे हैं। यह सिर्फ पत्रकारिता का ही पतन नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के बुनियादी सिद्धांत की भी आपराधिक अनदेखी है। कोई भी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी इस तरह टीवी कैमरों के सामने बैठकर ऐसे आपराधिक तमाशे का हिस्सा कैसे बन सकता है? कहने की आवश्यकता नहीं कि इन टीवी चैनलों ने राष्ट्र की सुरक्षा को लोगों के मनोरंजन और अपने धंधे का साधन बना लिया है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# अमेरिका से व्यापार समझौते करने वाले देशों को चीन की चेतावनी बेतुकी

**■ नन्तू बनर्जी**

अमेरिका द्वारा लगाये गये भारी आयात शुल्क से प्रभावित, निर्यात-आधारित चीन बेचैन हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन पर लगाये गये निषेधात्मक आयात शुल्क के बाद उसका नंबर 1 निर्यात गंतव्य, संयुक्त राज्य अमेरिका, अचानक उसकी पहुंच से बाहर हो गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि चीन ने अपने खर्च पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापक आर्थिक समझौता करने की कोशिश करने वाले देशों के खिलाफ चेतावनी जारी की है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध में उसकी बयानबाजी और तेज हो गयी है।

विशेष रूप से, भारत, जो अमेरिका के बाद चीन का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष गंतव्य है, वर्तमान में एक नये व्यापार सौदे के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। 2024-25 में भारत का अमेरिका को निर्यात और चीन से आयात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के साथ, चीन स्पष्ट रूप से इस बात से चिंतित है कि भारत का चीन से आयात अमेरिका की ओर खिसक सकता है। अमेरिका के साथ, भारत का पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 41.18 अरब डॉलर का व्यापारिक व्यापार अधिशेष था, जबकि चीन के साथ इसका व्यापार घाटा 99अरब डॉलर से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका का भारत के कुल निर्यात में लगभग 19.78 प्रतिशत और कुल आयात में 6.29 प्रतिशत हिस्सा था।

चीन भारत के लिए विदेशी मुद्रा निकासी का सबसे बड़ा जरिया साबित हुआ क्योंकि 2024-25 में चीन के साथ देश का व्यापार घाटा अब तक के उच्चतम स्तर 99.2अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारत की ओर चीन के बड़े पैमाने पर व्यापारिक निर्यात ने पिछले वर्ष की तुलना में चीन के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि देखी, जबकि देश ने भारत से अपने आयात को और कम कर दिया। पिछले वित्त वर्ष के दौरान, चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर मात्र 14.25अरब डॉलर रह गया, जो पिछले वर्ष के 16.66अरब डॉलर से कम है।

> भारत अब दोनों देशों के बीच नये व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। चीन ने वाशिंगटन पर दुनिया के सबसे बड़े निर्यातक को अपने कब्ज़े में लेने के लिए अपने आयात शुल्क तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। बीजिंग चीन की कीमत पर कोई भी सौदा करने वाले किसी भी पक्ष का दृढ़ता से विरोध करेगा और 'दृढ़ और पारस्परिक तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा।

भारत अब दोनों देशों के बीच नये व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। चीन ने वाशिंगटन पर दुनिया के सबसे बड़े निर्यातक को अपने कब्ज़े में लेने के लिए अपने आयात शुल्क तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। बीजिंग चीन की कीमत पर कोई भी सौदा करने वाले किसी भी पक्ष का दृढ़ता से विरोध करेगा और 'दृढ़ और पारस्परिक तरीके से जवाबी कार्रवाई करेगा,' उसके वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा। विडंबना यह है कि अगर चीन इसके कार्यान्वयन के बारे में गंभीर है, तो इस खतरे से भारत को बहुत लाभ होने की उम्मीद है। वास्तव में, भारत को अपने उद्योग और स्थानीय रोजगार की रक्षा के लिए चीन के खिलाफ़ एक बड़ा आयात व्यापार अवरोध खड़ा करना चाहिए, जब तक कि चीन बड़े व्यापार अंतर को पाटने के लिए पारस्परिक आधार पर भारत से माल के पर्याप्त आयात की अनुमति नहीं देता।

माना जाता है कि ट्रम्प प्रशासन चीन के साथ व्यापार को रोकने के लिए अमेरिका से शुल्क में कटौती या छूट की मांग करने वाले देशों पर दबाव डाल रहा है, जिसमें मौद्रिक प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2 अप्रैल को चीन को छोड़कर दर्जनों देशों पर लगाये गये व्यापक टैरिफ को रोक दिया है, जिसमें दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को सबसे बड़े व्यापारिक आयात शुल्क के लिए चुना गया है। पिछले कुछ वर्षों में, चीन से बढ़ते आयात ने अमेरिका में घरेलू उद्योग और रोजगार के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अब, अमेरिका इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह राष्ट्रपति ट्रम्प के चीनी आयात पर टैरिफ को 145 प्रतिशत तक बढ़ाने के कदम की व्याख्या करता है, जिससे बीजिंग को अमेरिकी वस्तुओं पर 125 प्रतिशत का प्रतिशोधी शुल्क लगाने के लिए प्रेरित किया है, जो प्रभावी रूप से एक दूसरे के खिलाफ व्यापार दीवारें खड़ी करता है।

चीनी वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका ने तथाकथित 'समतुल्यता' के बैनर तले सभी व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ का दुरुपयोग किया है, साथ ही सभी पक्षों को उनके साथ तथाकथित 'पारस्परिक टैरिफ' वार्ता शुरू करने के लिए मजबूर किया है।' चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका को चीन के निर्यात घाटे को आंशिक रूप से कवर करने के इरादे से प्रमुख आसियान देशों में घूमना शुरू कर दिया। हालांकि, बहुत से आसियान देश इस बात से सहमत नहीं हैं क्योंकि वे चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे से भी पीड़ित हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्षेत्रीय संबंधों को मजबूत करने के लिए कुछ दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का दौरा किया, और अपने आसियान व्यापार भागीदारों से अमेरिका द्वारा एकतरफा बदमाशी का विरोध करने का आह्वान किया। आसियान में ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम सहित 10 सदस्य देश हैं। दिलचस्प बात यह है कि थाईलैंड और इंडोनेशिया के आर्थिक मंत्री हाल ही में अमेरिका में थे, और मलेशिया पिछले सप्ताह बाद में शामिल होने वाला देश है, और सभी अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार वार्ता की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी अनुमानों के अनुसार, 2024 में आसियान और अमेरिका के बीच व्यापार कुल मिलाकर लगभग 476.8अरब डॉलर का था, जिससे वाशिंगटन क्षेत्रीय ब्लॉक का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया।

वास्तव में, आसियान चीन का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। पिछले साल, आसियान को चीन का निर्यात 586.52 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि है। इस वृद्धि के कारण कुछ आसियान देशों के लिए व्यापार घाटा बढ़ गया है और चीनी वस्तुओं के आने से स्थानीय उद्योगों और रोजगार पर दबाव पड़ा है। चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे ने भारत जैसे प्रमुख आसियान देशों को परेशान कर रखा है। पिछले साल, आसियान को चीनी निर्यात 586.52अरब डॉलर था जबकि आसियान से चीनी आयात केवल 395.81अरब डॉलर रहा। चीन को आसियान के निर्यात में बमुश्किल दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी।

व्यापार के मामले में बहुत से आसियान देश चीन पर भरोसा नहीं करते। वे अमेरिका को एक बहुत विश्वसनीय व्यापारिक साझेदार मानते हैं। पिछले साल, अमेरिका और आसियान देशों के बीच कुल व्यापार 476.8अरब डॉलर था। आसियान से अमेरिका का आयात 352.3अरब डॉलर था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि है, जिसके कारण आसियान के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा 227.7अरब डॉलर हो गया है, जो 2023 की तुलना में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि है।

ऐसी परिस्थितियों में, बहुत कम देश चीन की इस धमकी को गंभीरता से लेने के लिए तैयार हैं कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सौदे करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जायेगी। भारत सहित अधिकांश देश अमेरिका को चीन की तुलना में अधिक विश्वसनीय व्यापारिक साझेदार मानते हैं। जहां तक भारत का सवाल है, चीन के साथ देश का व्यापार घाटा बढ़ गया है, जो रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, चीन से आयात भारत से उसे निर्यात से बहुत अधिक है। चीन लगातार भारत से आयात को रोक रहा है। वह नेपाल का उपयोग करके सभी प्रकार के चीनी सामानों को भारत में धकेल रहा है। चीन विभिन्न औद्योगिक उत्पाद श्रेणियों में भारत का शीर्ष आयात स्रोत बन गया है। अमेरिका-चीन व्यापार संबंध अपने निम्नतम स्तर पर पहुंच गये हैं, ऐसे में इस बात की प्रबल चिंता है कि चीनी निर्यातक अमेरिकी टैरिफ के कारण उत्पादन को भारत की ओर मोड़ रहे हैं और आगे भी डंपिंग का सहारा लेंगे।

सौभाग्य से, भारत और अमेरिका ने पहले ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता की शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है, जिसका उद्देश्य व्यापार संबंधों में संतुलन और पारस्परिकता लाना है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट के अनुसार, भारत ट्रम्प प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश हो सकता है। व्यापार समझौते से बाजार तक पहुंच बढ़ाने, टैरिफ कम करने और आपसी लाभ के लिए व्यापार घाटे को पाटने की उम्मीद है।

## आपके पत्र

### 'रोटी' से ज़्यादा 'रील' जरूरी हो गई है

सोचिए, सुबह की पहली किरण नहीं, बल्कि मोबाइल की स्क्रीन आपकी नींद खोलती है। दिन भर की चहल-पहल नहीं, बल्कि नोटिफिकेशन की गूंज आपके दिल की धड़कनों को दिशा देती है। अब तो रिश्तों की ऊष्मा भी स्क्रीन की रोशनी में घुलती जा रही है। हम इंसान, जो कभी संवाद में जिया करते थे, अब सिग्नल में सांस लेते हैं। हाल ही में ज़ी-5 पर रिलीज़ हुई फिल्म 'लॉगआउट' ने न सिर्फ इस भयानक आदत की ओर इशारा किया है, बल्कि सीधे-सीधे गाल पर एक करारा तमाचा जड़ा है, जो अब तक स्मार्टफोन को अपना सबसे अच्छा दोस्त मान बैठे थे। फिल्म खत्म होने के बाद सिनेमा हॉल में चुप बैठे रहे शायद वे अपने ही अंदर किसी खामोश चीख को सुन रहे थे। वर्तमान समय में एक औसत भारतीय दिन के 7 घंटे से अधिक मोबाइल स्क्रीन पर बिताता है। अगर इसमें लैपटॉप, टीवी और अन्य डिजिटल उपकरण जोड़ दें, तो आंकड़ा 10 घंटे के पार जा पहुंचता है। यानी एक व्यक्ति अपनी ज़िंदगी का लगभग आधा हिस्सा वर्चुअल दुनिया में गवां देता है। ये वही समय है, जब वह अपने बच्चे को कहानी सुना सकता था, मां का हालचाल पूछ सकता था या खुद से कोई पुरानी किताब निकाल कर मन के कोनों को साफ कर सकता था।

मोबाइल की लत को हम 'स्मार्ट' होने का प्रतीक मान बैठे हैं। अजीब विडंबना है, जिस यंत्र ने हमें पूरी दुनिया की जानकारी देने का वादा किया था, उसने हमें अपनों से ही बेखबर कर दिया है। अब खाना खाते समय 'रोटी' से ज़्यादा 'रील' जरूरी हो गई है। बच्चों की पहली चाल की तस्वीर भी अब कैमरे के लिए होती है, यादों के लिए नहीं। अध्ययन बताते हैं कि स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से न सिर्फ नींद कम होती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ता है। डिजिटल डिप्रेशन, सोशल मीडिया एंग्जायटी, और फोमो आज फीयर ऑफ मिसिंग आउट जैसे नए विकारों ने शहरी युवाओं के मन-मस्तिष्क पर हमला बोल दिया है। इंसान अब 'अकेले' नहीं रह सकता, क्योंकि उसे हमेशा 'ऑनलाइन' रहना है। एक क्लिक से दुनिया बदलने की शक्ति रखने वाला आज खुद एक क्लिक का गुलाम बन चुका है।

यहां यह भी समझना दिलचस्प होगा कि सोशल मीडिया कंपनियां जानबूझ कर इन प्लेटफॉर्म्स को डोपामिन ट्रिगर के अनुसार डिजाइन करती हैं। आपको एक नोटिफिकेशन मिलेगा, दिमाग खुश होगा, और आप फिर बार-बार उसी प्रतिक्रिया की तलाश में वहां लौटेंगे। यह कोई संयोग नहीं है कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक जैसी कंपनियां आपको 'स्क्रॉलिंग के नशे' में बांधने के लिए मनोवैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल करती हैं। मगर दोष सिर्फ तकनीक का नहीं, हम खुद भी तैयार बैठे हैं अपने समय, ध्यान और जीवन को दांव पर लगाने के लिए। डिजिटल डिटॉक्स की बात करने वाले लोग भी एक तस्वीर अपलोड करने के बाद 50 बार चेक करते हैं कि कितने लाइक आए।

आत्ममुग्धता और दिखावे की इस दौड़ में हम न सिर्फ खुद को खो चुके हैं, बल्कि अगली पीढ़ी को भी 'डिजिटल नशा' की लत लगा चुके हैं। 'लॉगआउट' जैसी फिल्में हमें सिर्फ एक कहानी नहीं दिखातीं, वे हमें आईना दिखाती हैं, वो आईना जिसमें हमारा चेहरा नहीं, बल्कि एक झुकी हुई गर्दन, थकी आंखें, और हमेशा व्यस्त रहने का भ्रम दिखाई देता है।

**-सोनम लववंशी**



## ललित सुरजन की कलम से

### स्वच्छ प्रशासन की चिंता-2

*'सर्वोच्च न्यायालय ने अभी हाल में टीएसआर सुब्रह्मण्यम और 83 अन्य की जनहित याचिका पर प्रशासनिक सेवाओं के बारे में जो निर्देश दिए हैं उनमें एक यह भी है कि प्रशासनिक अधिकारी मंत्री के मौखिक आदेश पर कोई काम न करें। इस निर्देश की जरूरत क्यों पड़ी? इससे यह प्रतिध्वनित होता है कि मंत्रीगण मनमाने आदेश करते हैं और अधिकारी आंख मूंदकर उनका पालन करते हैं। यह कोई राजशाही या तानाशाही का जमाना तो है नहीं कि अधिकारी सिर झुकाकर राजनेता की हर बात मान ले। मंत्री अगर अधिकारी से नाखुश है तो वह मुख्यमंत्री से शिकायत कर सकता है और मुख्यमंत्री के पास ज्यादा से ज्यादा ऐसे अधिकारी के तबादला करने का ही अधिकार है। बीच-बीच में अधिकारियों के निलंबित करने के प्रकरण भी हुए हैं, लेकिन वैसा सामान्यत- नहीं होता। ध्यान रहे कि हम यह चर्चा उच्च प्रशासनिक अधिकारियों विशेषकर आईएएस इत्यादि के संबंध में कर रहे हैं। जिनका चयन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाता है। कुछ माह पूर्व ही उत्तर प्रदेश की आईएएस अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल के प्रकरण में हमने देखा कि अखिलेश सरकार को निलंबन आदेश वापिस लेना पड़ा।'*

**( देशबंधु में 14 नवम्बर 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/11/2.html

## परशुराम जन्मोत्सव आज

### नेपथ्य में रहने वाले महायोद्धा हैं : परशुराम

विप्र समुदाय अपने आदिदेव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को लेकर पूरी तैयारी में खड़ा दिखाई पड़ रहा है। रामायण से लेकर महाभारत तक में परशुराम जी के चरित्र को अत्यंत क्रोधित रूप में प्रकट किया गया है। उनका एक दूसरा स्वरूप भी समाज के सम्मुख आता है , जिसमें हमें यह संदेश मिलता है कि भगवान परशुराम जी ने सदैव अदम्य धैर्य, साहस, पराक्रम, त्याग और विरक्ति से भरे भाव के द्वारा अन्याय का प्रतिरोध किया। हम प्रतिवर्ष उनके जन्मोत्सव अवसर पर उनके द्वारा बताए गए सिद्धांतों को स्मरण करते हैं साथ ही उनके संदेशों पर चलते हुए समाज की बेहतरी के लिए काम करना चाहते हैं। परशुरामजी के विषय में हमें शास्त्रों से जानकारी मिलती है कि उन्होंने 21 बार इस पृथ्वी को क्षत्रियों से मुक्त कराया। सवाल यह उठता है कि उन्होंने किन क्षत्रियों का संहार किया और क्यों? भगवान परशुराम का पराक्रम ऐसा था कि इस पृथ्वी पर उनका विरोध करने वाला कोई नहीं था। कश्यप मुनि को उन्होंने 7 द्वीपों सहित पूरी पृथ्वी दान कर दी। कश्यप मुनि ने उन्हें इस पृथ्वी को छोड़ने का आदेश दिया। उन्होंने कश्यप मुनि के कहने पर सब कुछ त्याग दिया किंतु उनका ज्ञान और अदम्य साहस उनके पास सुरक्षित रहा।

परशुराम जी का जन्म ब्रह्मकुल में हुआ था। युद्ध में विजय प्राप्त करने के उपरांत वे स्वयं तो सत्ता से दूर रहे, अपने प्रियजनों, परिजनों को भी सत्ता नहीं सौंपी। वे सत्ता, पद, प्रतिष्ठा, सुख - वैभव और भौतिक महत्वाकांक्षाओं से कोसों दूर रहने वाले सच्चे तपस्वी ब्राह्मण थे । दीर्घकाल तक तपस्या में लीन रहने के बाद भगवान परशुराम दृश्यपटल पर लंबे अंतराल बाद तब अवतरित होते हैं जब अत्याचारी राक्षसों का संहार करने के लिए पुन: एक युग प्रवर्तक इस धरती पर अवतार लेता है। ऐसा माना जा सकता है मानों वे किसी युगनायक की प्रतीक्षा में महेंद्र पर्वत पर तपश्चर्या में लीन थे। चिंतन की बात यह है कि सहस्त्रबाहु अर्जुन के वध में ऐसी क्या विशेष बात है जो इस निमित्त भगवान विष्णु को अवतार लेना पड़ा? वस्तुत: कार्तवीर्य अर्जुन को दो भुजाओं से हजार भुजाओं वाला होने का वरदान भी भगवान विष्णु के ही अवतार दत्तात्रेय ने दिया था। दत्तात्रेय जी, परशुराम के पूर्ववर्ती अवतार कहे गए हैं:

तेन हैहयराजस्य कार्तवीरस्य धीनत:।
वरदेन वरो दत्तो दत्तात्रेयेण धीनता।।
एतद बाहु द्वयां यत्ते मृधे मम कृतेअनघा।
शताधिक दश बाहुनाम भविष्यंति न संशय:।।

इस प्रकार सहस्त्रार्जुन ने वरदान की अमोघ शक्ति पाकर प्रजा का भयंकर उत्पीड़न किया। हर इच्छित वस्तु की लूट-खसोट करते हुए जमदग्नि जैसे तपस्वी की हत्या कर दी। उसने अपनी शक्ति के दर्प में चूर होकर अपनी दूरदम्य हजार भुजाओं से एक बार मां नर्मदा के जल प्रवाह तक को रोक दिया। ऐसे वर प्राप्त महाबली का वध करने हेतु विष्णु जी को ही पुन: अवतार ग्रहण करना पड़ा। भगवान परशुराम जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम की भी परीक्षा ली। अपने रौद्र रूप और पराक्रम से वे श्रीं राम को भयभीत करने की चेष्टा भी करते रहे। जब उन्हें भलीभांति यह अहसास हो गया कि यह सर्वगुण संपन्न धर्म रक्षक क्षत्रिय राजकुमार ही वर्तमान में दुष्टों का संहार करने में समर्थ हैं, तो बिना युद्ध किए उन्होंने पराजय स्वीकार कर ली। विनम्रतापूर्वक अपनी दिव्य शक्तियां प्रभु श्री राम को अर्पित कर पुन: नेपथ्य में चले गए। आज के समय में भगवान परशुराम जी का चरित्र मार्गदर्शक और प्रेरणास्पद है।

**- डॉ . सूर्यकांत मिश्रा**

CMYK

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर

बुधवार,30 अप्रैल 2025

उल्टा पुल्टा

दो बातें हमेशा याद रखना-
- हर इंसान उतना बुरा नहीं होता, जितना वह आधार कार्ड पर दिखता है.
-हर इंसान उतना अच्छा भी नहीं होता, जितना वह अपनी फेसबुक पर।

## संपादकीय

### पर्यटन स्थल हों सुरक्षित

*छत्तीसगढ़ में अनेक प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र हैं। इनमें कुछ धार्मिक स्थल होने के कारण तो अनेक अपनी प्राकृतिक सुंदरता के कारण लोगों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करते हैं। रतनपुर की महामाया देवी, डोंगरगढ़ स्थित बमलेश्वरी देवी के मंदिर यदि पहाड़ों पर स्थित हैं, तो वहीं दंतेश्वरी मंदिर डंकिनी-शंखिनी नदी के किनारे बसा है। कवर्धा का भोरमदेव व पाली का मंदिर अष्टकोणीय तालाब के किनारे पर है। बस्तर और कोरबा में अनेक झरने हैं तो मैनपाट अपने खूबसूरत पठार के लिये जाना जाता है। पूरे राज्य में और भी अनेक सुंदर पर्यटन स्थल हैं। इन्हें विकसित करने के लिये राज्य सरकार और पर्यटन मंडल ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। फिर भी, जिस बात की सबसे ज्यादा कमी नज़र आती है वह है सुरक्षा के उपाय। कई जगह पानी में गिरने अथवा पहाड़ी से नीचे गिर पड़ने का खतरा है। कई जलाशयों में भी सुरक्षा उपायों का अभाव दिखलाई पड़ता है।*

*राज्य के अनेक पर्यटन स्थलों पर आधुनिक उपकरणों या साधनों के प्रयोग भी किये जा रहे हैं। मैनपाट में पैराग्लाइडिंग होती है तो रायपुर के बूढ़ा तालाब, कोरबा के सतरेंगा आदि में नौकायन की सुविधाएं उपलब्ध हैं ताकि वहां जाने वाले अपना दिल बहला सकें। बमलेश्वरी मंदिर तक जाने के लिये रोप वे का इस्तेमाल काफी दिनों से हो रहा है जो वहां के श्रद्धालुओं के लिये सुविधा के साथ सभी के लिये रोमांचकारी मनोरंजन का अनुभव कराता है। ऊपर जाकर देवी के प्रति आस्था व्यक्त करने के इच्छुक सैकड़ों दर्शनार्थी रोप वे का इस्तेमाल करते हैं। बुजुर्गों, बीमारों, असक्तों, गर्भवती महिलाओं आदि के लिये रोप वे बहुत उपयोगी साबित होता है क्योंकि मंदिर तक जाने के लिये बड़ी चढ़ाई है जहां सीढ़ियों से चलकर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं हो पाता। पिछली शुक्रवार को मंदिर से लौट रही एक ट्रॉली अलग होकर प्लेटफॉर्म पर गिर गयी। इसमें 6 लोग सवार थे जिनमें राज्य के एक पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा भी थे जो बुरी तरह से घायल हो गये। उन्हें रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।*

*यह हादसा बहुत गम्भीर हो सकता था यदि ट्रॉली प्लेटफॉर्म पर न गिरकर ऊंचाई से गिरती, यानी जब वह हवा में आगे बढ़ रही थी। प्रारम्भिक अनुमान तो यही मिला है कि दुर्घटना का कारण खराब रख-रखाव हो सकता है। ऐसे उपकरणों एवं साधनों की नियमित देखभाल ज़रूरी है। इसी तरह से जिन पर्यटन स्थलों पर ऊंचाई से गिरने का खतरा हो, वहां रेलिंग, बाड़ आदि ज़रूरी है। जहां डूबने का खतरा होता हो, वहां रक्षक दल व नौकाएं, लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था होनी चाहिये। साथ ही, लोगों को चेतावनी देने वाले बोर्ड भी यथोचित स्थानों पर लगाये जाने चाहिये। इसके साथ ही स्वयं पर्यटक तथा श्रद्धालुगण सावधान रहें।*

# पेयजल सभी के लिए गंभीर समस्या है,इसके लिए बड़े आंदोलन की जरूरत-कलेक्टर

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नव पदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि पेयजल समस्या सभी के लिए गंभीर समस्या है ।दरअसल हम बारिश का पानी जितनी स्पीड से एकत्र करते है उससे दुगनी निकाल लेते है ।इसके अलावा और भी कई फैक्टर है पानी संकट है ,इसके लिए शासन प्रशासन ही नहीं हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है इसलिए भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए पानी बचाने और बारिश के पानी को ज्यादा से ज्यादा स्टोर करने बड़े आंदोलन की जरूरत है ।



पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बिलासपुर शहर का विस्तार हुआ है ।विकास चलते रहता है ।आज की स्थिति में सभी शहरों में सुविधाओं में बढ़ोतरी की जरूरत है। पुराने शहरों में सुधार की जरूरत ज्यादा है ।नए बसाहट वाले शहरों में सारे विकास प्लान के अनुसार होता है। विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कोयला समेत अन्य खनिजों का परिवहन करने वालों को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन करना होगा। परिवहन करने के दौरान कारोबारियों को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का पालन करना जरूरी है। .निर्देशों का पालन नहीं करने वाले कोयला बेचने और परिवहन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। इस दौरान कलेक्टर ने पानी की समस्या वाले सवालो को गंभीरता से लिया। उन्होने बताया कि धान और वाशरी एक कारण हैं..इसके अलावा पानी समस्या को लेकर कई और भी वजह है। समस्या के खिलाफ हमें मिलकर प्रयास करना होगा।

नव पदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहली बार पत्रकारों से मुलाकात की। कलेक्टर को बताया कि धान ही नहीं बल्कि कोयला वाशरी में नियम के खिलाफ पानी का दोहन होने से शहर में पानी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। कलेक्टर ने बताया कि ऐसी ही समस्या राजनांदगांव में देखने को मिली। बिलासपुर का तेजी से विकास हुआ है। निश्चित रूप से भूगर्भीय जल दोहन ज्यादा हो रहा है। धान और कोयला वाशरी के अलावा पानी समस्या के अन्य कई कारण हैं। हमें मिलकर इस समस्या का निदान करना होगा। वाटर हार्वेस्टिंग समेत इंजेक्शन सिस्टम को बढ़ावा देना होगा। इस समस्या को मिल जुलकर ही दूर करेंगे। पौधरोपण पर जोर देंगे। लोगों को पौधों के पालन पोषण के लिए जागरूक करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि हर घर के सामने एक पौधा होता है। उसकी सेवा करने में किसी को परेशानी भी नहीं होगी। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से कोयला वाशरी में भूगर्भीय जल का दोहन रहा है। मामले को हम गंभीरता से लेकर उचित कदम उठाएंगे। राज्य शासन द्वारा जमीन नामांतरण की नई नीति लागू करने के बाद तहसीलदारों और एस डी एम के कोर्ट में नामांतरण के पेंडिंग हजारों मामले के निपटान के प्रश्न पर कलेक्टर ने कहा कि सरकार इसके लिए भी कुछ न कुछ तो निर्णय लेगी ।जमीन नामांतरण और रजिस्ट्री की नई नीति से जमीनों पर खतरा बढ़ जाने के प्रश्न पर कलेक्टर ने कहा कि जब भी नया नियम आता है..कुछ परेशानियां संभव है।

लेकिन धीरे धीरे उसे दूर कर लिया जाएगा। पालिसी बनाते समय सभी बातों का ध्यान रखा जाता है। यदि जमीन माफिया ऐसा कुछ करते हैं..तो जमीन लौटाया जाएगा। साथ ही सख्त कदम उठाया जाएगा। रजिस्ट्रार रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण करेंगे। नई पालिसी में धोखाधड़ी वाले आशंकाओं का भी ध्यान रखा गया है। इसमें आईजी को भी शामिल किया गया है।

अरपा बैराज के मुद्दे पर कलेक्टर संजय ने कहा कि दौरा करूंगा। बैराज की स्थिति का पता लगाऊंगाउ्उचित कदम भी उठाया जाएगा।

### अवैध प्लाटिंग पर करेंगे कार्रवाई

सरकारी जमीन पर कब्जा,अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कलेक्टर ने बताया कि यह सतत प्रक्रिया है। इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई होगी।

कलेक्टर ने इस दौरान मवेशी समस्या पर कलेक्टर ने बताया कि हाईकोर्ट ने इस मामले में दिशा निर्देश दिया है। इसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। समस्या को लेकर विभागों को जरूरी आदेश देंगे। इस दौरान उन्होने कहा कि कार्यालयीन समय में बैठक के बाद आम जनता पत्रकारों के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

## सार-संक्षेप

### दो निजी चॉइस सेंटर संचालकों पर कार्रवाई, जांच के बाद कलेक्टर ने बंद करा दी आईडी

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर ने दो निजी चॉइस सेंटर संचालकों को जारी आईडी बंद करा दी है। निजी चॉइस सेंटर की नायब तहसीलदार सीपत द्वारा की गई शिकायत जांच में सही पाए जाने पर उनकी आईडी वापस ले ली गई है। इससे वे शासकीय कामकाज करने के लिए अपात्र हो गए हैं।

चिप्स कार्यालय के ईडीएम ने बताया कि कार्यवाही के पूर्व दोनों संचालकों को अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस प्रेषित किया गया था। उन्होंने बताया कि नायब तहसीलदार सीपत द्वारा कार्यालय जिला कलेक्टर बिलासपुर को तखतपुर ब्लॉक के ग्राम अमसेना में संचालित सीएससी केन्द्र संचालक अरविन्द कुमार पटेल और ग्राम पंचायत मस्तूरी में संचा?लि?त निजी चॉइस सेंटर के संचालक अरूण कुमार गोयल के विरूद्ध शिकायत मिली थी, जिसमें ईडीएम द्वारा जांच की गई । जांच के दौरान पाया गया कि संचालक अरविन्द कुमार पटेल द्वारा निजी चॉइस सेंटर की आईडी होते हुए भी फर्जी तरीके से मितान आईडी द्वारा आवेदक का आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र हेतु सीपत तहसील में आवेदन किया गया और अनुमोदन हेतु शासकीय अधिकारी को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, जो पूरी तरह से अनुचित व्यवहार है। वहीं निजी चॉइस सेंटर संचालक अरूण कुमार गोयल द्वारा आय प्रमाण पत्र हेतु त्रुटि पूर्ण आवेदन करते हुए, त्रुटि बताए जाने पर भी बिना सुधार के बार बार पुन: आवेदन किया गया । दोनों संचालकों के विरूद्ध तथ्यों को छुपाने, त्रुटिपूर्ण आवेदन करने जैसे आरोप सही पाए गए है । ऐसे में कलेक्टर बिलासपुर द्वारा जांच उपरान्त दोनों संचालकों की आईडी बंद करने की कार्रवाई की गई है । वे अब शासकीय कार्य संपादन के लिए अपात्र हो गए है।

### नगरीय निकायों को महापौर, अध्यक्ष और पार्षद निधि के तहत 103 करोड़ रुपए जारी

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगमों में महापौर निधि, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि तथा तीनों तरह के निकायों में पार्षद निधि के रूप में 103 करोड़ रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को ये राशि जारी कर दी है। उन्होंने नगरीय निकायों को इन निधियों का सदुपयोग करते हुए राज्य की शहरी आबादी तक यथाशीघ्र योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इस राशि से निकायों में मूलभूत विकास के कार्य किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नगर निगमों में महापौर निधि तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि की 50-50 प्रतिशत राशि की प्रथम किस्त के रूप में कुल 30 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए जारी किए गए हैं। तीनों तरह की नगरीय निकायों में पार्षद निधि के रूप में कुल 72 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए भी जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा नगर निगमों में महापौर निधि के दस करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए, नगर पालिकाओं में अध्यक्ष निधि के दस करोड़ 50 लाख रुपए तथा नगर पंचायतों में अध्यक्ष निधि के दस करोड़ एक लाख 25 हजार रुपए जारी किए गए हैं। वहीं पार्षद निधि के प्रथम किस्त (50 प्रतिशत) के रूप में नगर निगमों को 21 करोड़ 96 लाख रुपए, नगर पालिकाओं को 23 करोड़ 37 लाख 75 हजार रुपए एवं नगर पंचायतों को 27 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

### अवैध गांजा बिक्री करने वाला आरोपी गिरफतार

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के विरूद्ध अवैध कारोबार करने वालो पर अंकुश लगाने विशेष अभियान प्रहार चलाकर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अवैध शराब बिक्री/परिवहन करने वालो के उपर सतत् निगाह रखी जा रही है इसी कड़ी में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि टिकरीपारा निवासी नरेश ठाकुर हिन्दु एकता मंच एनीकट तखतपुर के पास मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है ।

सूचना तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा श्रीमती नूपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेश सिह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर मय पेट्रोलिंग वाहन के तस्दीक कार्यवाही हेतु रवाना हुए मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकडा तथा मौके पर पूछताछ तलाशी पर अपना नाम नरेश सिंह धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया ।

# कमिश्नर-आईजी ने की नीट परीक्षा तैयारी की समीक्षा

### 4 मई को 21 केंद्रों में होगी परीक्षा, 7,544 बच्चे होंगे शामिल

### एनटीए की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने दिए निर्देश

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नीट की परीक्षा इस बार रविवार 4 मई को बिलासपुर सहित देश के कई शहरों आयोजित की गई है। चिकित्सा कॉलेजों में प्रवेश इसी परीक्षा के मेरिट के आधार पर तय होती है। संभागायुक्त श्री सुनील जैन और आईजी श्री संजीव शुक्ला ने मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर इसके लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा की। केंद्र सरकार की एजेंसी एनटीए द्वारा परीक्षा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने एन टी ए की गाइडलाइन और एस ओ पी की जानकारी देकर इनका अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह सहित नोडल अधिकारी और सभी केंद्राध्यक्ष इस अवसर पर उपस्थित थे। बिलासपुर के 21 केंद्रों में 4 मई को परीक्षा का आयोजन होगा और इसमें 7544 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

कमिश्नर श्री जैन ने कहा कि गरमी के मद्देनजर बच्चों के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होने चाहिए। पानी पिलाने के लिए कर्मचारियों की भी पर्याप्त संख्या हो। व्हील चेयर की व्यवस्था हो। दिव्यागजनों के लिए नीचे के कमरों में बैठने की व्यवस्था हो। विद्युत व्यवस्था बाधित न हो। कमिश्नर ने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगाई गई है उन्हें पास जारी किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में जनरेटर की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से करने कहा। अनधिकृत कोई भी व्यक्ति केंद्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आईजी श्री संजीव शुक्ला ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों की नामजद ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने अपील की कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। कोई भी संदिग्ध सूचना मिलने पर पुलिस को तत्काल इसकी जानकारी दें। उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को भी चौकन्ना रहकर सुरक्षा के तमाम इंतजाम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि परीक्षा आयोजन के लिए जारी एसओपी का अक्षरश: पालन करना है। सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। बच्चों को ज्यादा समय धूप में ना रहना पड़े। परीक्षा केंद्रों में बच्चों के इंटर करने की प्रकिया शीघ्रता से पूरा करें ताकि बच्चों का ज्यादा समय में धूप में न रहना पड़े। परीक्षा के दौरान वर्जित सामनों की सूची बनाकर केंद्र के बाहर लगवा दें।

### 4 मई को होगी परीक्षा

नीट की परीक्षा 04 मई रविवार को दोपहर 02 से 05 बजे तक आयोजित की गई है। सवेरे 11 बजे तक बच्चों को परीक्षा केंद्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

### ये सामान नहीं ले जा सकेंगे परीक्षार्थी

परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी स्टेशनरी सामग्री जैसे टेक्स्ट मटेरियल, पेपर का टुकड़ा, ज्योमेट्री, पेन, पेंसिल बॉक्स, राइटिंग पैड, पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर नहीं ले जा सकेंगे। कम्युनिकेशन डिवाइस जैसे मोबाइल, फोन, ब्ल्यू टूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड नहीं ले जा सकेंगे। अन्य सामग्री जैसे वॉलेट, गॉगल्स, हैंडबैग्स, बेल्ट कैप, घड़ी, कलाई घड़ी, कैमरा, आभूषण, मेटैलिक आइटम, खाद्य सामग्री खुले या पैक्ड, पानी की बॉटल भी प्रतिबंधित है। इसके अलावा माइक्रोचिप, कैमरा और ब्लूटूथ भी प्रतिबंधित है।

# सीएमडी कॉलेज में मलेरिया थीम पर कार्यक्रम आयोजित



**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)।सीएम दुबे पी.जी कॉलेज के प्राणिशास्त्र विभाग में आयोजित थीम मलेरिया का अंत हमारे साथ पुनर्निवेश करे फिर से प्रज्जवलित करे, मलेरिया मादा मच्छर, दूषित पानी के इकट्ठा होने पर फैलता है इसे साफ- सफाई एवं पर्यावरणीय जागरूकता के बारे में बताया गया।

शासी निकाय के (अध्यक्ष) डॉ. संजय दुबे ने कहा कहा - मलेरिया एक गंभीर, रोकथाम योग्य और उपचार योग्य बीमारी है जो संक्रमित एनोफिलीज मच्छरों के काटने से फैलती है। हमे इससे बचना चाहिए। प्राणिशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रियंका अग्रवाल के द्वारा कहा गया दूषित जल संग्रह पर डी.डी.टी का छिड़काव तथा रोकथाम किया जा सकता है। प्रभारी प्राचार्य डॉ संजय सिंह ने कहा -लोगो को कूड़ा-कचरा को जल में नहीं फेंकना, चाहिए तथा वातावरण को प्रदूषण से बचाना चाहिए जिससे मच्छरों से बचाव हो सके। इसके साथ ही हमे कार्य करना पड़ेगा।

कार्यक्रम की सफलता शासी निकाय के (अध्यक्ष) डॉ. संजय दुबे, प्राचार्य डॉ. संजय सिंह एवं सहायक प्रध्यापक -प्रियंका अग्रवाल, रीमा बिस्वास, हितेश यादव, अभिनाश कुजुर, राजेश निराला, रामेश्वर पटेल, रोशनी कौशिक, चित्रलेखा यादव,नंदनी वर्मा साथ ही महाविद्यालय के उपस्थित छात्राओं चंचल सिंह, हिमांशी, मैरी, अंजली, अमन, काव्य, आकाश राठोर के द्वारा संभव हो सका।

# जनता के बीच पहुंचे भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति स्वास्थ्य परिवार कल्याण प्रतिनिधि सूर्या ने मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों और स्वास्थ्य केंद्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं।



दौरे के क्रम में श्री सूर्या ने मल्हार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लोहारसी उप स्वास्थ्य केंद्र, चिल्हाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, और जोंधरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य केन्द्रो में इलाज के लिए आए हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं पूछा कि क्या उप स्वास्थ्य केदो में ठीक इलाज हो पा रहा है, सही दवाई मिल पा रहा है, स्वास्थ्य केन्द्रो में बैठे डॉक्टर का व्यवहार कैसा रहता है उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के पश्चात श्री सूर्या ने कुकुरदी कला सहित आसपास के ग्रामों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से भेंट की। उन्होंने पेयजल सड़क बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं और अन्य स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने अपनी दिक्कतें खुलकर उनके समक्ष रखीं। इस दौरान श्री सूर्या के साथ जिला पंचायत प्रतिनिधि खिलावन पटेल क्रमांक 14 मिट्ठू प्रजापति वरिष्ठ नेता भाजपा लोकनाथ बंजारे और तिलक राम मिर्जा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जिला कार्यालय का किया निरीक्षण

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)।कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने शाखा प्रभारी अधिकारी और कर्मचारियों से उनके कामकाज की जानकारी ली। बिना वाजिब कारण के कोई भी फाइल को लंबित नहीं रखने की हिदायत दी। कलेक्टर ने करीब सवा 10 बजे कार्यालय का निरीक्षण किया।

# नहीं रहे सक्ती रियासत के राजा और मप्र शासन के पूर्व मंत्री सुरेंद्र बहादुर सिंह

### 83 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

**बिलासपुर**, 29 अप्रैल (देशबन्धु)।अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से सक्ती रियासत के राजा रहे एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने सक्ती स्थित हरि गुजर महल में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और महल में ही रहकर इलाज करवा रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को राजवाड़ा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

छह दशक पहले लोगों ने सक्ती रियासत के नए राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का राज्याभिषेक देखा था। तब राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह 18 साल के थे। इसके बाद पीढियां बदलती गई । वर्ष1865 में 14 रियासतों का गठन हुआ था। उस समय सक्ती छोटी रियासत थी और बस्तर बड़ी रियासत हुआ करती थी।

सक्ती रियासत के सबसे पहले राजा हरि गुजर हुए। इनके पुत्र रुपनारायण सिंह ने गद्दी 1914 में निधन होते तक सम्हाली। राजा रूपनारायण की एकमात्र बेटी थी। कोई बेटा नहीं था। उनकी बेटी की शादी रायगढ़ के राजा नटवर सिंह के साथ हुई थी। उन्होंने छोटे भाई चित्रभान के बेटे लीलाधर सिंह को गोद लिया था। 1914 में ही राजा लीलाधर राजा बन गए थे।



जिवेंद्र बहादुर सिंह का अल्पायु में ही निधन हो जाने के कारण 18 वर्ष की उम्र में वर्ष 1960 में सुरेंद्र बहादुर सिंह राजा बनें और विरासत को अभी तक 83 वर्ष की आयु तक सम्हाल रहे थे। उनके छोटे भाई कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया है। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह ने सन 1977 में देश मे लगे आपातकाल के बावजूद सक्ति विधानसभा से विधायक के रूप मे जीत दर्ज की थी। राजा सुरेंद्र बहादुर की भी कोई संतान नहीं होने से उन्होंने धर्मेंद्र को दत्तक पुत्र बनाया था। पूरे भारत की राजनीति में देखा जाए तो किसी राज परिवार ने निरंतर 5 दशकों (50 वर्षों) तक सक्रिय राजनीति में अपना प्रतिनिधित्व रखा है, तो उसमें सक्ती रियासत अग्रणी है, जिसके सदस्य निरंतर सन 1952 से पांच दशकों तक सक्ति विधानसभा क्षेत्र में विधायक के रूप में सत्तासीन रहे । इस दौरान सक्ती रियासत के सन् 1952 से राजा लीलाधर सिंह, राजमाता टंक राजेश्वरी सिंह, कुमार पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, इंदुमती एवं राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह भी चार बार विधायक एवम मंत्री रहे एवं इस रियासत ने अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही कांग्रेस की राजनीति में अपना गहरा प्रभाव छोड़ा है। आज भी इनके समर्थक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में देखे जाते हैं, तथा लोगों की आस्था आज भी सक्ति रियासत के प्रति अटूट बनी हुई है। सक्ती विधानसभा क्षेत्र सामान्य सीट होने के बावजूद एक राजगोंड आदिवासी परिवार से पांच दशकों तक विधानसभा का विधायक बने रहना राजनीतिक मायने में काफी अहम रखता है। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वे न केवल मध्यप्रदेश की दिग्गज राजनीति का हिस्सा रहे, बल्कि शक्ति रियासत के राजा के रूप में भी अत्यंत लोकप्रिय थे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में भी उन्होंने लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी पहचान एक प्रभावशाली और दृढ़ नेता के रूप में थी। शक्ति क्षेत्र में उन्होंने विभिन्न धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और संचालन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थानीय जनता ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह के शव को अंतिम दर्शन के लिए हरि गुजर महल में ही रखा गया है । परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक कल बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न रियासतों के राज परिवारों के अलावा अनेक राजनेता ,जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस शामिल होंगे ।

# अशोक वाटिका के एमओयू, एलुमिना पार्क बनाने हुई समीक्षा



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने सुशासन तिहार अंतर्गत 5 मई से आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का आयोजन की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने शिविर के सम्बंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने और सभी को सूचना देने के निर्देश देते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविरों की जानकारी प्रदान करने के निर्देश एसडीएम को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के साथ ही संबंधित आवेदकों को शिविर के माध्यम से उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पत्र अंतर्गत आवेदन के पात्र और अपात्र की सूची अलग करके पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित करने तथा इसके लिए ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए।

सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट में सीसीटीवी लगाने के निर्देश देते हुए अशोक वाटिका के एमओयू, एलुमिना पार्क, अप्पू गार्डन के सम्बंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र के कार्यों में प्रगति लाने,आरबीसी 6-4 और सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावितों की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज कर समय पर मुआवजा वितरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि एक से अधिक राशन दुकान संचालित करने वाले दुकानों की सूची उपलब्ध कराते हुए सुनिश्चित करे कि एक व्यक्ति या समूह एक ही दुकान का संचालन करें। उन्होंने कल तक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए एसडीएम को विज्ञापन जारी करने के संबंध में निर्देश दिए।

बैठक में रेलवे द्वारा प्रस्तावित नए रेल लाइन कार्य के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान रेल्वे से संबंधित अधिकारियों, निर्माण एजेंसियों और सार्वजनिक उपक्रमों से संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से आवश्यक चर्चा की गई।

बैठक में डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, निगमायुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव लोकतंत्र को करेगा मजबूत : श्रम मंत्री




कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। एक राष्ट्र-एक चुनाव भारत के लोकतंत्र को अधिक सशक्त, मजबूत, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने भारतीय मजदूर संघ द्वारा जूनियर क्लब, एचटीपीएस कॉलोनी, कोरबा-पश्चिम में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर आयोजित संगोष्ठी में कही। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता शिवरतन शर्मा ने कहा कि एक देश-एक चुनाव का क्रियान्वयन समय, धन और संसाधनों की बचत करेगा तथा शासन में स्थिरता व निरंतरता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि एकजुट होकर इस पहल का समर्थन करें और विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बनें।

भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने संगठन के सिद्धांत, राष्ट्र हित, उद्योग हित एवं श्रमिक हित पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक कार्यों में संगठन की सहभागिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय मंत्री सीएस दुबे, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत तथा भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की शांति की लिये दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू ने की तथा संचालन जिला मंत्री नवरतन बरेठ एवं बिजली उत्पादन मंत्री शब्बीर मेमन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बिजली उत्पादन कोरबा-पश्चिम शाखा से अध्यक्ष केदार राठौर, सचिव अमर सिंह राठौर, नारायण राठौर, के.एन. पटेल, हेतराम खूंटे, छोटेलाल ठाकुर, केएन यादव, बृजेश विश्वकर्मा, मेहुल, हरीश, मनोज कुमार भरिया, अशोक सहिस सहित पूरी कार्यकारिणी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### डिप्टी सीएम से मिले गोपाल मोदी



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नवीन दायित्व मिलने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव से मुलाकात की। इस दौरान गोपाल मोदी ने कहा कि श्री साव का स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

### आंधी-तूफान से उड़ा गौशाला का शेड



कोरबा-कटघोरा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा तहसील अंतर्गत पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत मुरली में आए तेज आंधी-तूफान में वहा संचालित गौशाला को भारी नुकसान पहुंचा हैं। गौशाला के संचालक विनोद शुक्ला महाराज ने बताया कि गौशाला में इस समय 350 गायें हैं और इस आंधी-तूफान से गौशाला में किसी भी गौ माता को नुकसान नहीं हुआ है। आंधी-तूफान के कारण गौशाला की टिन शेड उड़ गई है, जिससे गौशाला अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। मवेशियों को अब खुले आसमान के नीचे तेज धूप में रहना पड़ रहा है।गौशाला के संचालक ने सरकार से मदद की मांग करी है। उन्होंने कहा कि गायों के सिर पर अब छत नहीं है और उन्हें नहीं पता कि अब वे कहां रहेंगी। सरकार से जल्द मदद करने अपील की गई है।

### बसों में वसूला जा रहा अधिक किराया : चौरसिया



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा नेता अनिल चौरसिया ने छत्तीसगढ़ से बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में जाने वाली बसों में अधिक किराया लेने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार है जो आम गरीब व्यक्तियों के लिए योजना बना रही है कि उनको आत्मनिर्भर बनाया जा सके, लेकिन छत्तीसगढ़ से अन्य राज्यों में जाने वाली बसों में अत्यधिक किराया लिया जा रहा है। जिससे गरीब व मध्य वर्गीय लोगों की जेब कट रही है। एक स्लीपर सीट में दो लोगों के बैठने का नियम है, लेकिन दो लोग के स्थान पर चार लोगों का पैसा वसूला जा रहा है। उत्तर भारत और पूर्वांचल की दिशा में जाने वाले सभी बसों में मनमाना किराया लेने से क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोग को काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया फायरिंग अभ्यास



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। एनसीसी कैडेट्स को 1 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी कोरबा के कमान अधिकारी कर्नल सेंथिल कुमार एस. के निर्देशन में बेला फायरिंग रेंज, बालको में फायरिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फायरिंग अधिकारी सूबेदार जनरैल सिंह, हवलदार परमजीत सिंह एवं नायक श्याम सुंदर के निरीक्षण में प्रशिक्षण का संचालन किया गया। इस फायरिंग अभ्यास में जेएनवी कोरबा, केवी एनटीपीसी 02, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली एवं कोरबा तथा के.एन. कॉलेज कोरबा के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लगभग 150 एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कैडेट्स को हथियार संचालन, लक्ष्य भेदन तकनीक तथा फायरिंग की सुरक्षा विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। फायरिंग के दौरान कैडेट्स में अद्भुत उत्साह एवं अनुशासन देखने को मिला। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अनीता यादव, थर्ड ऑफिसर रीतेश भोंसले, थर्ड ऑफिसर मूक लाल खैरवार तथा थर्ड ऑफिसर नितेश और सावन साहू भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया।

# पहलगाम के आतंकियों को भुगतना पड़ेगा गंभीर परिणाम : लखनलाल



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत के मुकुट कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए 26 पर्यटकों को प्रदेश के केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर संजू देवी राजपूत ने टीपी नगर चौक में पुष्पांजली अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजली दी।

भारतीय खेल प्राधिकरण के आव्हान पर 27 अप्रैल सण्डे साईकिल आयोजन को स्थगित कर इसमें शामिल होने वाले कोरबा राइडर्स, राज्य कूडो संघ, किक बॉक्सिंग एवं मार्शल आर्ट एकेडमी, वूमेन फुटबॉल एसोसिएशन, जिला हॉकी संघ सहित विभिन्न खिलाडियों की उपस्थिति में श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। मंत्री कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जिन लोगों ने आतंकी घटना को अंजाम दिया है, उनको ऐसा परिणाम भुगतना पड़ेगा जिसकी वो लोग कल्पना भी नहीं कर सकेंगे। महापौर संजू देवी राजपूत ने भी घटना की निन्दा की व अपनी श्रद्धांजली व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र पाटनवार, पूर्व पार्षद दीपक यादव, मनोज सिंह राजपूत, राजेन्द्र जायसवाल, आकाश श्रीवास्तव, डी.एस. राव, अविनाश बंजारे, आलोक जायसवाल, पुष्कर तिवारी, अंकित जायसवाल, विवान अग्रवाल, चिराग चौहान, मो. जुनैद आलम, आशुतोष शुक्ला, तुषार सिंह ठाकुर, विक्रम यादव, पुष्पराज साहू, जगदीश यादव, सोमेश साहू, हिमांशु यादव, विक्षीत दीक्षित, सिद्धि, खुशी, भूपेश सारथी, मो. आरिफ, आराध्या श्रीवास, परिधि नेमी, गुलशन, वैभव कृष्णा, हर्ष यादव, अक्षत पाण्डेय, अदिविता यादव सहित उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ अपने गुस्से को इजहार करते हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी।

# सड़क किनारे 112 वाहन में हुआ सुरक्षित प्रसव



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले की 112 आपातकालीन सेवा टीम ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए प्रसव पीड़ित महिला की मदद की। बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कुरथा निवासी 29 वर्षीय बिंदेश्वरी कुमार प्रसव पीड़ा से जूझ रही थीं। परिजनों ने तुरंत 112 पर सूचना दी, जिसके बाद बांगो थाना क्षेत्र से 112 वाहन तत्काल मौके पर पहुंचा।

टीम बिंदेश्वरी को पोड़ी-उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने रवाना हुई लेकिन रास्ते में अत्यधिक दर्द के कारण वाहन को गुरसिया एनएच रोड किनारे वाहन को रोकना पड़ा। परिजनों और मितानिन की सहायता से 112 वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। बिंदेश्वरी ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को उचित उपचार के लिए सीएचसी पौड़ी उपरोड़ा में भर्ती कराया गया, जहां दोनों स्वस्थ हैं। परिजनों ने 112 टीम, मितानिन और सहायकों को त्वरित सहायता के लिए धन्यवाद दिया। यह पहला मौका नहीं है जब 112 टीम ने ऐसी स्थिति में मदद की हो, इससे पहले भी कई बार वाहन में सुरक्षित प्रसव कराए जा चुके हैं।

# अवैध शराब के साथ 11 आरोपी गिरफ्तार



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 11 कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 155.15 लीटर अवैध मदिरा जप्त की गयी हैं। पुलिस ने 11 कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 155.15 लीटर अवैध मदिरा और मदिरा निर्माण में प्रयुक्त उपकरण जप्त किए हैं। इनमें थाना पाली पुलिस ने 87.5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 3 कथित आरोपियों को पकड़ा है। उक्त कथित आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) और 34 (1) के तहत कार्यवाही की गई है। सभी कथित आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध मदिरा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने अवैध मदिरा के विरुद्ध इस अभियान को आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# स्टार-11 बिलासपुर ने जीता डॉ. महतो स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। स्व. डॉ. बंशीलाल महतो की पुण्य स्मृति में घंटाघर चौक ओपन थियेटर निहारिका में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लीजेंड-11 व स्टार-11 बिलासपुर के बीच खेला गया जिसमें स्टार-11 बिलासपुर ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

टॉस जीतकर स्टार 11 बिलासपुर ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। लीजेंड 11 ने निर्धारित 12 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 124 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में स्टार 11 बिलासपुर ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 10.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर 6 विकेट से विजयी होकर इतिहास रच दिया। स्टार 11 बिलासपुर के स्टार खिलाड़ी छोटू भैया ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 21 गेंदों में 53 रन ठोक डाले। साथ ही गेंदबाजी में भी उन्होंने 2 ओवर में 15 रन देकर 1 महत्वपूर्ण विकेट लिया, जिसके चलते उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से सम्मानित किया गया। उक्त टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज राहुल, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज प्रिंस मोदी, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र रक्षक अंकित सिंह डी.वी. प्रोजेक्ट, मैन ऑफ द सीरीज अविनाश को चुना गया। मुख्य अतिथि महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल बल्कि मानसिक सुदृढ़ता का भी प्रतीक है। स्व. डॉ. बंशीलाल महतो जैसे महापुरुषों की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट हमें सामाजिक समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। नगर निगम हमेशा ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करेगा जो युवाओं को एकता और स्वास्थ्य के मार्ग पर अग्रसर करें। आयोजन में चंद्रमा सिंह राजपूत, दीपक यादव, विजय सिंह राजपूत, सुधीर, प्रकाश अग्रवाल, कौशल सिंह, गोलू पांडे, टिंकू भैया, अंजना सिंह, अर्चना, राकेश वर्मा, दिनेश सेन, समीर पांडे, असलम खान, अभय सिंह, सुभाष राठौर, पंकज सोनी, यशवंत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर पर भाजपा मजबूत रहे, पूरी क्षमता से करेंगे काम



कोरबा-गेवरा-दीपका, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा के नए जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से रूबरू हो रहे हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र के बजरंग चौक पर भाजपा दीपका मंडल के कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी की विचारधारा व नीतियों समेत अन्य विषयों पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उनके दीपका दौरे पर पहुंचने से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह रहा। मोदी ने कहा कि बूथ स्तर पर भाजपा मजबूत रहे, इस दिशा में पूरी क्षमता से काम करेंगे। बजरंग चौक दीपका स्थित हनुमान मंदिर में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरबा जिले से 3 लाख से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ली है। यह कोरबा के लिए तय लक्ष्य से 31 फीसदी अधिक है। चर्चा के दौरान मोदी ने पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा के कुछ दिनों के कार्यकाल के सवाल पर कहा कि मनोज शर्मा को जल्द ही संगठन नया दायित्व सौंप सकती है। संगठन के सभी कार्यकर्ता एकजुट हैं। राज्य खाद आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि गोपाल मोदी के नेतृत्व में पार्टी अभी से और अधिक मजबूत होगी। कार्यकर्ताओं को मिशन 2028 की तैयारी में जुट जाने प्रेरित किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में भाजपा नेता गोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, सूर्य प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश जायसवाल, अनूप यादव, सुजीत सिंह, मनोज दुबे, दुबे, मुकेश जायसवाल, धरम तिवारी, राम पुकार पंडित समेत अन्य उपस्थित थे।

# लोगों की मांग व शिकायतों का हो निराकरण



कोरबा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार अंतर्गत लोगों की मांग व शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की।

आयुक्त ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत नगर पालिक निगम से जुड़े निर्माण व विकास कार्यो सड़क, नाली तथा अन्य मरम्मत कार्य, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, साफ-सफाई आदि के साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता, विभिन्न पेंशन योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन निर्माण अनुज्ञा, नामांतरण, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न शिकायतों व मांग संबंधी जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उन सभी आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। 7 से 27 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, इन शिविरों के माध्यम से आवेदनकर्ताओं व नागरिकों को उनके द्वारा विभिन्न मांग व शिकायत के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी उन्हें प्रदान की जाएगी।

आयुक्त ने सभी जोन कार्यालयों में आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने कहा। बैठक में अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, उपायुक्त द्वय बीपी त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, विमल सिंह गोयल, मनीष दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

## पीएम आवास योजना में लापरवाही 25 आवास मित्रों की सेवाएं की गई समाप्त

**एमसीबी/खड़गवा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनपद पंचायत खड़गवां /मनेंद्रगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नियुक्त आवास मित्रों की लापरवाही सामने आई है। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन आवास मित्रों को आबंटित ग्राम पंचायतों में कार्य में लापरवाही बरतने, प्रगति शून्य रहने, बैठकों में अनुपस्थित रहने और क्षेत्रीय दौरा नहीं करने के कारण सेवा से पृथक कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार खड़गवां जनपद पंचायत के तहत कार्यरत आवास मित्र गोल्डी दास, द्वारिका प्रसाद, कलावती, बलराम, विक्की काशी, गौरव शर्मा, आशीष कुमार, अजीत कुमार, अंजना, आदित्य मलिक, अनिल कुमार, विनय सिंह, विनय कुमार निराला, पूजा सिंह और जनपद पंचायत मनेद्रगढ़ कार्यरत आवास मित्र कुमारी प्रिया सिंह, श्रीमती पूनम साहू, अभिषेक टोप्पो, अलविना एक्का, राम प्रसाद सिंह, कुमारी मायावती, कुमारी प्रिया साहू, कुमारी गीत, शोभन सिंह, नरेंद्र कुमार एक्का, श्रीमती गीता केवट,के कार्य से सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनके खिलाफ आरोप था कि ये अपने-अपने आबंटित ग्राम पंचायतों में निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं कर रहे थे, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति प्रभावित हो रही थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेद्रगढ़/खड़गवां द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के द्वारा इन आवास मित्रों को पद से पृथक करने का प्रस्तावित किया गया था एवं जनपद पंचायत भरतपुर/मनेंद्रगढ़ के तहत आवास प्लस सर्वे मे लापरवाही करने वाले प्रगणको चंद्रावती मौर्य(आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), राकेश कुमार गोयल(पंचायत सचिव), अरुण मिश्रा(रोजगार सहायक), श्रीमती सकुंती बाई(आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), सुनील सिंह (रोजगार सहायक), त्रिभूवन सिंह(रोजगार सहायक), ललित (डाटा एंट्री ऑपरेटर), शोभा पतवार(आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), शारदा कुमारी (रोजगार सहायक), बबन सिंह (पंचायत सचिव), जय सिंह (रोजगार सहायक) को कारण बात नोटिस जारी किया गया।

## वी क्लब की अध्यक्ष श्वेता पोद्दार को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड



**मनेन्द्रगढ़,** 29 मार्च (देशबन्धु)। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वी क्लब की अध्यक्ष श्रीमती श्वेता पोद्दार को 32 क्लबों में से सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में किए गए विविध और व्यापक जनसेवा कार्यों की मान्यता स्वरूप प्रदान किया गया।

श्रीमती पोद्दार के नेतृत्व में वी क्लब ने जनकल्याण के अनेक कार्यों को अंजाम दिया, जिनमें स्कूलों में आर ओ प्यूरीफायर, पंखों की व्यवस्था,विद्यार्थियों को ठंडे पानी की बोतलें व मटके प्रदान करना,नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,पाँच निर्धन कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराना,नशामुक्ति रैली का संचालन व हेल्मेट वितरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रमुख है. इनके अलावा भी श्रीमती पोद्दार ने अनगिनत सामाजिक सरोकार के कार्यों को अपनी अध्यक्षता के दौरान सफलतापूर्वक पूर्ण किया।सम्मान ग्रहण करते समय अपने उद्बोधन में श्वेता पोद्दार ने कहा- कि यह पुरस्कार मेरे लिए नहीं, उन सभी सदस्यों और स्वयंसेवकों के लिए है जिन्होंने मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर समाज सेवा के इस सफर को सार्थक बनाया। वी क्लब का उद्देश्य सिर्फ सेवा नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। मैं इस सम्मान को आने वाली ज़िम्मेदारियों का एक संकेत मानती हूँ, और विश्वास दिलाती हूँ कि हमारा प्रयास सदैव जनकल्याण की दिशा में रहेगा। उनके इस समर्पण भाव और नेतृत्व क्षमता की चारों ओर सराहना हो रही है। मनेन्द्रगढ़ में यह सम्मान नगरवासियों के लिए भी गर्व का विषय बन गया है।

नए पी एस टी और अनीता दीदी को एरिया एडवाइजर-प्रीती भाभी को एरिया आफिसर एवं प्रतिभा को एरिया सचिवबनने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए क्लब को शानदार गतिविधियो के45 से भी ज्यादा अवार्ड से नवाजा गया अपने इस स्वणिम कार्यकाल में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से साथ दिया उनका तहेदिल से धन्यवाद।

## पटना पुलिस की लगातार कार्रवाई से नशीली दवा विक्रेताओं में हड़कंप



**कोरिया,** 29 मार्च (देशबन्धु)। नशीली और मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही के सिलसिले में कोरिया पुलिस को एक और बड़ी कामयामी हासिल हुई है, कोरिया जिले के अंतर्गत आने वाले पटना थाना क्षेत्र से पटना पुलिस को नशीली दवाओं सहित 3 नग मोटर साइकल समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग उत्तर प्रदेश से तस्करी कर नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयों को कोरिया जिले मे ला कर बेचने का कार्य करते है इस जानकारी को गंभीरता से लेते हुए पटना पुलिस ने नजर बना कर रखी हुई थी कल 27 अप्रैल को मुरमा ग्राम से पुलिस ने राजेश कुमार गुप्ता, विजय कुमार और शकील खान को 960 नग स्पासमो प्रैक्शीवन प्लश केप्सूल और तीन मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से लगभग 24 हजार रुपये मूल्य की नशीली दवाएं बरामद हुई हैं। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

# रायगढ़ पुलिस की बाहरी व्यक्तियों पर पैनी नजर

### बिना सूचना रह रहे 41 लोगों पर की गई कार्रवाई



**रायगढ़** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन में जिले भर में बाहरी राज्यों से आकर बिना सूचना दिये रह रहे व्यक्तियों की सघन जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में आज भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया, जिसमें बिना थाने में सूचना दिए रह रहे कुल 41 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना कोतरारोड क्षेत्र में निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पावर ग्रिड कोतरा क्षेत्र में कार्यरत बाहरी मजदूरों की जांच की गई। जांच के दौरान प्राइवेट ठेकेदार के अधीन कार्यरत 31 व्यक्ति, जो पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, बिना थाने में सूचना दिए पाए गए। सभी पर धारा 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई और कड़ी समझाइश दी गई। इसी तरह चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम लामीदरहा, रेगड़ा और पहाड़ मंदिर में अभियान चलाया गया, जहां उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के रहने वाले 6 व्यक्ति बिना सूचना दिए फेरी का कार्य करते पाए गए। उन पर भी धारा 128 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

उधर, थाना पुसौर प्रभारी निरीक्षक रामकिंकर यादव ने अपनी टीम के साथ ग्राम ठेंगापाली में जांच की, जहां पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले के दो व्यक्ति बिना सूचना दिए कबाड़ का काम करते पाए गए। दोनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। तमनार पुलिस ने ग्राम बिजना में जांच के दौरान दो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जो बिना सूचना के रह रहे थे, उन पर भी धारा 128 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई।

इसी अभियान के तहत थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत प्लांट एरिया में कार्यरत दीगर प्रांत के कर्मचारियों की जांच निरीक्षक राकेश मिश्रा व उनके स्टाफ द्वारा की गई। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरमार और मस्जिदपारा में भी जांच की गई, जहां हाल ही में आए बाहरी व्यक्तियों ने थाना में सूचना दर्ज कराई थी।

थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ने भी बाहरी व्यक्तियों को अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त समझाइश देते हुए चेतावनी दी कि यदि कोई शिकायत पाई गई तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 5 मई से लगेंगे क्लस्टर वार समाधान शिविर

**कोरिया,** 29 मार्च (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आज जिला कलेक्टरेट के सभा कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 5 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविरों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कलेक्टर ने समाधान शिविर के पूर्व अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों के सम्बंध में विशेष निर्देश दिए हैं। क्लस्टर वार समाधान शिविर 5 मई से 31 मई तक चिन्हांकित ग्रामों, वार्डों में आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिकों की मौजूदगी में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा शिविर स्थल पर समस्याओं, शिकायतों, मांग से सम्बंधित आवेदनों पर त्वरित निर्णय भी लिया जाएगा। इन शिविरों का आयोजन गांव के आम, पीपल, बरगद या नीम पेड़ के नीचे चौपाल की तर्ज पर किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने, अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देने और प्रचार सामग्री जैसे पम्पलेट, हैंडबिल, पुस्तिकाएं वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य, पेयजल और गर्मी से बचाव की विशेष व्यवस्था

गर्मी को ध्यान में रखते हुए समाधान शिविर स्थल पर विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग, पीएचई और खाद्य विभाग को शिविर स्थल पर डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की टीम, प्राथमिक दवाइयों की व्यवस्था व शीतल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। गर्मी और लू को देखते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों से व्यक्तिगत स्तर पर भोजन, पानी और दवाई की व्यवस्था पहले से करने की अपील भी की गई।

### जनप्रतिनिधियों के निरीक्षण को लेकर स्पष्ट निर्देश

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि शिविर स्थल पर यदि मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक या वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं, तो उनसे संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

## भीषण गर्मी में पशुओं से भारवाहन एवं सवारी परिवहन पर प्रतिबंध

**कोरिया,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जिले में पशुओं से भारवाही या सवारी परिवहन जैसे कार्यों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। यह निर्णय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा पशु क्रूरता निवारण समिति की अनुशंसा पर लिया गया है।

30 जून तक दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक पहुंचने पर टांगा, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे जैसे पशुओं का उपयोग परिवहन या भारवाही के लिए किए जाने से जानवरों को गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, यहां तक कि उनकी अकस्मात मृत्यु भी हो सकती है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं नियम 6(3) पशु परिवहन व कृषि पशु क्रूरता निवारण नियम 1965 के अंतर्गत 30 जून 2025 तक प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले की सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश पशु कल्याण के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे आदेश का पालन कर पशुओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा में सहयोग करें।

## अपर कलेक्टर ने आमजनों की सुनी समस्याएं

एमसीबी, 29 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी - बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार के समक्ष रखा गया। जिसका जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 29 आवेदन प्राप्त हुये। आज जनदर्शन में रामप्रसाद निवासी नौठीया आवास घर की सूची में नाम आने के बावजूद भी इस योजना का लाभ उठाने से वंचित करने के संबंध में, निर्मला देवी निवासी डोमनहिल शासकीय उचित मूल्य दुकान 531001007 के संचालन नीता डे के द्वारा फर्जी तरिके से किये जाने के संबंध में, प्रिति कुमारी निवासी डोमनहिल 531001008 बाधा उत्पन्न करने के संबंध में, कृष्णा कुमार निवासी लोहारी भूमि के संबंध में, ओमप्रकाश निवासी लोहारी भूमि के संबंध में, राज कुमारी निवासी ओदरी वन भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने के संबंध में, कलावती बैगा निवासी आरा भूमि के संबंध में, सोनू कुमार निवासी मनेन्द्रगढ़ जनपद कॉम्पलेक्स के पीछे स्थित गुमटी रोके जाने के संबंध में, जगजीवन सिंह निवासी भांवर महुआ फौती नामांतरण कराये जाने के संबंध में, राम अवतार निवासी झगराखाण्ड भूमि के संबंध में, जगजीवन सिंह निवासी भांवर महुआ भूमि के संबंध में, ज्योति सिंह निवासी खोंगापानी पति के द्वारा मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने के संबंध में, रामकली निवासी चिरमिरी भूमि के संबंध में, रीनू निवासी मनेन्द्रगढ़ मेरे पुत्र कुनाल सिंह के नि:शुल्क शिक्षा अध्ययन के संबंध में, राजकरन यादव निवासी नेरूआ गैबियन स्पर अशिला नाला भ्रष्टाचार के संबंध में, समस्त ग्रामवासी निवासी नेरूआ आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता को पद से पृथक करने हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।'

## एक अवैध शराब बेच रहा था तो ,दूसरा आरोपी कर रहा था गांजा की तस्करी

### दोनों मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार

### थाना प्रभारी ने दोनो मामले में

### लगभग 80 हजार का गांजा तो दूसरी मामले में लगभग चार हजार की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया।

**एमसीबी चिरमिरी,** 29 मार्च (देशबन्धु)। एम सी बी जिले के खड़गवां थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपियों अवैध मादक पदार्थ गांजा, और अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तस्करी में शामिल 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है वही उनके कब्जे से अवैध गांजा और शराब की जप्त किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वांडेगावकर और नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के द्वारा क्षेत्र में अवैध कार्यों पर सख्ती लगाने एवं उनके ऊपर कार्यवाही किये जाने और नशा विरोधी अभियान चलाने को निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन मे पुलिस थाना प्रभारी खडगवां द्वारा मुखबिर की सुचना पर 28 अप्रैल 2025 को ग्राम पैनारी मेन रोड जंगल के पास प्रियांशु सिंह पिता प्रदीप सिंह जाति गोंड़ उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पैनारी

प्लास्टीक के झोला में 26 पाव गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब (कुल 04.680 लीटर) कीमत लगभग 3900 रुपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं एक दूसरे अन्य प्रकरण में उसी दिन मुखबिर की सुचना पर ही एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रावधानों के तहत

**विधिवत कार्यवाही करते हुये, ग्राम अखरांडांड़ भुकभुकी तिराहा के पास घेराबंदी कर**

**आरोपी सुलेश कुमार पिता रंग बहादुर सिंह निवासी ग्राम कारिलधोवा**





सलबा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के कब्जे मे रखे गए काले रंग की मोटर सायकल हीरो सुपर स्पलेण्डर क्र. सी. जी. 16 सी.आर. 2139 और उसकी डिक्की की तलाशी लेने पर डिक्की के अन्दर से 01 पैकेट प्लास्टीक के पन्नी मे रखा हुआ मादक पदार्थ गांजा करीब 02 किलो 195 ग्राम कीमत लगभग 30,000 रुपये को बरामद कर जप्त मादक पदार्थ गांजा को परिवहन करने में उपयोग किये जाने पर मोटरसाइकिल हीरो सुपर स्पलेण्डर क्र. सी. जी. 16 सी.आर. 2139 कीमत लगभग 50,000 रुपये कुल 80,000 रुपयों को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 बी एन.डी.पी.एस. एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड में भेज दिया गया है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, सउनि. नईम खान, प्रधान आरक्षक हरीश शर्मा, आरक्षक अखिलेश जायसवाल, मो. आजाद, दिनेश साहू, सैनिक प्रमोद साहू और अन्य थाना स्टाफ़ का सराहनीय योगदान रहा।

## कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष ने अवैध कोयला खनन खिलाफ चलाई मुहिम

**कोरिया,** 29 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने इन दिनों अवैध कोल तस्करों के खिलाफ एक मुहिम छेड़ रखी है,लगातार कोरिया जिला के अलग-अलग क्षेत्रो में अवैध कोल खदान वाले क्षेत्रों का दौरा कर जिलाध्यक्ष कोल तस्करी बन्द करा रहे हैं। पटना बैकुंठपुर क्षेत्र के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष कल रात अपने गृह बलॉक सोनहत के ग्राम रावतसरई पत्थर गांव एवं मझारटोला क्षेत्र में कोयले की अवैध खदान वाले स्थानों का दौरा किया कुछ दिवस पहले तक यहां भारी मात्रा में अवैध कोल तस्करी की सूचनाएं मिलती रही लेकिन जिलाध्यक्ष के अभियान के बाद से फिलहाल कोल तस्करी बन्द होने की जानकारी मिल रही है।

### रसूखदार भी नही बक्शे जाएंगेन्देवेंद्र

रावतसरई से लौटने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि कुछ लोग जो रसूखदार बन कर बेबस ग्रामीणों की लाचारी का फायदा उठा रहे है उन्हें बक्शा नही जाएगा तिवारी ने कहा कि ये लोग संगठित गिरोह बना कर कार्य कर रहे थे,जो ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी परिवारों का शोषण कर रहे हैं और उन्हें 200 से 300 मीटर लंबी सुरंग के अंदर मौत के मुंह मे धकेलने का काम कर रहे हैं, ऐसी खदानों में अंदर जाना भोले भाले ग्रामीणों के लिए मौत के मुंह मे भेजने के बराबर ही है। मिली जानकारी अनुसार रावतसरई के बगल के गांव पत्थरगवा में भी सुरंग है यहाँ से अंगा पुटा के रास्ते बैकुंठपुर की तरफ से कोयला परिवाहन किया जाता है. भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कोयले का सरगना सोनहत में भी अपना एजेंट बना कर काला कारोबार को चला रहा है. इनका तार अन्य राज्यों के गिरोह से भी जुडा है. जिसे बहुत जल्द बेनकाब किया जाएगा पटना, बैकुंठपुर में बाहर के लोग अवैध रूप से रहकर भी व्यपार में संलिप्त हैं।

### कोरिया को स्वच्छ और सुघ्घर बनाएंगेज

भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को थोड़े से पैसो का लालच देकर उनकी जान के साथ खिलवाड़ करना और लगातार अवैध कोल तस्करी से क्षेत्र ही नही जिले की छवि खराब होती है ऐसा नही होने दिया जाएगा कोरिया जिला को स्वच्छ और सुघ्घर बनाने का संकल्प हमने लिया है तो यहां अवैध कार्यो के लिए कोई जगह नही रहेगी अवैध तस्करो के खिलाफ अभियान चला कर इन्हें रंगे हाथों भी पकड़ा जाएगा और कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी फिर चाहे वो सोनहत क्षेत्र के रसूखदार हो या फिर जिले के या जिले के बाहर के इस लिए कोल तस्कर अब अवैध कार्यो को अंजाम देना बंद कर देवे।

### इतने दिनों तक वन विभाग और प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

सोनहत क्षेत्र में लगातार वन क्षेत्रो से अवैध कोल तस्करी होती रही ऐसे में वन विभाग की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े होते हैं, क्या वन विभाग कोल तस्करों से मिला हुआ था? और जान बूझ कर मौन था, या कोल तस्करी के माध्यम से वन विभाग के अफ़सरो की मोटी कमाई हो रही थी, सोनहत क्षेत्र की अवैध कोल खदानें ज्यादातर देवगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत आती है,ऐसे में देवगढ़ वन परिक्षेत्राधिकारी देवगढ़ रेंज के डिप्टी रेंजर बीट गार्ड अभी तक क्या कर रहे थे ये बड़ा सवाल है। बहरहाल जो भी पर फिलहाल जिलाध्यक्ष लगातार गश्ती से वनविभाग के अफसर भी हैरान है और परेशान भी।

### बंद कराएंगे सभी अवैध खदानें

श्री तिवारी ने बताया कि अब हर रोज उनकी टीम की नजर अवैध कोल खदानों पर रहेगी, जहां कही भी इस तरह के अवैध कार्य होंगे उन पर कार्यवाही कराई जाएगी साथ ही जो अवैध सुरंगे बनाई गई हैं उन्हें भी बंद कराया जाएगा जिससे इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लग सके।

## अस्मिता सिटी इलेक्ट्रिक महिला प्रीमियर लीग का हुआ आयोजन

**एमसीबी,** 29 मार्च (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ में अस्मिता सिटी इलेक्ट्रिक महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन तथा जिला खेल अधिकारी वीरेन्द्र नामदेव के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिला खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में मंच प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना रहा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राम जीत लकड़ा उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र मरकाम जनपद सदस्य बुंदेली, सीता देवी जनपद सदस्य पाराडोल, हेमा रघुनाथ सरपंच बुंदेली, फूलमती सरपंच पाराडोल तथा देव कुमार सरपंच बंजी की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया।

इस अस्मिता सिटी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया। सभी टीमों के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबलों के बाद फाइनल में लघु केंद्र बंजी और बेलकामार की टीमों ने प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। अंततः बेलकामार की टीम ने बेहतरीन रणनीति और दमदार प्रदर्शन के दम पर लघु केंद्र बंजी को पराजित करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल स्कोर में बेलकामार 43 और बंजी की 28 रहा ।

प्रतियोगिता में व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। बेलकामार की कुमारी सुमन को उनके सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए %बेस्ट ऑलराउंडर% का खिताब प्रदान किया गया। वहीं, उनकी ही टीम की पिंकी को %बेस्ट रेडर% और लघु केंद्र बंजी की प्रीति को बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

# सार-संक्षेप

## छत्तीसगढ़ किसान संघ की बैठक सह प्रशिक्षण सम्पन्न




**सारंगढ,** 29 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान संघ जिला सारंगढ, बिलाईगढ के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक कृषि उपज मंन्डी सारंगढ में आयोजित किया गया जिस मे प्रान्तीय अध्यक्ष माधो सिंह ,संगठन मंत्री तुलाराम ,कोषाध्यक्ष गजानन एवं मंत्री मुकेश चौधरी जिलाध्यक्ष एवं सभी तहसील के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुऐ !

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

जांजगीर-चांपा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 48 संवर्गों के जिला स्तर के रिक्त 148 संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिसमें 09 संवर्ग के 10 संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा / साक्षात्कार का आयोजन शासकीय नर्सिंग कालेज एवं जिला चिकित्सालय में किया गया था। जिसमें उपस्थित अभ्यार्थियो का शैक्षणिक योग्यता के अंक तथा अनुभव अंक की मेरिट सूची एवं कौशल परीक्षा, साक्षात्कार में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गई जानकारी की सूची जारी किया गया है। उक्त जानकारी में शामिल किसी भी अभ्यार्थी को आपत्ति होने पर दावा आपत्ति लिखित में 5 मई 2025 तक कार्यालयीन दिवस में समय सायं 05 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते है तथा अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

## परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभयात्रा

**जांजगीर-चांपा, 29 अप्रैल (देशबन्धु)।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कल 30/04/2025 दिन बुधवार को मनाई जाएगी। भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को धूमधाम से मनाने के लिए सभी विप्रजन विगत 15 दिनों से तैयारी कर रहे थे।

न केवल जिला मुख्यालय जांजगीर, अपितु जांजगीर नैला नगर के आसपास के सभी ग्रामों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति जांजगीर के सदस्य जाकर बैठक कर रहे थे ।और सभी से विचार विमर्श करने के उपरांत रूपरेखा तैयार की गई। अंतिम तैयारी बैठक में जांजगीर नैला के विप्रजन, मनोज पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय ,आशुतोष शर्मा, योगेंद्र शुक्ला, रविकांत मिश्रा, संतोष उपाध्याय, रिकी शर्मा, किरण कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश शर्मा, दीनानाथ उपाध्याय, अविनाश शुक्ला, महेश शर्मा, श्रेयांश दुबे, राजेश्वर %राजेश% मिश्रा, सुनील शर्मा, चंकी तिवारी, अनीश शर्मा,अनमोल पाण्डेय ,चेतन शर्मा, गुरु दत्त पाण्डेय ,अनूप तिवारी , आदित्य शुक्ला, शुभम पाण्डेय,रोहन शुक्ला, सिद्धांत तिवारी आदि शामिल थे। शोभायात्रा के लिए नगर में भी विभिन्न समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न जगहों में जलपान की व्यवस्था की है।

नैला दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर जांजगीर (पुलिस कंट्रोल रूम के सामने) से कल 30 अप्रैल बुधवार को पैदल शोभा यात्रा के रूप मे कचहरी चौक एवं नेताजी चौक होते हुए परशुराम चौक रेलवे स्टेशन नैला में भगवान श्री परशुराम जी की मूर्ति के पूजन अर्चन के बाद समाप्त होगी ।शोभा यात्रा की समाप्ति के उपरांत नैला मारवाड़ी धर्मशाला में सभी श्रद्धालुओं के लिए भोज की व्यवस्था की जाएगी। पैदल शोभायात्रा का समय शाम 5ः30 बजे से दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगा। इस शोभायात्रा में सभी विप्र जन के परिवार के महिला ,पुरुष एवं बच्चे शामिल रहेंगे* रैली के प्रारंभ में सबसे आगे उपनयन संस्कार में शामिल 35 बटुकों का दल अपने परिजनों के साथ सांस्कृतिक वेशभूषा में रहेगा एवं उनके पीछे ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच के महिला सदस्य रहेंगे। उसके पीछे 45 सदस्य महिला नर्तकों का कर्मा समूह का दल रहेगा उनके पीछे विप्र समाज की महिलाएं रहेगी ।

महिलाओं के पीछे में बालिकाओं का समूह रहेगा।

उन बालिकाओं के पीछे डी जे रहेगा। धूमाल के पीछे में सभी बालक बृंद शामिल होंगे ।उनके पीछे विप्र समाज के सभी पुरुष वर्ग के विद्धजन शामिल होंगे । अंत में भगवान परशुराम जी की प्रतिकृति वाली रथ रहेगी। इसके दोनों तरफ झूमर वाली लाइट सुसज्जित रहेगी,और साथ-साथ चलेगी।

रैली में परशुराम जी की प्रतिकृति के साथ सुसज्जित रथ रहेगी, जिसमें दोनों तरफ प्रकाश की व्यवस्था रहेगी।*

रैली में ड्रोन कैमरा वीडियो व वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी।

शहर के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर भगवान परशुराम जी की तेल चित्र के साथ फ्लेक्स की व्यवस्था की गई है ग*। शहर के कचहरी चौक, नेताजी चौक एवं परशुराम चौक को तोरण से सुसज्जित किया गया है एवं ध्वज पताका को लगाया गया है । भगवान श्री परशुराम चौक नैला के मारवाड़ी धर्मशाला में करीब 2000 व्यक्तियों के लिए महाप्रसाद (रात्रि भोज) की व्यवस्था रहेगी जांजगीर नगर के आसपास ग्रामीण इलाकों से विप्रजनों को शोभायात्रा में शामिल करने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है* उनके लिए परशुराम चौक नैला रेलवे स्टेशन से रात्रि भोज के उपरांत वापस जांजगीर चौक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था रहेगी। जिनको भी चलने में समस्या होगी या शारीरिक अस्वस्थता होगी ।तो उनके लिए ई-रिक्शा* की व्यवस्था है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुरुष पीले या भगवा रंग के कुर्ते में तथा महिलाएं पीला या लाल रंग की साड़ी में रहेंगी। सभी विप्रजन 30 तारीख बुधवार को अपने अपने घर के बाहर दिया जलाएं और रंगोली बनाएं* भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा का कार्यक्रम सर्व विप्र समाज ,भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव , आयोजन समिति जिला जांजगीर चांपा के द्वारा संपन्न होगा।

## छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीपीटी की परीक्षा 1 मई को होगी आयोजित

सक्ती, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीपीटी की परीक्षा 1 मई 2025 को निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए जिला सक्ती अंतर्गत कुल 03 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा के पूर्व तैयारी हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी एवं समन्वयक के द्वारा आज सभी केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की ब्रीफिंग की गयी। जिसमें विस्तारपूर्वक आवश्यक जानकारी दी गई। दिनांक 01 मई दिन गुरूवार को परीक्षा समय प्रथम पाली 09ः00 से 12ः15 तक शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थी को अपने परीक्षा केन्द्र की पहचान एक दिन पूर्व कर लेने की अपील की गयी है।

# राज्यपाल ने बिलासपुर-गौरेला पेण्ड्रा सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

## जिला अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद करने कहा




गौरेला पेंड्रा मरवाही 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका अपने दो दिवसीय प्रवास पर सोमवार की शाम जीपीएम जिला पहुंचे। उनके जिला आगमन पर रेल्वे स्टेशन पेण्ड्रारोड में कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी एवं पुलिस अधीक्षक श्री एस आर भगत सहित अन्य अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल ने कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बिलासपुर से गौरेला पेण्ड्रा तक बन रहे सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति को संज्ञान में लेते हुए निर्माण ठेकेदार की जानकारी ली और कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी को निर्माण कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने बैठक में निर्धारित एजेंडे के अनुसार अधिकारियों से चर्चा कर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए।

राज्यपाल ने जिला अधिकारियों को मैदानी क्षेत्रों का भ्रमण कर योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद करने और उनका सहयोग करने कहा। उन्होंने जल संरक्षण, जल संचयन एवं भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए नरेगा के तहत डबरी निर्माण, अमृत सरोवर, चेक डेम, जलाशयों में जल भराव क्षमता एवं जल की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने जल संचयन के लिए जनभागीदारी बढ़ाने कहा। राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी स्कूल परिसरों, सरकारी कार्यालयों आदि में वृक्षारोपण करने तथा सभी जिला अधिकारियों को एक-एक पेड़ मां के नाम पर लगाने कहा। उन्होंने जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए वेल्यू एडिशन पता करके आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों से मिलकर उन्हें प्रेरित करने कहा।

राज्यपाल ने स्वच्छता के साथ जीवन शैली पर विशेष ध्यान देने के लिए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का उपयोग करने लोगों को प्रेरित करने के साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, समुचित रूप से अपशिष्ट प्रबंधन एवं ग्रामीणों में स्वच्छता जागरूकता लाने कहा। उन्होंने टीबी उन्मूलन के तहत टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, पुस्तकालयों का उपयोग करने एवं अनुशासित जीवन और बौद्धिक विकास के लिए अधिक से अधिक बच्चों को एनसीसी में ज्वाइन कराने कहा। उन्होंने कहा कि जीपीएम जिले में अच्छे-अच्छे पर्यटन स्थल हैं। उन्होंने जिले के अगले प्रवास पर पुरातात्विक स्थल धनपुर सहित अन्य पर्यटन स्थलों को देखने की इच्छा जताई।

राज्यपाल ने शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूहों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर लखपति दीदी बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने कहा। उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्रों की जानकारी ली तथा छत्तीसगढ़ को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए मादक पदार्थों के उत्पादन एवं तस्करी पर सख्ती से रोक लगाने कहा। उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की जानकारी ली तथा उनके नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट अनिवार्य करने तथा उनका काउंसलिंग करने कहा। राज्यपाल ने जिला रेडक्रास सोसायटी में सदस्यों की संख्या बढ़ाने तथा रक्तदान के लिए जनजागरूकता लाने कहा। उन्होंने आकांक्षी ब्लाक गौरेला में मूलभूत समस्याओं का सर्वे कर सुधार करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में 10 मई को

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई शनिवार को व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में किया जा रहा है। लोक अदालत विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिए एक वैकल्पिक मंच है, जहां लंबित या विवादपूर्वक कारणों का आपसी समझाईश एवं सुलह के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण कराया जाता है। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सहायता समिति बिलासपुर तथा निकटवर्ती जिले में अध्यक्ष-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय एवं तहसील में वरिष्ठ न्यायाधीश-अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पेण्ड्रारोड के समक्ष आवेदन दिये जा सकते हैं।

अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पेण्ड्रारोड श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने बताया कि लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को नोटिस जारी की जा रही है। न्यायधीशों एवं पैरा लीगल वालिंटियर्स के माध्यम से लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु पक्षकारों के मध्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से मोहल्ला लोक अदालत में आवेदन प्रस्तुत करने हेतु भी जन संपर्क कर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। इस हेतु विद्युत विभाग, वन मण्डल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगरपालिका, लीड बैंक मैनेजर के साथ बैठक कर अधिक से अधिक लंबित राशि वसूली हेतु प्रीलिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुति हेतु चर्चा की गई एवं पक्षकारों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है।

आगामी 10 मई को व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में लोक अदालत का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। लोक अदालत में सिविल, दांडिक, राजस्व, श्रम, मोटर दुर्घटनादावा, बैंक, बीमा, विद्युत, रेल्वे ट्रिब्यूनल आपरेटिव, दूरभाष, डाकतार, आयकर, विक्रयकर, ईधन आपूर्ति, स्थानीय निकाय तथा अन्य न्यायिक व अर्द्धन्यायिक संस्थानों एवं फोरम आदि में लंबित मामलों का निपटारा किया जाता है। लोक अदालत का अधिनिर्णय सिविल न्यायालय के डिक्री या किसी अन्य न्यायालय का आदेश के समान प्रभावशील होता है। लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में न्यायालय शुल्क की छूट प्रदान की जाती है तथा पूर्व में लगाये गये न्यायालय शुल्क को भी वापस किया जाता है। लोक अदालत का निर्णय अंतिम होता है, जिसकी अपील नहीं की जा सकती है। लोक अदालत में पारित अवार्ड-आदेश की प्रतिलिपि पक्षकारों को निःशुल्क प्रदान की जाती है।

# नपा खरसिया ने पास किया एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव

## उपाध्यक्ष बंटी सोनी के प्रस्ताव पर परिषद की बैठक में हुआ प्रस्ताव पास

**खरसिया,** 29 मार्च (देशबन्धु)। वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा देश भर में हो रही है. सरकार भी इस पर विचार कर रही है. इस बीच नगर पालिका खरसिया में एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में मील का पत्थर रखते हुए इस संबंध में परिषद की विशेष बैठक आयोजित की गई जिसमें छाया विधायक महेश साहू नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग सहित परिषद के सभी सदस्यों एवं खरसिया नगर के गणमान्य बुद्धिजीवी प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रही बैठक में उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से परिषद द्वारा सभी की सहमति से पारित किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष कमल गर्ग ने कहा कि आज नगर पालिका परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से एक देश एक चुनाव के पक्ष में प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से ध्वनि मत से स्वीकृत किया गया प्रस्ताव के संबंध में बताते हुए उन्होंने कहा कि देश की संसद में एक देश एक चुनाव के संबंध में विधेयक पेश कर इसे कानूनी रूप दिया जाए यह हम मांग करते हैं बैठक में छाया विधायक महेश साहू नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी




भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा पूर्व एल्डरमैन पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल पार्षद गिरधारी गबेल अरुण चौधरी दीपक अग्रवाल विनोद सिदार साहिल शर्मा मुरली राठौर श्वेता सुनील विश्वकर्मा सभी पार्षदों गायत्री केसरवानी भरत मीरानी बंटी केसरी सुनील अग्रवाल आनंद अग्रवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रण भगत सहित गण मन नागरिकों पर प्रबुद्ध जनों जनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने बाल-विवाह मुक्त जांजगीर-चांपा बनाने हेतु जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन और आमजनों से की अपील

**जांजगीर-चांपा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आम नागरिकों से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों में हर संभव प्रयास करने की अपील की है। बालविवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे कानूनी रूप से भी निषेध किया गया है।

प्रायः अक्षय तृतीया में बड़ी संख्या में बाल विवाह होते है जो प्रदेश व समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणाम न केवल बच्चों को बल्कि पूरे परिवार व समाज पर पड़ते है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बालविवाह से बच्चों के पूर्ण परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने का अधिकार अच्छा स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा पाने और हिंसा व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है।

बाल विवाह को पुर्ण रूप से प्रतिबंधित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम गठित कि गई है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लडके और 18 वर्ष से कम आयु की लडकी के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो की 1 लाख रूपये तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता या करता है अथवा उसकी सहायता करता है उसे दण्डित किया जा सकता है, तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढाव या जानबुझकर उसकी अनुमति देता है बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह कि जानकारी होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग 8963997174, चाईल्ड लाईन 1098, संबंधित परियोजना कार्यालय, पुलिस विभाग 112, व 100 नम्बर पर सूचित किया जा सकता है।

# जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक संपन्न

जांजगीर चांपा 29 अप्रैल 2025/ जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गगन जयपुरिया, सर्व जिला पंचायत सदस्य सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

सामान्य सभा की आयोजित बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न स्थाई समिति द्वारा पारित प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन, नल जल योजना के कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई ।बैठक में जल संसाधन विभाग अंतर्गत खरीफ फसल के पूर्व नहरों की मरम्मत, खरीफ फसल के संबंध में उपलब्ध खाद-बीज भंडारण , प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में चर्चा करते हुए पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत योजना का लाभ दिलाने कहा गया है। सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए धान खरीदी समितियों, नवीन सहकारी समिति के संबंध में जानकारी दी गई ।साथ ही जल संसाधन विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग एवं पर्यावरण विभाग, श्रम विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, वन विभाग, उर्जा विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रधीकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, समाज कल्याण विभाग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग से संबंधित विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपस्थितों ने जल संवर्धन की शपथ भी ली।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्री लोकेश राठौर, श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, श्री राजकुमार साहू, श्रीमती ज्योति कश्यप, श्रीमती नेहा साहू, श्रीमती संतोषी सिंह रात्रे, श्रीमती प्रीति दिब्य, श्रीमती प्रमिला साहू, श्री महादेव नेताम, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती बबीता रात्रे, श्रीमती शशिकला सिंह, श्रीमती उमा राठौर, सुश्री आशा साव, श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्री दिनेश शर्मा, श्री अनुभव तिवारी, उप संचालक पंचायत श्री अभिमन्यु साहू सहित सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

## कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का विस्तार से किया समीक्षा, शेष आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करने के दिए निर्देश

## विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से की गई समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

सक्ती, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का विस्तार से समीक्षा किया तथा शेष आवेदनों का जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर द्वारा शिविर आयोजन के लिए स्थल चिन्हांकित करने व निर्धारित शिविर स्थलों पर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुवे पेयजल और ओआरएस के घोल की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है।




समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग से पौधों की उपलब्धता की जानकारी ली तथा फॉरेस्ट विभाग, उद्यानिकी विभाग और पंचायत विभाग को आपसी समन्वय के साथ आगामी समय में पौधरोपण के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे तेजी से और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत विभाग अंतर्गत मनरेगा, सी आई एफ, आर एफ, लखपति दीदी सर्वे चिन्हांकन की प्रगति, स्वच्छ भारत मिशन, ओ डी एफ प्लस मॉडल ग्राम की जानकारी, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य सहित पंचायत विभाग अंतर्गत संचालित अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत समिति बनाए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है।

बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वासु जैन, अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा श्री बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम श्री अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम श्री रूपेंद्र पटेल, सहायक जिला कोषालय अधिकारी श्री प्रदीप देवांगन, तहसीलदार श्री विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा श्री मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार श्री भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# देश विदेश

## काला सागर क्षेत्र में अस्थिरता की मुख्य वजह यूक्रेन : रूस

**मॉस्को।** रूस ने काला सागर क्षेत्र में अस्थिरता के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया है। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी और समुद्री बोर्ड के अध्यक्ष निकोले पेत्रुशेव ने मंगलवार को कहा कि मॉस्को और वाशिंगटन दोनों ही समुद्री यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित करने में दिलचस्पी रखते हैं, अगला कदम कीव को उठाना चाहिए। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी तास को दिए एक इंटरव्यू में पात्रुशेव ने कहा कि स्पष्ट रूप से, यूक्रेन के सशस्त्र बलों और भाड़े के सैनिकों की गतिविधियां काला सागर क्षेत्र में अस्थिरता की मुख्य वजह हैं। उन्होंने कहा कि कीव शासन ने बार-बार यह दिखाया है कि उसके साथ बातचीत करना असंभव है। रूसी अधिकारी ने कहा कि जैसा कि हम पहले ही अनुभव से सीख चुके हैं।

# भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है : स्कॉट बेसेंट

**न्यूयॉर्क,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि टैरिफ (आयात-निर्यात पर लगने वाला शुल्क) के बीच देशों के साथ नए सिरे से आर्थिक रिश्ते बनाए जाएं। इसी वजह से भारत शायद अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पिछले हफ्ते भारत गए थे और उन्होंने वहां हुई अच्छी प्रगति की बात की। उन्होंने सीएनबीसी से कहा कि मुझे लगता है कि भारत उन शुरुआती देशों में होगा, जिनके साथ हम व्यापार समझौता करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पहला व्यापार समझौता पिछले हफ्ते ही हो सकता था।

ट्रंप के चुनाव अभियान का एक बड़ा वादा व्यापार संबंधों को नए तरीके से तय करना था। अब जब वह राष्ट्रपति बनने के 100वें दिन में पहुंच रहे हैं, तो ऐसे समय



■ उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पिछले हफ्ते भारत गए थे और उन्होंने वहां हुई अच्छी प्रगति की बात की

में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत के साथ समझौता उनके लिए बड़ी कामयाबी मानी जाएगी। पिछले हफ्ते बेसेंट ने पत्रकारों से कहा था कि भारत के साथ समझौता जल्दी ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में टैक्स के अलावा व्यापार में रुकावटें कम हैं, वहां मुद्रा में कोई गड़बड़ी नहीं होती और सरकारी सब्सिडी भी बहुत कम है, इसलिए भारत के

> यह राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते की ओर एक रास्ता तैयार करता है : जेडी वेंस, उपराष्ट्रपति

साथ समझौता करना काफी आसान है। पिछले हफ्ते भारत दौरे के दौरान वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यापार को लेकर बातचीत की थी। दोनों देशों ने कहा कि बातचीत आगे बढ़ाने के लिए एक योजना तैयार कर ली गई है। वेंस ने कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और भारत ने व्यापार बातचीत के नियमों को आधिकारिक रूप से तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह हमारे देशों के बीच अंतिम समझौते की ओर एक रास्ता तैयार करता है। मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। अगर कोई द्विपक्षीय समझौता नहीं होता है, तो जुलाई में ट्रंप की टैरिफ व्यवस्था लागू होने पर भारत को 26 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। बेसेन्ट ने यह भी कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत 'बहुत अच्छी रही है' और जापान के साथ भी 'कुछ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत हुई' हैं। इस महीने की शुरुआत में जब ट्रंप जापान के साथ व्यापार वार्ता में शामिल हुए थे, तो शुरुआत में जल्दी समझौते की उम्मीद थी, लेकिन ये उम्मीदें खत्म हो गईं। दक्षिण कोरियाई अधिकारियों का कहना है कि 3 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले समझौता होने की संभावना नहीं है।

# कनाडा में भारतीय छात्रा का मिला शव, 25 अप्रैल से थी लापता

**ओटावा,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा में चार दिनों से लापता एक भारतीय छात्रा रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई। यह जानकारी ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने दी। पंजाब के डेरा बस्सी निवासी आप नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका उच्च शिक्षा के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी। कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ओटावा में भारतीय छात्रा वंशिका की मौत की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मामले को स्थानीय अधिकारियों के सामने उठाया गया और पुलिस के अनुसार वह जांच कर रही है। उच्चायोग ने कहा कि वह हर संभव मदद प्रदान करने के लिए शोक संतप्त परिजनों और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। ओटावा के हिंदू समुदाय की ओर से ओटावा पुलिस सर्विस को लिखे पत्र के मुताबिक वंशिका 25 अप्रैल को लापता हुई थी। इसके बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि वह एक भारतीय छात्रा के लापता होने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय अधिकारियों और भारतीय-कनाडाई समुदाय के संगठनों के संपर्क में है। पत्र के अनुसार वंशिका शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 की शाम से



■ पंजाब के डेरा बस्सी निवासी आप नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका उच्च शिक्षा के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी

लापता है। वह रात 8 से 9 बजे के बीच किराये का कमरा देखने के लिए 7 मैजेस्टिक ड्राइव से अपने घर से निकली थी। उसी रात करीब 11:40 बजे उसका फोन बंद हो गया। अगली सुबह वह एक जरूरी परीक्षा में भी शामिल नहीं हुई। परिवार और दोस्तों ने उसे ढूंढ़ने की बहुत कोशिश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पत्र में लिखा गया कि हम बहुत चिंतित हैं और सच कहें तो सबसे बुरा होने का डर लग रहा है। ओटावा का हिंदू समुदाय बहुत परेशान है और हर घंटे चिंता बढ़ती जा रही है। हम आपसे इस मामले में खास ध्यान देने और मदद करने की अपील करते हैं।

## सुडोकू 6898


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 7 | | 2 | |
| 1 | | | | | 9 | 7 | | |
| 2 | 5 | | 8 | | 6 | | | |
| | | 5 | | | | 9 | | 8 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 6 | | 8 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 9 | 3 |
| | | 4 | 9 | | | | | 1 |
| | 3 | | 4 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6898



**बाये से दायें:-**

१. अनुशंसा (उर्दू)
३. कोंपल, नवपल्लव
५. गर्भ (उर्दू)
६. रसीला
७. किसी पद पर बने रहने का या कार्य करने का समय
८. पक्षपात (उर्दू)
१३ अच्छा-बुरा
१५. एक पशु (उर्दू)
१६. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१७. भेद, फर्क, फासला
१८. अनुचर, नौकर, खिदमतगार
२०. देखने योग्य
२२. पथिक, पटोही (उर्दू)
२३. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. राजनीति (उर्दू)
२. रईस की हुकूमत, छोटा राज्य (उर्दू)
३. बच्चों या बंदरों के मुंह से निकलने वाली आवाज
४. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानी चुनौती
५. शरथ ((उर्दू)
९. श्रृंगार रस, पारा
१०. विदेश (उर्दू)
११. स्वयं, निज (उर्दू)
१२. टीकने लासा, धारा के मध्य में स्थित वृक्ष या चट्टान
१४. आय (उर्दू)
१७. अंधकार
१९. वाणी, वादा
२०. द्वार, दरवाजा
२१. कीर्ति

## वर्ग पहेली-6897



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 30 अप्रैल, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अति आवश्यक है। बाहर का खाना-पीना संभवत: टालें। कार्यालय में सहकर्मियों से आपको लाभ होगा।

वृषभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उत्साह से किसी भी काम को बेहतर कर पाने में सक्षम रहेंगे। आप के लिए काम के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा।

मिथुन - आज तन-मन की अस्वस्थता और बेचैनी रहेगी, इस कारण आपको वाणी और व्यवहार में खूब सावधानी बरतने की जरुरत है। आंखों में दर्द होने की भी संभावना है।

कर्क - आज आपका मन चिंता के भार से मुक्त होगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। स्त्री मित्रों से विशेष लाभ होगा। नियमित आय में वृद्धि होने के साथ अन्य तरीके से आर्थिक लाभ होगा। शादी के इच्छुक व्यक्तियों का लग्न योग आएगा।

सिंह - विलंब से ही सही, लेकिन कामों में सफलता मिलेगी। ऑफिस या घर में उत्तरदायित्व का बोझ बढ़ेगा। जीवन को अधिक गंभीरता से लेंगे। नए संबंध स्थापित करने या काम के संबंध में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

कन्या - शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतान के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। ऑफिस में उच्च अधिकारियों के साथ आपका वाद-विवाद होगा।

तुला - स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े-विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। हितशत्रु अधिक प्रवृत्त होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है। सामाजिक समारोह, पर्यटन आदि के लिए जा सकते हैं।

धनु - नौकरी करने वालों के लिए लाभ का दिन है। आर्थिक लाभ की संभावना है। घर में आनंद का वातावरण रहेगा। नौकर और सहकर्मी आपके सहायक बनेंगे। काम में सफलता और यश प्राप्ति होगी।

मकर - कला तथा साहित्य के क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्ति आज अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान दे सकेंगे। अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक शक्तियों का परिचय करा सकेंगे। प्रेमी परस्पर घनिष्ठता का अनुभव करेंगे।

कुंभ - स्वभाव में भावुकता अधिक होने से मानसिक बेचैनी रहेगी। आर्थिक विषयों का आयोजन होगा। माता से अधिक प्रेम का अनुभव होगा। महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन, वस्त्र या आभूषणों की खरीदी के पीछे खर्च होगा।

मीन - काम में सफलता पाने के लिए और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज उत्तम दिन है। आपके विचारों में आज स्थिरता रहेगी, इससे कोई भी काम अच्छी तरह हल कर सकेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# पीयूष गोयल का ब्रिटेन दौरा, शीर्ष व्यापारिक नेताओं के साथ की चर्चा

**लंदन,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों और बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत और ब्रिटेन के काम करने और साथ में तरक्की करने के नए अवसरों पर बातचीत की। वाणिज्य मंत्री ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए इस सप्ताह लंदन, ओस्लो और ब्रुसेल्स की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं।

गोयल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के साथ रात के खाने पर मुलाकात की। बातचीत में हमारे उद्योग के मजबूत विकास और आपसी समृद्धि के लिए यूके के साथ अधिक सहयोग के अवसरों पर चर्चा की गई। उन्होंने रत्न और आभूषण के क्षेत्र में दुनिया भर के नए रुझान जानने के लिए डी बीयर्स कंपनी के सीईओ अल कुक और उनकी टीम से भी मुलाकात की। मंत्री ने कहा कि हमने भारत में हीरा उद्योग में मौजूद अवसरों इसे टिकाऊ बनाने के तरीकों और आगे बढ़ने की संभावनाओं पर बात की। गोयल ने रेवोल्यूट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर में मौजूद बड़े मौके, इनोवेशन व विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर काम करने की अहमियत पर बात की। इससे पहले, गोयल ने ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जे. रेनॉल्ड्स से



■ गोयल ने रेवोल्यूट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट से भी मुलाकात की

मुलाकात की। उन्होंने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

भारतीय मंत्री ने अपने ब्रिटिश समकक्ष के साथ बैठक को भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया। बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर लिखा कि द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय गहन चर्चा के लिए लंदन पहुंचा हूं। अपने पहले कार्यक्रम में, मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड मंत्री जे. रेनॉल्ड्स के साथ एक सार्थक बैठक की, जिससे भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई। इस यात्रा का मकसद भारत और ब्रिटेन के बीच होने वाले प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को अंतिम रूप देना है, क्योंकि यह बातचीत अब अपने आखिरी दौर में है।

## शेख हसीना की बेटी का फ्लैट होगा जब्त अदालत ने दिया आदेश

**ढाका,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को ढाका के गुलशन इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पुतुल के फ्लैट को जब्त करने का आदेश पारित किया। अदालत ने फ्लैट की देखभाल के लिए एक रिसीवर नियुक्त करने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने देश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की अपील पर यह आदेश पारित किया। एसीसी ने याचिका में कहा कि गुलशन फ्लैट की कीमत 5.7 मिलियन बांग्लादेशी टका है। स्थानीय मीडिया के अनुसार याचिका में कहा गया, सायमा वाजेद पुतुल अचल संपत्ति को हस्तांतरित या निपटाने की कोशिश कर रही हैं। यदि मामले के निपटारे से पहले संपत्ति हस्तांतरित की जाती है, तो इससे जांच कमजोर हो सकती है। पिछले वर्ष अगस्त में सत्ता में आने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री, उनके परिवार के सदस्यों और अवामी लीग समर्थकों के खिलाफ कई गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

## पाकिस्तानी हैकर्स का राजस्थान में साइबर अटैक, राज्य सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

**जयपुर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए। पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है। मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। जिम्मेदार हैकिंग समूह की पहचान करने और किसी भी संभावित डाटा उल्लंघन का आकलन करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी भी संवेदनशील डेटा लीक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी विभागीय प्रणालियों का व्यापक ऑडिट जारी है। यह घटना सोमवार को हुए एक ऐसे ही साइबर हमले के बाद हुई, जिसमें हैकरों ने स्थानीय स्वशासन विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइटों पर हमला किया था और उन पर पाकिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री लगा दी थी।

# चीन : रेस्तरां में लगी भीषण आग, 22 लोगों की मौत

**बीजिंग,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के पूर्वोत्तर लियाओनिंग प्रांत के लियाओयांग शहर में मंगलवार दोपहर एक रेस्तरां में भीषण आग लग गई। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने दी। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार, आग स्थानीय समयानुसार दोपहर 12ः25 बजे एक आवासीय क्षेत्र में स्थित रेस्तरां में लगी। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा देखभाल देने के लिए 'सभी संभव प्रयास' करने की अपील की। उन्होंन अधिकारियों को देश भर में अग्नि सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया। यह इस महीने चीन में दूसरी बड़ी आग त्रासदी है। 9 अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत के चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में एक नर्सिंग होम में लगी आग में 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। आग लगने के समय इमारत के अंदर कुल 39 लोग मौजूद थे। हाल के वर्षों में चीन में कई घातक दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनके लिए प्राय: गैस रिसाव, पुराने बुनियादी ढांचे या खराब सुरक्षा प्रवर्तन को जिम्मेदार ठहराया जाता है। पिछले साल मार्च में, हेबेई प्रांत के एक रेस्तरां में गैस रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हो गए।



■ आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया

## सुडोकू 6898 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 |

## आज का इतिहास

1492 – स्पेन की रानी इसाबेला ने क्रिस्टोबल कोलंबो को भारत के लिए एक समुद्री मार्ग खोजने की अनुमति दी।
1657 – शिवाजी महाराज ने मुगलों के कब्जे वाले शहर जुन्नार पर आक्रमण किया और लूटपाट की।
1789 – जॉर्ज वाशिंगटन संयुक्त राज्य अमेरिका के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
1936 – महात्मा गांधी ने वर्धा के पास सेवाग्राम आश्रम की स्थापना की।
1945 – द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी की हार के बाद हिटलर की क्रूर आत्महत्या अपरिहार्य है। सोवियत सैनिकों ने बर्लिन में जर्मन संसद (रीचस्टैग) पर विजय ध्वज फहराया।
1975 – साम्यवादी ताकतों ने साइगांव पर अधिकार कर लिया। वियतनाम युद्ध का अंत।
1977 – 9 राज्यों में विधान सभाओं को भंग कर दिया गया और जनसंघ, समाजवादी पार्टी, संगठन कांग्रेस और भारतीय लोक दल ने जनता पार्टी बनाने का फैसला किया।
1982 – कलकत्ता में बिजन सेतु नरसंहार।
1995 – बिल क्लिंटन उत्तरी आयरलैंड का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बने।
1996 – थेउर में श्री चिंतामणि मंदिर के परिसर में माधवराव पेशवा स्मारक का उद्घाटन।
2009 – क्रिसलर कंपनी दिवालिया हो गई।
2010 – बेल्जियम सरकार के सार्वजनिक स्थानों पर बुर्के पर पाबंदी लगाने संबंधी विधेयक के एक कानूनी मसौदे को संसद के निचले सदन ने मंजूरी दे दी।

**तैयारी** | इस वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की 75 वीं वर्षगांठ

# 'भारत के साथ आगे बढ़ा रहे कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी'

**बीजिंग, 29 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन ने कहा कि वह भारत के साथ मिलकर कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए संबंधित तैयारियों को आगे बढ़ा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और जनसंपर्क आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पवित्र पर्वत और झील तिब्बती बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म सहित कई धर्मों के श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बीजिंग में एक नियमित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान प्रवक्ता ने कहा कि चीन और भारत के बीच हुए समझौते के अनुसार, कैलाश मानसरोवर यात्रा इस गर्मी में फिर से शुरू होगी।**

■ 2015 से ही ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत

दोनों पक्ष फिलहाल आवश्यक तैयारियों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष चीन-भारत राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। चीन, भारत के साथ मिलकर नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण साझा समझ को ईमानदारी से लागू करने और द्विपक्षीय संबंधों को अच्छा और स्थिर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए तैयार है।

पिछले सप्ताह भारत के विदेश मंत्रालय ने भी घोषणा की थी कि लंबे समय से प्रतीक्षित कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून से अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय द्वारा शनिवार



को जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष पांच दल, प्रत्येक में 50 यात्री, उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से और 10 दल, प्रत्येक में 50 यात्री, सिक्किम के नाथू ला दर्रे से यात्रा करेंगे। बताया गया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए आवेदन स्वीकार करने के लिए वेबसाइट kmy.gov.in शुरू कर दी गई है। 2015 से ही ऑनलाइन आवेदन से लेकर यात्रियों के चयन तक की पूरी प्रक्रिया कम्प्यूटरीकृत कर दी गई है। विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदकों को जानकारी पाने के लिए पत्र या फैक्स भेजने की आवश्यकता नहीं है। वेबसाइट पर उपलब्ध फीडबैक विकल्प के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है या सुझाव दर्ज किए जा सकते हैं। भारत और चीन इस वर्ष की शुरुआत से ही यात्रा को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया और नियम तय करने में जुटे हुए थे। बता दें कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 2020 में कोविड-19 महामारी के फैलने के बाद और चीन द्वारा यात्रा व्यवस्थाओं का नवीनीकरण न करने के कारण स्थगित कर दी गई थी।

## दुनिया को जानें

# चीन श्रम के नाम पर नए युग की गरिमा और गौरव लिखता है

**बीजिंग,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। 1 मई को हम एक ऐसा त्योहार मनाते हैं, जो सभी श्रमिकों का है। 1886 में शिकागो के श्रमिकों की आठ घंटे के कार्यदिवस की मांग से लेकर 1949 में चीन द्वारा '1 मई' को कानूनी श्रम दिवस के रूप में स्थापित करने तक, यह त्योहार हमेशा मानव जाति द्वारा श्रम के मूल्य की खोज से जुड़ा रहा है। समकालीन चीन में, श्रमिक न केवल उत्सव की प्रशंसा का आनंद लेते हैं बल्कि संस्थागत गारंटी और मूल्य पुनर्निर्माण के माध्यम से वास्तव में सामाजिक विकास में मुख्य निकाय बन गए हैं। श्रमिकों के लिए यह सम्मान न केवल चीनी सभ्यता की परंपराओं की निरंतरता है बल्कि नए युग में चीन के आधुनिकीकरण पथ का एक ज्वलंत उदाहरण भी है। पहला, संस्थागत नींव ने श्रमिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए एक नेटवर्क बनाया है। चीन ने हमेशा श्रमिकों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा को सामाजिक शासन के मूल में रखा है। नए संशोधित श्रम कानून ने श्रम अनुबंधों, मजदूरी भुगतान और आराम और अवकाश को कवर करते हुए एक पूर्ण-चक्र सुरक्षा प्रणाली स्थापित की है। चीन भर में 31 प्रांतों ने मजदूरी भुगतान निगरानी मंच स्थापित किए हैं, जो 28 करोड़ किसान श्रमिकों के लिए 'मजदूरी सुरक्षा' प्रदान करते हैं।

# खेल जगत

## 14 साल के वैभव सूर्यवंशी में भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं : दिनेश लाड



**मुंबई।** भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने कहा है कि 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक अत्यंत प्रतिभाशाली भारतीय क्रिकेटर है और उसमें भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। दिनेश लाड ने कहा कि जब मैंने पहली बार वैभव को बल्लेबाजी करते देखा और उसका लगाया हुआ शानदार छक्का देखा, तो मैं उसकी तकनीक और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। हाल ही में एक आईपीएल मैच में उसकी बल्लेबाजी देख पूरा देश हैरान रह गया। इतनी कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन दुर्लभ होता है। वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रच दिया - यह किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और आईपीएल में अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है। यह सूर्यवंशी का केवल तीसरा आईपीएल मैच था।

# भारत की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया

■ भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज प्रतीक रावल और स्मृति मंधाना के साथ मिलकर अच्छी शुरुआत की



**कोलंबो,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत की महिला टीम ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका की महिलाओं पर नाटकीय अंदाज में 15 रन से जीत दर्ज की, जो श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय सीरीज में उनकी लगातार दूसरी जीत है। भारत ने प्रोटियाज द्वारा पहले विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी से वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज की, जिसकी अगुआई एक बार फिर हमेशा की तरह भरोसेमंद स्नेह राणा ने की। भारत का 50 ओवर में 276/6 का स्कोर प्रतिस्पर्धी लग रहा था, लेकिन अजेय नहीं, खासकर तब जब दक्षिण अफ्रीका ने बिना किसी नुकसान के 140 रन बना लिए। लेकिन राणा के निर्णायक 48वें ओवर, जिसमें तीन विकेट शामिल थे, ने मैच का रुख पलट दिया और सुनिश्चित किया कि ब्लू की महिला टीम कुल स्कोर का बचाव कर सके।

टॉस जीतकर लगातार दूसरे मैच में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज प्रतीक रावल और स्मृति मंधाना के साथ मिलकर अच्छी शुरुआत की। दोनों ने बिना ज्यादा जोखिम उठाए पावरप्ले में 43 रन बनाए। उन्होंने अपनी ओपनिंग साझेदारी को 83 रनों तक बढ़ाया, जिसमें रावल ने एक बार फिर क्रीज पर अपनी शांत उपस्थिति दिखाई, जबकि मंधाना ने 19वें ओवर में 36 रन पर आउट होने से पहले लेग-साइड में गेंद को खूबसूरती से टाइम किया। रावल ने एक और संयमित अर्धशतक बनाया- यह उनका लगातार पांचवां अर्धशतक था, उन्होंने अपनी पिछली पारी की तरह ही पारी को संभाला। हालांकि, बीच के ओवरों में भारत की पारी लगभग रुक गई, जब हरलीन देओल अपनी शुरुआत को भुनाने में विफल रहीं। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नियंत्रण संभाला। दोनों ने 41 रनों की समान पारी खेली, जिससे भारत प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर बढ़ रहा था। अंतिम शानदार प्रदर्शन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने किया, जिन्होंने हरमनप्रीत के साथ मिलकर डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण बाउंड्री लगाई। भारत ने अंतिम 11 ओवरों में 94 रन जोड़कर 276/6 का स्कोर बनाया, जो कि एक पार स्कोर था।

दक्षिण अफ्रीका की प्रतिक्रिया शुरू से ही जोरदार रही। अनुभवी सलामी जोड़ी लॉरा वोल्वार्ट और टैजमिन ब्रिट्स ने बेहतरीन नींव रखी। वे बिना किसी लापरवाही के आक्रामक थे, उन्होंने शॉर्ट या वाइड को दंडित किया। ब्रिट्स विशेष रूप से धाराप्रवाह थी, अपने पैरों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही थी और रन-एंड-बॉल दर पर स्ट्राइक कर रही थी। 10 ओवर के निशान तक, दक्षिण अफ्रीका पहले ही बिना किसी नुकसान के 61 रन बना चुका था, और आवश्यक दर अच्छी तरह से नियंत्रण में थी। भारत के गेंदबाज दबाव में थे, लेकिन दीप्ति शर्मा ने 24वें ओवर में वोल्वार्ट को 43 रन पर आउट करके तोड़ दिया। यह वह सफलता थी जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी, और यह बिल्कुल सही समय पर आई। लॉरा गुडॉल जल्द ही आउट हो गईं, क्योंकि स्नेह राणा ने फिर से आक्रमण में प्रवेश किया और उन्हें आसानी से आउट कर दिया। दो विकेट खोने के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका अभी भी नियंत्रण में था, ब्रिट्स अपने शतक की ओर बढ़ रही थी और क्लो ट्रायोन सकारात्मक इरादे से आगे बढ़ रही थी।

# वैभव ने एक साथ ध्वस्त किए कई रिकॉर्ड



आईपीएल 2025

100 (35) गेंद

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को अगर 'छोटा पैकेट बड़ा धमाका' कहा जाए तो गलत नहीं होगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच सोमवार शाम को खेले गए मैच में सूर्यवंशी का बल्ला ऐसा चला कि हर कोई उनका दीवाना बन गया। 14 साल की उम्र में वैभव ने महज 35 गेंदों में शतक जड़कर आईपीएल की रिकॉर्ड बुक को हिलाकर रख दिया। आइए, जानते हैं वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में कौन-कौन से कीर्तिमान को ध्वस्त किया।

दरअसल, वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले ये कारनामा राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए युसूफ पठान ने किया था, जिन्होंने 37 गेंद पर शतक लगाया था। हालांकि, वैभव ने युसूफ के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए महज 35 गेंदों में ही ये कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने के मामले में वैभव के आगे अब सिर्फ क्रिस गेल हैं, जिनके नाम 30 गेंदों में शतक जड़ने का रिकॉर्ड दर्ज है। इसके अलावा, वैभव ने टी20 में सबसे कम उम्र के शतकवीर खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया है। सूर्यवंशी ने महज 14 साल 32 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। इतना ही नहीं, अनकैप्ड बल्लेबाज की ओर से आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी वैभव पहले नंबर पर हैं। उन्होंने प्रियांश आर्य के रिकॉर्ड को तोड़ा है, जिन्होंने इसी सीजन में 39 गेंद पर शतक लगाया था। वैभव ने सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले युवा बल्लेबाज का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वैभव ने महज 17 गेंदों पर 50 रन बनाए हैं। साथ ही 14 साल के वैभव आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। वैभव सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 101 रनों की पारी में 11 छक्के लगाए। साथ ही वह एक आईपीएल पारी में राजस्थान रॉयल्स की ओर से सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

## तेंदुलकर, धवन ने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को सराहा



**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने जब आईपीएल की अपनी पहली गेंद को लेग साइड में हटकर शार्दुल ठाकुर पर कवर के ऊपर से छक्का मारा था, तो विकेट के पीछे खड़े ऋषभ पंत उन्हें ठिठक कर देखने लगे थे। नौ दिन बाद इस 14-वर्षीय लड़के ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ अपने सिर्फ तीसरे आईपीएल मैच में 35 गेंदों में शतक लगाया और पुरूष टी20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने। वह आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं, वहीं सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने के मामले में क्रिस गेल के बाद वह दूसरे नंबर पर आते हैं। आइए देखते हैं उन्हें सोशल मीडिया में क्या प्रतिक्रिया मिली। लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर कहा कि वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्ले की गति, शुरुआत में ही लेंथ को पहचानना और गेंद के पीछे ऊर्जा का हस्तांतरण करना एक शानदार पारी का नुस्खा है।



**शिखर धवन** ने कहा कि आज आरआर ने क्या शानदार प्रदर्शन किया! युवा वैभव सूर्यवंशी की शानदार पारी, किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज आईपीएल शतक, वो भी सिर्फ 14 साल की उम्र में! यशस्वी जायसवाल की 40 गेंदों पर 70 रन की अविश्वसनीय पारी, आपकी ओपनिंग साझेदारी देखने लायक थी। जीटी, आप इस सीजन में सबसे बेहतरीन हैं, मजबूती से आगे बढ़ते रहिए! मिस्टर 360 डिग्री सूर्यकुमार यादव ने कहा कि इस युवा खिलाड़ी का कत्लेआम देखा।अविश्वसनीय!

**यूसुफ पठान** ने कहा कि युवा वैभव सूर्यवंशी को किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज आईपीएल शतक का मेरा रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बहुत-बहुत बधाई! राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए ऐसा होते देखना और भी खास है, जैसा कि मैंने किया। युवाओं के लिए इस फ्रेंचाइजी में वाकई कुछ जादुई है।

## भारत में क्रिकेट फिर से पहले जैसा नहीं रहेगा : जडेजा



**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अजय जडेजा को लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का उदय देश के क्रिकेट परिदृश्य में उत्प्रेरक का काम करेगा, जिससे अधिक से अधिक किशोरों को बहुत कम उम्र में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। सूर्यवंशी ने 101 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली और आईपीएल और टी20 क्रिकेट दोनों में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वह आईपीएल और टी20 क्रिकेट में तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। 14 वर्षीय इस खिलाड़ी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की और सोमवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से जीत दिलाई। जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा कि उसने कुछ शॉट खेले - आपको उन्हें निष्पादित करने से पहले उनके बारे में सपने देखने होंगे। 14 साल के बच्चे के लिए ऐसा सोचना अविश्वसनीय है। शार्दुल ठाकुर के खिलाफ तीन मैच पहले उसने जो पहली गेंद खेली थी, उसे याद करें - उसने तब दिखाया कि वह इस खेल का हकदार है। जब वह उस दिन 30 रन बनाकर आउट हुआ, तो वह स्पष्ट रूप से भावुक था, लगभग आंसू बहा रहा था, लेकिन कुछ ही मिनटों में वह डगआउट में फिर से मुस्कुराने लगा। उन्होंने कहा कि 14 साल की उम्र में भावनाओं पर काबू पाने की क्षमता बहुत बड़ी है। उसकी मानसिकता खास है।

## उसने कोचों से भी ज्यादा मेहनत की है : वैभव के कोच

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। उनके कोच, रॉबिन सिंह ने 14 वर्षीय की सफलता का श्रेय उनके समर्पण और वर्षों से की गई अथक मेहनत को दिया। अपना तीसरा आईपीएल मैच खेलते हुए, सूर्यवंशी ने सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक प्रेरणादायक शतक के साथ कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। 14 वर्षीय बल्लेबाज ने 35 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रच दिया, जो आईपीएल में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है। 14 साल और 32 दिन की उम्र में सूर्यवंशी ने जीटी के खिलाफ सिर्फ 38 गेंदों पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेली और आईपीएल और टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।

# धोनी के लिए आखिरी मौका, पंजाब की नजरें प्लेऑफ के लिए आगे बढ़ने पर



■ 31 मैचों में सीएसके को 16 जबकि पीबीकेएस को 15 मैचों में जीत मिली है

■ ओवरऑल पीबीकेएस के खिलाफ भी धोनी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है

**चेन्नई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के 49वें मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का सामना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से उनके घरेलू मैदान चेपॉक पर होगा। जहां पीबीकेएस की टीम नौ मैचों में पांच जीत, तीन हार और एक रद्द मुकाबले के साथ अंक तालिका के एकदम बीचों-बीच है, वहीं पांच बार की चैंपियन सीएसके नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में एकदम नीचे है। इस मैच में हार के साथ चेन्नई का सफर पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।


दोनों टीमों के बीच अब तक 31 मैच हुए हैं, जिसमें मुकाबला कांटे का रहा है। इन 31 मैचों में सीएसके को 16 जबकि पीबीकेएस को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं चेपॉक की बात की जाए, तो यहां मुकाबला बराबरी का है और दोनों ने आठ में से चार-चार मुकाबले जीते हैं। वहीं हालिया दौर की बात की जाए तो 2022 से हुए छह मुकाबलों में पीबीकेएस को पांच जबकि सीएसके को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है।

इस मैच में चेन्नई के लोगों को अपने थाला यानी एम एस धोनी की बल्लेबाजी का जलवा देखने को मिल सकता है। अर्शदीप सिंह, पीबीकेएस के मुख्य गेंदबाज हैं और वह डेथ में अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि धोनी के सामने उनकी एक भी नहीं चलती और धोनी उन पर 178 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। चार पारियों में अर्शदीप एक भी बार धोनी को आउट नहीं कर पाए हैं। ओवरऑल पीबीकेएस के खिलाफ भी धोनी का रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ 28 पारियों में 43.5 की औसत और 151 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं, जिसमें पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। लेकिन युजवेंद्र चहल के खिलाफ धोनी कुछ संघर्ष करते हुए नजर आते हैं और उन्होंने धोनी को आईपीएल में तीन पारियों में आउट किया है। हालांकि धोनी भी चहल पर 34 की औसत और 128 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

चहल ना सिर्फ धोनी बल्कि सीएसके के अधिकतर बल्लेबाजों को परेशान करते हैं। उन्होंने धोनी की तरह दीपक हुड्डा को भी टी20 मैचों में तीन बार आउट किया है, जबकि राहुल त्रिपाठी, रवींद्र जडेजा और विजय शंकर भी उनका दो-दो बार शिकार हुए हैं। इसमें से किसी भी बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट चहल के खिलाफ 140 से अधिक नहीं है, जबकि राहुल तो चहल पर सिर्फ 98 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सिर्फ सैम करन ही चहल पर 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि चहल उनको एक भी बार आउट नहीं कर पाए हैं।

इस साल जडेजा का प्रदर्शन अपने नाम के अनुरूप नहीं रहा है और नौ मैचों में चार बार ऐसा हुआ है कि उन्हें कोई विकेट भी ना मिला हो। हालांकि इस मैच में जडेजा की फॉर्म में वापसी हो सकती है क्योंकि पीबीकेएस के बल्लेबाजों के खिलाफ जडेजा का टी20 रिकॉर्ड बहुत बेहतरीन है। वह ग्लेन मैक्सवेल को सात जबकि मार्कस स्टॉयनिस को दो बार टी20 मैचों में आउट कर चुके हैं। उन्होंने पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस अय्यर को 11 पारियों में सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन 90 के स्ट्राइक रेट के साथ श्रेयस उनके खिलाफ संघर्ष करते नजर आते हैं। इसके अलावा जडेजा ने फॉर्म में चल रहे पीबीकेएस के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह को दो पारियों में दो बार आउट किया है।

# गिल की पीठ में जकड़न, एसआरएच के खिलाफ मैच में फिट होने की उम्मीद



■ सोमवार की हार के बावजूद जीटी की टीम नौ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में है

**जयपुर,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पीठ में जकड़न के कारण राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच में फील्डिंग नहीं कर पाए। हालांकि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले उनके पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। गिल ने इस मैच में 50 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली थी। दूसरी पारी में गिल की जगह इशांत शर्मा इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए, जबकि उपकप्तान राशिद खान ने कप्तानी की जिम्मेदारी को संभाला। जीटी को इस मैच में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद गिल ने बताया कि जीटी की मेडिकल टीम ने उन्हें फील्डिंग नहीं करने की सलाह दी थी। यह एक एहतियातन दम था ताकि वह अगले मैच के लिए पूरी तरह से फिट हों। गिल ने कहा कि मुझे पीठ में थोड़ी जकड़न महसूस हुई और दो दिन बाद ही हमारा फिर मैच था। इसलिए फिजियो ने मुझे जोखिम ना लेने की सलाह दी थी। कल की हार के बावजूद जीटी की टीम नौ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में है और आईपीएल 2025 के प्ले ऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। गिल ने कहा कि हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पिछले मैच में हमें जीत मिली या हार। हम इसे एक अन्य मैच की तरह ही लेंगे और अगले मैच के लिए आगे बढ़ेंगे। हमारा अगला मैच अहमदाबाद में है, जहां हमने अच्छा किया है। उम्मीद है कि हम उस लय को बरकरार रखेंगे।

## ईपीएल ने भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने मंगलवार को मुम्बई में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह कार्यालय स्थानीय प्रशंसक, सहयोगियों के साथ संपर्क बढ़ाने, भारत में फुटबॉल को बढावा देने और लीग तथा उसके क्लबों की निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा कि हम और हमारे क्लब भारत में एक शानदार और जानकारी प्रशंसक बेस रखते हैं और हम जानते हैं कि फुटबॉल की ख्याति लगातार बढ़ रही है। हम भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस करते हैं, जहां हम पिछले 18 वर्षों से सुमदायिक फुटबॉल कार्यक्रम चला रहे हैं और हाल ही में इंडियन सुपर लीग के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय का उद्घाटन प्रीमियर लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें स्थानीय स्तर पर और अधिक असरदार तरीके से काम करने में मदद करेगा।

## इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान बनीं सिवर-ब्रंट

**लंदन,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। नताली सिवर-ब्रंट को इंग्लैंड की महिला टीम का नया कप्तान बनाया गया है। सिवर-ब्रंट इससे पहले टीम की उपकप्तान थीं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मल्टीफॉर्मेट एशेज में 16-0 से करारी शिकस्त के बाद हीदर नाइट को कप्तानी से हाथ धोना पड़ गया था। सिवर-ब्रंट इस समय मातृत्व अवकाश पर हैं और वह वेस्टइंडीज़ और भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए टीम के साथ जुड़ जाएंगी। 2013 में डेब्यू करने वालीं सिवर-ब्रंट ने तमाम प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए कुल 259 मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 46.47, वनडे में 45.91 और टी20 में 28.45 की औसत से रन बनाए हैं जबकि उनके नाम 181 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी हैं। सिवर-ब्रंट पहले भी नाइट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड की कप्तानी कर चुकी हैं। सिवर-ब्रंट ने अब तक इंग्लैंड के लिए कुल 12 मैचों में कप्तानी की है जिसमें इंग्लैंड को नौ मैचों में जीत हासिल हुई है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए कुल 11 टी20 और एक वनडे मैच में कप्तानी की है। 2024-25 एशेज में सिवर-ब्रंट ने नाइट के बाद इंग्लैंड के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाए थे, जबकि सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में वह तीसरे स्थान पर थीं, पहले पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी थीं। हाल ही में हुई वीमेंस प्रीमियर लीग में सिवर-ब्रंट ने सर्वाधिक 523 रन बनाए थे और उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने खिताब भी अपने नाम किया था।



# सूर्यकुमार, श्रेयस, रहाणे सहित आठ भारतीय सितारे टी-20 मुंबई लीग के आइकन खिलाड़ी घोषित

■ भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग, छह साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी कर रही है



**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। बहुप्रतीक्षित टी20 मुंबई लीग को लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। इसी बीच मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने मंगलवार को भारत के सितारा खिलाड़ियों की एक शानदार सूची जारी की है, जिसमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे प्रमुख हैं जिन्हें टी20 मुंबई लीग का आइकन खिलाड़ी घोषित किया गया है। भारत के प्रमुख फ्रेंचाइजी आधारित घरेलू टी20 टूर्नामेंटों में से एक टी20 मुंबई लीग, छह साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी कर रही है। इसका तीसरा संस्करण 26 मई से 8 जून तक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आइकन खिलाड़ियों की इस सूची में सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, पृथ्वी शॉ, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे भी शामिल हैं। इन सभी आठ खिलाड़ियों ने भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया है, जो मुंबई की क्रिकेट प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें आठ ऐसे आइकन खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुंबई का गौरव बढ़ाया है। वे मुंबई क्रिकेट की भावना, विरासत और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी उपस्थिति न केवल उभरती प्रतिभाओं को प्रेरित और मार्गदर्शन करेगी, बल्कि उनके लिए सीखने का एक मूल्यवान अवसर भी प्रदान करेगी क्योंकि हम भारत के क्रिकेट सितारों की अगली पीढ़ी की खोज और प्रचार के लिए प्रतिबद्ध हैं। लीग में इन खिलाड़ियों के होने से इसका कद भी बढ़ेगा और प्रशंसकों को एक रोमांचक और यादगार अनुभव मिलेगा। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में एक आइकन खिलाड़ी चुनने की अनुमति होगी, जिससे टीमों को अनुभव और स्टार पावर दोनों मिलेंगे।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 10 | +0. 889 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.748 |
| 4- | दिल्ली कैपिटल | 9 | 6 | 3 | 12 | +0. 482 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 9 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.349 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.302 |

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | | |
|---|---|---|
| रिलायंस | \| | 2.32 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | \| | 2.14 प्रतिशत |
| इटरनल | \| | 1.72 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | \| | 1.42 प्रतिशत |
| इन्फ़ोसिस | \| | 1.03 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | | |
|---|---|---|
| सन फार्मा | \| | 2.04 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | \| | 2.00 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | \| | 1.72 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | \| | 1.09 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | \| | 0.90 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## छह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने स्टार्टअप्स को सपोर्ट करने के लिए निवेश किए 290 करोड़ रुपए : पुरी

■ **कंपनियों ने अपने 550 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड से 303 उभरते हुए स्टार्टअप्स को सपोर्ट किया**

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की छह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अब तक स्टार्टअप इकोसिस्टम को सपोर्ट करने के लिए 290 करोड़ रुपए का निवेश किया है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को यह बयान दिया। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अपने 550 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड से 303 उभरते हुए स्टार्टअप्स को सपोर्ट किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। पुरी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'भारत की स्टार्टअप यात्रा सिर्फ संख्याओं के बारे में नहीं है। यह सपनों, दृढ़ संकल्प और इनोवेशन द्वारा आकार दिए गए नए भविष्य के बारे में है।' हरदीप पुरी ने आगे कहा कि देश में 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप और 120 यूनिकॉर्न हैं।

पुरी ने पोस्ट में आगे कहा, 'पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत आने वाली छह ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने अपने 550 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फंड में से 290 करोड़ रुपए का निवेश 303 कंपनियों में किया है।' सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 में फंड ऑफ फंड्स स्कीम के माध्यम से डीपटेक और एआई-सक्षम प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए स्टार्टअप्स को 10,000 करोड़ रुपए का फंड आवंटित किया था।



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में 'स्टार्टअप महाकुंभ' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एक नियामक के रूप में नहीं बल्कि एक सुविधाकर्ता के रूप में स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इनोवेशन में भारत की बढ़ती ताकत पर प्रकाश डालते हुए, गोयल ने डीप टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स में देश की क्षमता पर विश्वास जताया। गोयल ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि भारत इनोवेशन की दुनिया में बड़े पैमाने पर आगे बढ़ेगा। हम वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।'

**भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। 'भारत की स्टार्टअप यात्रा सिर्फ संख्याओं के बारे में नहीं है। यह सपनों, दृढ़ संकल्प और इनोवेशन द्वारा आकार दिए गए नए भविष्य के बारे में है: हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री**

### सीसीपीए ने सर्विस चार्ज वापस न करने पर दिल्ली के पांच रेस्टोरेंट को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मंगलवार को कहा कि प्राधिकरण ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद अनिवार्य सेवा शुल्क वापस न करने पर पांच रेस्टोरेंट के खिलाफ स्वयं संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। इन रेस्टोरेंट में मखना डेली, जीरो कोर्टयार्ड, कैसल बारबेक्यू, चायोस और फिएस्टा बाय बारबेक्यू नेशन का नाम शामिल है। विनियामक ने राष्ट्रीय राजधानी के इन पांच रेस्टोरेंट को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत नोटिस भेजा है, जिसमें रेस्टोरेंट को सेवा शुल्क की राशि वापस करने का निर्देश दिया गया है।

## भारत में सोने की मांग बढ़कर 8` टन से अधिक हुई

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में सोने की मांग 2024 में बढ़कर 800 टन से अधिक हो गई है। इसकी वजह ज्वेलरी की मांग और गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ना है। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। जीरोधा फंड हाउस की रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में वैश्विक स्तर पर भारत गोल्ड ज्वेलरी का सबसे बड़ा उपभोक्ता था। इस अवधि में देश में 563 टन गोल्ड ज्वेलरी की खपत दर्ज की गई और इसकी वैल्यू करीब 3.6 लाख करोड़ रुपए थी। गोल्ड ज्वेलरी भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है और शुभ कार्य जैसे विवाह आदि में इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। रिपोर्ट में बताया गया कि ज्वेलरी के अलावा देश में बड़ी संख्या में लोग बार और कॉइन के रूप में भी सोने में निवेश करते हैं। देश में 2024 में 239 टन गोल्ड कॉइन और बार के रूप में खरीदा गया था। इसकी वैल्यू करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए थी। इसमें 2023 के मुकाबले 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बीते वर्ष वैश्विक स्तर पर गोल्ड कॉइन और बार में निवेश करने में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर था।



### पिछली अक्षय तृतीया से सोने ने निवेशकों को दिया बंपर रिटर्न, छह साल में 3 गुना हुआ

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया का पर्व इस साल 30 अप्रैल को पड़ रहा है। इस दिन सोना खरीदना काफी शुभ होता है और माना जाता है कि इससे घर में समृद्धि बढ़ती है। इस कारण से बड़ी संख्या में लोग निवेश के साथ-साथ उपभोग के लिए सोना खरीदते हैं। ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा के मुताबिक, 2024 की अक्षय तृतीया से सोने का भाव 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुका है। बीते वर्ष अक्षय तृतीया पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव 73,240 रुपये था, जो अब बढ़कर 94,000-95,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, बीते छह वर्षों में सोने ने तीन गुना से ज्यादा का रिटर्न दिया है। 2019 की अक्षय तृतीया को 24 कैरेट के सोने का भाव 31,729 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्थिरता के चलते लोग बड़ी संख्या में सोने में निवेश कर रहे हैं, जिसके चलते सोने की कीमतें उच्च स्तर पर बनी हुई हैं।

### ओटीटी ऐप से स्पैम कॉल और मैसेज को रोकने के लिए उठाए गए कदम का टेलीकॉम इंडस्ट्री ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने मंगलवार को ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों से आने वाले स्पैम और स्कैम कॉल के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया। ज्वाइंट कमेटी ऑफ रेगुलेटर्स (जेसीओआर) की हाल ही में हुई बैठक के दौरान सरकार की ओर से बताया गया था कि इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय इस विषय के संदर्भ में फैसले लेगा। इंडस्ट्री इसे एक बहुत जरूरी कदम के रूप में देख रही है, खासकर ऐसे समय में तब जब स्पैम और स्कैम की गतिविधियां तेजी से व्हाट्सएप, सिग्नल और अन्य जैसे ओटीटी कम्यूनिकेशन ऐप पर स्थानांतरित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, दूरसंचार विभाग (डीओटी), दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर पारंपरिक दूरसंचार नेटवर्क पर अनचाहे कमर्शियल कम्यूनिकेशन (यूसीसी) के संबंध में नियमों को कड़ा कर रहा है, वहीं ओटीटी प्लेटफार्मों पर ऐसा नियंत्रण नहीं है। सीओएआई के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की भागीदारी सोच में बदलाव को दर्शाती है, जहां डिजिटल प्लेटफॉर्म को रेगुलेट करने की जिम्मेदारी अब संबंधित मंत्रालयों के पास होगी, न कि इस बोझ को अनुचित रूप से दूरसंचार ऑपरेटरों पर डाला जाएगा।

केयरएज रेटिंग्स की 'स्टेट रैंकिंग 2025' की आई रिपोर्ट

## भारत का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बना 'महाराष्ट्र', दूसरे स्थान पर गुजरात

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में आर्थिक और सामाजिक मापदंडों पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है, जिसके बाद गुजरात और कर्नाटक का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की 'स्टेट रैंकिंग 2025' रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र वित्तीय विकास में शीर्ष पर रहा और राज्य ने आर्थिक, राजकोषीय और सामाजिक स्तंभों में मजबूत प्रदर्शन किया। वहीं, गुजरात लीडिंग इकोनॉमिक रैंक के साथ राजकोषीय और इंफ्रास्ट्रक्चर स्तंभों में अनुकूल परिणामों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। रिपोर्ट के अनुसार, टॉप पांच रैंकिंग में पश्चिमी और दक्षिणी राज्य आगे बने हुए हैं। राजकोषीय, आर्थिक और वित्तीय विकास स्तंभ पश्चिमी राज्यों के लिए मजबूत बिंदु हैं, जबकि दक्षिणी राज्यों ने आर्थिक, वित्तीय विकास, पर्यावरण और शासन स्तंभों में अच्छा प्रदर्शन किया है। वित्तीय विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक, राजकोषीय और आर्थिक स्तंभों के लिए मजबूत स्कोर के साथ गोवा ग्रुप बी (उत्तर-पूर्व, पहाड़ी और छोटे राज्य) में टॉप पर रहा। केयरएज के सीईओ मेहुल पंड्या ने कहा, 'रैंक देने की यह पहल राज्यों की दीर्घकालिक विकास क्षमता को समझने से जुड़ा प्रयास है। साथ ही विकास मॉडल की गुणवत्ता और समावेशिता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे सूचित निर्णय लेने में सुविधा होगी और भारतीय राज्यों में विविधता के अनुरूप मौजूदा नीतियों को बेहतर बनाया जा सकेगा।' रिपोर्ट में सात प्रमुख स्तंभों 'आर्थिक, राजकोषीय, इंफ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण' पर आधारित एक मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी), जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और उद्योगों के लिए सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) में मजबूत प्रदर्शन के कारण गुजरात आर्थिक स्तंभ में शीर्ष पर रहा।




### सार संक्षेप

#### अंबुजा सीमेंट्स ने वित्त वर्ष 25 में कमाया अब तक का सबसे अधिक 5,158 करोड़ का मुनाफा

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप की सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने मंगलवार को नतीजे जारी किए। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 5,158 करोड़ रुपए हो गया है। इसके साथ ही कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़कर 1` मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) हो गई है। इस क्षमता के साथ अंबुजा सीमेंट्स दुनिया की नौवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई है। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 25 में आय सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 35`,45 करोड़ रुपए हो गई है। बीते वित्त वर्ष में कंपनी की एनुअल वॉल्यूम सालाना आधार पर 1` प्रतिशत बढ़कर 65.2 मिलियन टन हो गई है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 1,868 करोड़ रुपए का ईबीआईटीडीए दर्ज किया है। इसमें सालाना आधार पर 1` प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह किसी एक तिमाही में कंपनी द्वारा दर्ज किया गया, अब तक का सबसे अधिक ईबीआईटीडीए है। वहीं, स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का तिमाही में मुनाफा 75 प्रतिशत बढ़कर 929 करोड़ रुपए हो गया है।

#### नथिंग ने लांच किया सीएमएफ फोन 2 प्रो

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने भारतीय बाजार में अपने सीएमएफ ब्रांड के तहत एक नया स्मार्टफोन सीएमएफ फोन 2 प्रो लांच करने की घोषणा की, जिसकी कीमत 16999 रुपए है। कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में कहा कि इस श्रेणी में यह पहला स्मार्टफोन है जिसमें तीन-कैमरा सिस्टम, ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन दिया गया है। नथिंग के लिए यह सबसे पहला स्मार्टफोन है जिसकी मोटाई 7.8 मिलीमीटर और वजन 185 ग्राम है। यह एल्युमिनियम कैमरा सराउंड के साथ एक बॉडी में आता है। सबसे बड़े सेंसर वाले 5 एमपी का मुख्य कैमरा है। इसके साथ ही 5 एमपी का टेलीफ़ोटो लेंस 2एक्स ऑप्टिकल जूम और 2 एक्स अल्ट्रा जूम तक प्रदान करता है।

#### आईआईटी-आईएसएम धनबाद में रिकॉर्ड प्लेसमेंट, 1.26 करोड़ तक का पैकेज मिला


**धनबाद।** आईआईटी-आईएसएम धनबाद के छात्रों को इस वर्ष रिकॉर्ड प्लेसमेंट मिला है। संस्थान के प्लेसमेंट सेल की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल तक 1`,25 छात्रों का कैंपस सेलेक्शन हुआ है। मिनरल्स एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग के छात्र सौरव शक्ति को सबसे अधिक 1.26 करोड़ के सालाना पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। उन्हें यह जॉब अमेजन ने ऑफर किया है। उनकी पोस्टिंग जापान में होगी। बताया गया है कि संस्थान के किसी छात्र को यह अब तक का सबसे बड़ा पैकेज ऑफर है। चार छात्र ऐसे हैं, जिन्हें 6 लाख से अधिक का पैकेज मिला है। कंपनियों ने 48 छात्रों को 51 से 6 लाख तक के पैकेज पर नौकरी ऑफर की है।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई वहीं 90 में टिकाव रहा।

बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा जबकि अन्य में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान सीडी 0.19, ऊर्जा 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.70, आईटी 1.13, कैपिटल गुड्स 0.94, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.60, टेक 0.76 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत उछल गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.22, जर्मनी का डैक्स 0.74, जापान का निक्केई 0.38 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही।




शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 179 अंक की छलांग लगाकर 80,396.92 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,661.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफ़ावसूली से यह दोपहर से पहले 80,122.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,218.37 अंक के मुकाबले 0.09 प्रतिशत बढ़कर 80,288.38 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी भी 42 अंक बढ़कर 24,370.70 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,457.65 अंक के उच्चतम जबकि 24,290.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.50 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत की बढ़त लेकर 24,335.95 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में रिलायंस 2.32, टेक महिंद्रा 2.14, इटरनल 1.72, एचसीएल टेक 1.42, इन्फ़ोसिस 1.03, इंडसइंड बैंक 0.82, टीसीएस 0.81, बजाज फिनसर्व 0.79, अदानी पोर्ट्स 0.37, टाइटन 0.35, भारती एयरटेल 0.33, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.13, मारुति 0.12 और एक्सिस बैंक 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.04, अल्ट्रासिम्को 2.00, पावरग्रिड 1.72, कोटक बैंक 1.09, एनटीपीसी 0.90, एसबीआई 0.84, नेस्ले इंडिया 0.75, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.55, एक्सिस बैंक 0.50, आईटीसी 0.49, टाटा स्टील 0.35, टाटा मोटर्स 0.32, मारुति 0.21, एलटी 0.17 और एशियन पेंट के शेयरों ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

### आरबीआई का बैंक में नकदी डालने का कदम बॉन्ड की कीमतों के लिए सकारात्मक

**मुंबई,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने मई में कुल 1.25 लाख करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड खरीदकर बैंकिंग सिस्टम में अधिक नकदी डालने का फैसला किया है। इस कदम से बॉन्ड की कीमतों में भी तेजी आने की उम्मीद है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बाद विदेशी बैंकों और प्राथमिक डीलरों की बिकवाली के कारण गिर गई थी। सरकारी बॉन्ड खरीदने के लिए आरबीआई का ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) 6 से 19 मई के बीच चार चरणों में होगा। आरबीआई के बयान के अनुसार, मौजूदा और नकदी स्थितियों की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। यह कदम आरबीआई के 1 अप्रैल को 80,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड खरीदने की घोषणा के तुरंत बाद उठाया गया है, जिसके बाद 11 अप्रैल को 40,000 करोड़ रुपए की एक और खरीद की घोषणा की गई। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक लिक्विडिटी और बाजार स्थितियों की निगरानी करना जारी रखेगा और व्यवस्थित लिक्विडिटी की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करेगा। 'बॉन्ड की खरीद' आरबीआई द्वारा सिस्टम में नकदी डालने के लिए हाल ही में उठाए गए कदमों के क्रम में की गई है। मार्च में बैंक ने 50,000-50,000 करोड़ रुपए की दो किस्तों में 1 लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद की थी। केंद्रीय बैंक ने 36 महीनों के लिए 10 बिलियन डॉलर की डॉलर-रुपया खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी भी आयोजित की। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक ने बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर और अपने तटस्थ रुख को बदलकर अकोमोडेटिव बनाकर उधार लेने की लागत कम कर दी। मुद्रास्फीति की दर में कमी आने के कारण आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'सॉफ्ट मनी पॉलिसी' के हिस्से के रूप में ये कदम उठाए गए। वित्तीय विश्लेषकों के अनुसार, ताजा नकदी प्रवाह से नए बेंचमार्क बॉन्ड के लिए बेहतर कीमत मिलने की भी उम्मीद है, जिसकी नीलामी 2 मई को होगी।




## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 30 रिंगिट उतरकर 4010 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट लेकर 50.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।



**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

भारत के जॉब मार्केट के लिए शानदार रहा वित्त वर्ष 2025

## फ्रेशर्स और टेक टैलेंट की जबरदस्त मांग रही

**बेंगलुरु,** 29 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के जॉब मार्केट में जनवरी-मार्च 2025 के बीच 82 प्रतिशत कंपनियों ने सक्रिय रूप से नियुक्तियां कीं, जो कि पिछली तिमाही से 3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। इन-डीड की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, 'वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारतीय नियोक्ताओं ने अपनी टीम का विस्तार करना जारी रखा। यह विस्तार विशेष रूप से टेक्नोलॉजी और फ्रेशर्स रोल से जुड़ा था।' नए स्नातकों की मांग विशेष रूप से अधिक थी, जो सभी नई नियुक्तियों में से आधे से अधिक थी। हायरिंग को लेकर सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट और सेल्स एग्जीक्यूटिव शीर्ष भूमिकाओं के रूप में उभरे। रिपोर्ट में कहा गया कि कंपनियां केवल रिक्तियों को नहीं भर रही हैं, बल्कि वे कल की चुनौतियों का सामना करने के लिए टेक-फॉर्वर्ड टीम का निर्माण कर भविष्य में निवेश कर रही हैं। इन-डीड इंडिया में बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, 'न्यू एज टेक कंपनियों और एआई-साइबर सुरक्षा जैसे इनोवेशन-आधारित सेक्टर से सही प्रोत्साहन के साथ, हमारे पास इस ऊर्जा को प्रभाव में बदलने का एक वास्तविक अवसर है।' उन्होंने कहा कि जॉब मार्केट विकसित हो रहा है और नियोक्ता सतर्क आशावाद के साथ आगे बढ़ रहे हैं।




उन्होंने जोर देकर कहा, 'फ्रेशर्स की भर्ती स्थिर बनी हुई है। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स और एआई जैसे सेक्टर में तकनीकी भूमिकाएं बढ़ती जा रही हैं, कंपनियां इस बारे में अधिक सोच-समझकर काम कर रही हैं कि वे किसे नियुक्त करती हैं और भविष्य के लिए तैयार टीमों का निर्माण कैसे करती हैं।' एआई, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसे उभरते सेक्टर में प्रशिक्षित फ्रेशर्स की मांग में वृद्धि भारत के डिजिटल परिवर्तन पर बढ़ते फोकस को दर्शाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टार्टअप और बड़ी फर्में भविष्य के लिए तैयार टीमों का निर्माण करना चाहती हैं और युवा पेशेवर इस मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। नियोक्ताओं ने 2025 में इस वर्ग को औसतन 3.5 लाख रुपए प्रति वर्ष का शुरुआती वेतन दिया, जो फ्रेशर्स की अपेक्षाओं से काफी मेल खाता है। अधिकांश जॉब ऑफर 3-5 लाख रुपए की रेंज में थे, जो दर्शाता है कि कंपनियां युवा प्रतिभाओं में निवेश करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वास्तव में, 72 प्रतिशत नियोक्ताओं ने कहा कि पिछले साल फ्रेशर्स के वेतन में वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2026 को देखते हुए भर्ती परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नियोक्ता सही कैंडिडेट्स को आकर्षित करने के लिए भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और वर्क कल्चर के बारे में अधिक पारदर्शी हो रहे हैं।

# दिव्यांगजनों को दी जा रही है रेल किराये में विशेष छूट

## बिलासपुर मंडल द्वारा अब तक जारी किए गए 2964 दिव्यांग रेल रियायत पहचान कार्ड - जानिए कैसे उठाएं इसका लाभ

**बिलासपुर** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रेल दिव्यांगजनों को सुलभ, सुरक्षित और किफायती दरों पर यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह के नेतृत्व में बिलासपुर मंडल द्वारा अब तक कुल 2964 दिव्यांग रेल रियायत पहचान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। यह पहल दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें सुलभ, सुरक्षित एवं सस्ती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिलासपुर मंडल में दिव्यांग रेल रियायत पहचान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। इस ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से दिव्यांगजन अपने घर से ही दिव्यांग रियायत कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।



**दिव्यांग रेल रियायत प्रमाणपत्र के प्रारूप में बदलाव**

**अब दृष्टिहीन यात्रियों के लिए अलग प्रारूप**

रेलवे द्वारा दिव्यांगजनों को उनकी विकलांगता की श्रेणी के अनुसार रेल किराए में 25% से लेकर 75% तक छूट प्रदान की जाती है। यह छूट विशेष रूप से दृष्टिहीन, मानसिक रूप से अस्वस्थ, श्रवण एवं वाणी बाधित तथा ऑर्थोपेडिकली हैंडिकैप्ड यात्रियों के लिए लागू है। पूर्व में इन चारों श्रेणियों के लिए रेलवे रियायत प्रमाणपत्र हेतु एक ही प्रारूप (फॉर्म) का उपयोग होता था। परन्तु वर्ष 2025 से रेलवे ने दृष्टिहीन यात्रियों के लिए अलग प्रारूप (एनेक्सचर-1) तथा मानसिक रूप से अस्वस्थ, श्रवण एवं वाणी बाधित तथा ऑर्थोपेडिकली हैंडिकैप्ड यात्रियों के लिए अलग प्रारूप (एनेक्सचर-2) जारी किया है। अब दृष्टिहीनता की 90त्न या उससे अधिक स्तर पर भी रियायत का प्रावधान किया गया है, जो दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत है।

महत्वपूर्ण यह भी है कि यदि दिव्यांग यात्री के साथ एक सहयोगी (एस्कॉर्ट) यात्रा करता है, तो उसे भी समान रियायत का प्रावधान है। जारी किए गए रियायत कार्ड की जानकारी रेलवे के सॉफ्टवेयर में अपडेट कर दी जाती है, जिससे टिकट बुकिंग के समय कार्ड की फोटो कॉपी प्रस्तुत कर आसानी से छूट का लाभ लिया जा सकता है। यह सुविधा ई-टिकट बुकिंग पर भी उपलब्ध है।

**दिव्यांग रियायत कार्ड बनवाने की प्रक्रिया**

अब दिव्यांगजन आसानी से ऑनलाइन माध्यम से रेल रियायत पहचान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए रेलवे की वेबसाइट https://divyangjanid.indianrail.gov.in पर लॉगइन कर स्वयं को पंजीकृत करें।

आवश्यक दस्तावेज- जिला चिकित्सा अस्पताल द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाणपत्र (मेडिकल बोर्ड सर्टिफिकेट), रेलवे रियायत प्रमाण पत्र जो कि बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सरकारी अस्पताल से जारी किया गया हो, जिसमें यह उल्लेख हो कि यात्री बिना सहायक (एस्कॉर्ट) के यात्रा करने में असमर्थ है।, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट साइज फोटो

इन दस्तावेजों को भारतीय रेलवे की वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। सत्यापन के बाद कार्ड जारी कर दिया जाता है और आवेदक को इसकी जानकारी स्स्ब्- के माध्यम से दी जाती है। आवेदन करते समय सभी जानकारी सही-सही भरना अत्यंत आवश्यक है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया, (हमारा प्रयास है कि दिव्यांगजनों को सहज, पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के माध्यम से रेलवे की सुविधाओं का लाभ मिले। रेल रियायत पहचान कार्ड बनने की प्रक्रिया को सरल बनाकर हम उनकी यात्रा को और अधिक सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक दिव्यांगजन स्वयं को समाज की मुख्यधारा से जुड़ा हुआ महसूस करें।) दिव्यांग रियायत कार्ड से संबंधित जानकारी या सहायता के लिए यात्री बिलासपुर मंडल यात्री हेल्पलाइन नंबर 9630015345 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कैंसर पीड़ित महिला को एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराने पर पीड़ित परिवार को तीन लाख मुआवजा देने हाईकोर्ट का आदेश

### रेलवे को एक लाख व दो लाख रुपए सरकार को देना होगा

**बिलासपुर**,(देशबंधु)। रेलवे स्टेशन में कैंसर पीडित महिला को एम्बुलेंस नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने पीडित परिवार को 3 लाख मुआवजा दिये जाने का निर्देश दिया है। इसमें एक लाख रेलवे और 2 लाख रूपये राज्य शासन प्रदान करेगा। बुढार मप्र की रहने वाली इस महिला की मौत हो गई थी।

पिछले माह रायपुर से बिलासपुर आकर यहां से बुढार जाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही एक कैंसर पीड़ित महिला रानी बाई की मौत हो गई थी ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर शव को उतारकर कुली की मदद से उन्हें स्ट्रेचर से गेट नंबर एक के बाहर तक लाया गया, वहां पर एम्बुलेंस का ड्राइवर गायब था थोड़ी देर बाद वह आया, लेकिन बॉडी ले जाने से मना कर दिया। महिला के परिजनों के परिचितों के जरिए दूसरे एंबुलेंस का इंतजाम किया और वहां से एक घंटे बाद रवाना हो गए। उन्हें बिलासपुर से शाम वाली ट्रेन पकड़कर बुढ़ार जाना था। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने इस पर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताकर कहा था कि, राज्य सरकार की मुफ्त की योजनाएं हैं फिर भी लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को हलफनामा पेश करने कहा हाईकोर्ट ने दंतेवाड़ा में एम्बुलेंस नहीं मिलने से मरीज की मौत और बिलासपुर रेलवे स्टेशन में कैंसर पीड़ित महिला का शव ले जाने एम्बुलेंस सुविधा नहीं मिलने को इन दोनों पर एक साथ सुनवाई शुरू की जरूरत में कोई सहायता नहीं उपलब्ध कराई।



इससे पहले हाईकोर्ट ने शासन से पुछा था कि, केंसर पीड़ित महिला के परिजनों को कोई मुआवजा दिया जा रहा है या नहीं बिलासपुर रेलवे के जीएम से इस बारे में शपथपत्र पेश कर जवाब देने को कहा गया था आज सोमवार को चीफ जस्टिस व जस्टिस अरविन्द वर्मा की डिवीजन बेंच में सुनवाई और बहस के बाद कोर्ट ने कहा कि, पीड़ित परिवार को जरूरत के समय कोई सहायता नहीं उपलब्ध कराई गई आज उन्हें तीन लाख रूपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि इसमें अपनी लापरवाही के लिये एक लाख रेलवे को भुगतान करने होंगे साथ ही साथ 2 लाख का भुगतान राज्य शासन करेगा।

# नरेश टिकैत पर मुकदमा दर्ज करने भाजपा किसान मोर्चा ने की मांग

**बिलासपुर,**(देशबंधु) पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद देश की विपक्षी पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार विवादित बयान देने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है पिछले दिनों किसान नेता नरेश टिकैत ने पाकिस्तान के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा की गई कार्यवाही को गलत ठहराया है नरेश टिकैत ने केंद्र सरकार द्वारा सिन्धु नदी जल समझौता को रद्द किए जाने की आलोचना करते हुए पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति जताई है टिकैत के इस विवादित बयान की भारतीय जनता किसान मोर्चा ने भर्त्सना कर उनके खिलाफ देश द्रोह का मुकदमा चलाने की अपील की है।



आज जिला बिलासपुर के भाजपा किसान मोर्चा के सदस्यों ने जिला दंडाधिकारी के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने नरेश टिकैत पर कठोर कार्यवाही करने की जिला प्रशासन से मांग की किसान नेता राकेश तिवारी ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की क्रूरता पूर्वक हत्या कर दी गई इसका बदला लेने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी सिन्धु जल समझौते को रद्द कर दिया है अभी देश ही नहीं अपितु पूरा विश्व समुदाय भारत के साथ खड़ा हुआ है ऐसे में स्वघोषित किसान नेता नरेश टिकैत पाकिस्तान परस्त बयान देकर देश की 140 करोड़ जनता की भावना को ठेस पहुंचाया है साथ ही राष्ट्र की संप्रभुता एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार किया है।

उन्होंने नरेश टिकैत पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए सार्वजानिक रूप से माफी मंगवाने की वकालत की है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर किसान मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी राकेश तिवारी दीपक साहू प्रशांत कश्यप अमित तिवारी नितिन छाबड़ा देवेंद्र पाठक सुमित्रा रावत युवंश पाठक साहिल जयसवाल, जयेश तिवारी,अमर दीवान ,अमन सलूजा, अमन ताम्रकार ,नितिन श्रीवास, सागर ठाकुर, नैतिक परिहार ,मयंक ठाकुर ,आशीष दुबे, आदित्य सिंह ठाकुर, राहुल सिंह ठाकुर ,देवाशीष दत्त, अनिल सिंह चौहान सहित किसान मोर्चा के सदस्य उपस्थित रहे।

# पी एम आवास निर्माण के मामले में पूरे छत्तीसगढ़ में रायगढ़ ने बाजी मारी

**रायगढ़**। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत रायगढ़ जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल प्रदर्शन करते हुए एक मिसाल कायम की है। आवास निर्माण के क्षेत्र में रायगढ़ प्रदेश का नंबर एक जिला बन गया है। वर्ष 2024-25 में जिले को मिले 60,609 आवासों के लक्ष्य में से अब तक 52,307 आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है, और इनमें से 14,541 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो पूरे राज्य में सर्वाधिक है। इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन की रणनीतिक योजना, फील्ड विजिट और सतत समीक्षा की अहम भूमिका रही। प्रशासन ने मिशन मोड में काम करते हुए जिला और जनपद स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के लिए भेजा। इन निरीक्षणों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिदिन समीक्षा की गई।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब खात्मे की ओर बढ़ रहा -तोखन साहू

**बिलासपुर**,(देशबंधु)। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खात्मे की ओर है, लेकिन कुछ नेता और दल माओवाद को सपोर्ट करने में लगे हैं। तेलंगाना की एक पार्टी ऑपरेशन रोकने की अपील कर रही है। लेकिन केंद्रीय अमित शाह ने टारगेट तय कर दिया ऑपरेशन रुकेगा नहीं। मार्च 2026 तक पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त होगा। सरकार और जवान नक्सलियों के सामने शक्ति से कार्रवाई कर रहे हैं।



**कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर केंद्रीय राज्य मंत्री का हमला**

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की हत्या की है। भाई भतीजा वाद करने वाले संविधान की बात क्या करेंगे। प्रदेश में प्रदर्शन करने भ्रमित करने कांग्रेस पार्टी आती है। कांग्रेस के सिर्फ नेताओं की सक्रियता सिर्फ प्रदर्शन करने के लिए दिखती है। कांग्रेस के मन में सेवा भाव नहीं है।

बता दें कि तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा करेंगुट्टा की पहाड़ियों ने बड़ी संख्या में जवानों ने डेरा डाला हुआ है। हेलीकॉप्टर से इलाके की निगरानी रखी जा रही है। यहां नक्सलियों के बड़े लीडरों के होने की आशंका है। जिसके मद्देनजर फ़ोर्स ने भी पूरी तैयारी के साथ घेराबंदी कर ली है। फिलहाल तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिन पर 8-8 लाख का इनाम घोषित था।

**NECC**

| 30.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 421 | 68 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 180 |
| डिलीवरी | 436 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771